दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 23 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 204 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत से पंगा लेकर वे कुल्हाड़ी में अपना पांव मार देंगे। भारत के कठोर रूख को देख कर जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिका से गुहार लगाई लेकिन जो बाइडेन ने उन्हें टका सा जवाब देकर टकरा दिया। आज की तारिख में भारत की ताकत कितनी बड़ चुकी है इसका अब जस्टिन ट्रूडो को अंदाजा लग गया होगा। उन्हें यह बात भी याद रखनी चाहिए कि भारत किसी को कभी छेड़ता नहीं लेकिन कोई उसे छेड़े तो फिर भारत उसे छोड़ता नहीं। पाकिस्तान की तरह कनाडा का भी कबाड़ा होना अब तय है।

बीजेपी सांसद की असंसदीय भाषा से गूंजा सदन, वीडियो वायरल

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में गुरुवार 21 सितंबर को चंद्रयान पर चर्चा के दौरान दिल्ली से बीजेपी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा से बीएसपी सांसद कुंवर दानिश अली को गालियां दीं और अभद्र व्यवहार किया। हालांकि, सदन की कार्यवाही से बिधूड़ी के अपशब्दों को हटा दिया गया है। जब रमेश बिधूड़ी ये सब बोल रहे थे, तब अध्यक्ष की आसंदी पर कोडिकुन्नील सुरेश बैठे थे। उन्होंने बिधूड़ी से बैठने को कहा, लेकिन वे चुप नहीं हुए। बिधूड़ी के इस दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने बिधूड़ी को चेतावनी दी है कि सदन में ऐसा व्यवहार दोबारा होने पर कड़ी कार्रवाई होगी। भाजपा ने

भी रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आपत्तिजनक टिप्पणी के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सदन में खेद जताया था। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल बिधूड़ी के सदन से निलंबन की मांग कर रही है। उधर, बीएसपी के सांसद दानिश अली ने कहा है कि मैंने लोकसभा स्पीकर को चिट्‌ठी लिखकर मामले को प्रिविलेज कमेटी में भेजने की मांग की है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी सांसद के इस व्यवहार पर किसने क्या कहा...

अगर उन्होंने केवल आतंकवादी कहा होता तो हमें इसकी आदत है। उन शब्दों को पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए कहा गया। भाजपा से जुड़े मुस्लिम इसे कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं? इससे पता चलता है कि वे हमारे बारे में क्या सोचते हैं? उन्हें शर्म आनी चाहिए।

– **उमर अब्दुल्ला**
नेशनल कॉन्फ्रेंस

बीजेपी सांसद ने जो कहा है वह निंदनीय है। रक्षामंत्री की माफी नाकाफी, है। सदन के अंदर या बाहर ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यह रमेश बिधूड़ी नहीं, बल्कि भाजपा पार्टी की सोच है। हमारी मांग है कि रमेश की सदस्यता रद्द की जानी चाहिए।

– **जयराम रमेश**
कांग्रेस संचार प्रमुख

बीजेपी गुंडागर्दी कर रही है। बिधूड़ी की भाषा एक गुंडे, माफिया की भाषा है। दानिश अली का अपमान सभी विपक्षी सांसदों का अपमान है। मणिपुर का मुद्दा उठाने पर मुझे निलंबित किया था, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

– **संजय सिंह,** सांसद आप

मुसलमानों, ओबीसी को गाली देना भाजपा की संस्कृति है। कइयों को अब इसमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। पीएम मोदी ने भारतीय मुसलमानों को अपनी ही धरती पर डरकर जीने पर मजबूर कर दिया है।

– **महुआ मोइत्रा,** टीएमसी

मुझे भरोसा है बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। संभावना है उन्हें भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बना दिया जाए। आज भारत में मुसलमानों के साथ वैसा ही सलूक हो रहा है, जैसा हिटलर के जर्मनी में यहूदियों के साथ किया जाता था।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
सांसद एआईएमआईएम

दानिश अली के खिलाफ सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी को स्पीकर ने रिकार्ड से हटाकर उन्हें चेतावनी भी दी है। वरिष्ठ मंत्री ने सदन में माफी मांगी है, लेकिन पार्टी ने उन पर कार्रवाई नहीं की, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

– **मायावती,** बीएसपी सुप्रीमो

मोहम्मद शमी ने खोला 'पंजा'

मोहाली/नवप्रदेश। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मोहली में तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार को खेला गया। जिसमें भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को मोहम्मद शमी की घातक गेंदबाजी के दम पर 50 ओवर 276 रनों के कुल स्कोर पर समेट दिया है। शमी ने भारतीय टीम के लिए 10 ओवर में 51 रन देकर 5 विकेट चटकाए वहीं जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा ने एक-एक विकेट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वॉर्नर ने सबसे ज्यादा 53 गेंदों पर 52 रन बनाए।

सीएम हाउस में मायके का दुलार पाकर गदगद हुईं महिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के पारम्परिक त्यौहार तीजा पोरा और राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन सीएम हाउस में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। यहां महिलाएं मायका का प्यार पाकर खुशी से गदगद हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर महिलाओं से रू-ब-रू होते हुए कहा कि तीजा-पोरा माताओं-बहनों की खुशियों और छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण पारम्परिक त्यौहार है। सीएम के साथ उनकी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल सहित परिवार के लोग शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार

द्वारा महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं का जिक्र करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने लाभान्वित महिला हितग्राहियों सरिता साहू, ज्योति मिथलेश, शांति चंद्रा, रेखा साहू, जयंती तथा उर्वशी वर्मा आदि ने भी अपना अनुभव साझा किया और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। सीएम ने कहा कि समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। छत्तीसगढ़ में हम शुरूआत से ही महिलाओं के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। इस कड़ी में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से संपन्न बनाने के लिए हर संभव पहल की जा रही है और इसके लिए कई नई-नई योजनाएं बनाकर कार्यक्रमों का संचालन बखूबी किया जा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चलती स्कूल वैन में लगी आग, 1 छात्रा झुलसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में शुक्रवार सुबह चलती स्कूली वैन में आग लग गई, जिससे वैन में सवार एक छात्रा गंभीर रूप से झुलस गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वैन में सात बच्चे सवार थे, सभी को बाहर निकालकर ड्राइवर फरार हो गया। घटना तखतपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे ये वैन 7 बच्चों को स्वामी आत्मानंद स्कूल लेकर जा रही थी। तभी तखतपुर मेन रोड में चलती वैन में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी और बच्चों को बाहर निकालने लगा। हालांकि इस दौरान 14 साल की बच्ची आराध्या केशरवानी गंभीर रूप से झुलस गई। वैन में आग देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने झुलसी बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, बाकी के बच्चे अपने-अपने घर चले गए। इस घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आराध्या के पिता अतुल केशरवानी पटवारी हैं, उन्हें आसपास के लोगों ने वैन में आग लगने से आराध्या के झुलसने की जानकारी दी। खबर मिलते ही घबराए अतुल और परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। बच्ची की हालत देखने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली।

भारत-अमेरिका की दोस्ती से चिढ़ा पाक, उगल रहा जहर; किया ट्रूडो का सपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। भारत का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान अपनी पुरानी आदतों से लाचार है। पाकिस्तान अब भारत-कनाडा विवाद में कूद पड़ा है। अपने हालिया बयान में पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर ने भारत के खिलाफ यूएन में जहर उगला है। अपनी ओछी मंशा को दर्शाते हुए पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को भारत के हिंदुत्व विचारधारा से जोड़ा है। यूएन के मंच पर जाकर अब पाकिस्तान भी वही राग अलाप रहा है, जैसा कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो अपने देश में कर रहे हैं।

हिंदुत्व पर निकाली भड़ास

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने इस प्रकरण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के हिंदू राष्ट्रवाद या हिंदुत्व की विचारधारा से जोड़ा। संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के दौरान न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स में काकर ने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए निज्जर की हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण है।

पाकिस्तान की बौखलाहट

जी20 के सफल आयोजन के बाद दुनिया भर में हो रही भारत की तारीफ से पाकिस्तान परेशानी में है। उसे चिंता है कि वैश्विक मंचों पर कश्मीर के मुद्दे को लेकर उसे अलग-थलग न कर दिया जाए, इसलिए, पाकिस्तान भारत के खिलाफ जहर उगलने का कभी मौका नहीं छोड़ रहा है। अब पाकिस्तान ने खालिस्तान मसले पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो का सपोर्ट किया।

पाकिस्तानी पीएम की भारत और अमेरिका की दोस्ती पर बौखलाहट साफ देखी है। काकर ने निज्जर की हत्या को अमेरिका समेत पूरी दुनिया के लिए चिंता की बात बताई। बता दें पाकिस्तान को भारत और अमेरिका की दोस्ती से खास परेशानी हो रही है क्योंकि दोनों देशों के साथ आने से उसके खास दोस्त चीन की दादागिरी कम हो जाएगी।

न्यूज गैलरी

मुथालिक पर नफरती भाषण का मामला दर्ज

हुबली (वार्ता)। कर्नाटक में श्रीराम सेना के संस्थापक प्रमोद मुथालिक पर दूसरे धर्मों के लोगों के खिलाफ कथित नफरत भरे भाषण के लिए मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुथालिक पर हुबली उपनगर पुलिस स्टेशन में भादस की धारा 153 (ए) के तहत धर्म, नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और 295 (ए) के तहत जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों के लिए धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में शिकायत नगर निगम के सहायक आयुक्त चन्द्रशेखर गौड़ा ने दर्ज करायी है। हुबली ईदगाह मैदान में गणेश प्रतिमा की स्थापना का विरोध करने पर मुथालिक ने अंजुमन-ए-इस्लामी पर निशाना साधा था। अदालत में धार्मिक संस्था अंजुमन-ए-इस्लाम ने ईदगाह मैदान में गणेश प्रतिमा की स्थापना का विरोध किया था। हालांकि, अदालत ने याचिका रद्द कर दी। नगर निकाय ने ईदगाह मैदान में तीन दिनों तक गणेश उत्सव मनाने की अनुमति दी थी।

राजस्थान में मिनी इजराइल की संकल्पना हो रही साकार-उषा

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा है कि इजरायल से प्रेरणा लेकर राज्य में मिनी इजराइल की संकल्पना को साकार किया जा रहा है जिससे उन्नत तकनीकों से किसानों को लाभ मिल रहा है। श्रीमती शर्मा ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में इजरायली राजदूत नाओर गिलोन के उनसे शिष्टाचार भेंट के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने श्री गिलोन से प्रदेश के कृषि क्षेत्र की नई तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान और इजरायल की एक समान जलवायु होने के कारण कृषि तकनीकों में भी कई समानताएं हैं। इजरायल से प्रेरणा लेकर राज्य में मिनी इजराइल की संकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिसके तहत कृषि की उन्नत तकनीकों का उपयोग कर कृषकों द्वारा अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। श्री गिलोन ने प्रदेश के मिनी इजराइल एवं अन्य नवाचारों की सराहना की और इजराइल में माइक्रो इरिगेशन के क्षेत्र में हो रहे विकास के सम्बन्ध में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने राज्य में जल संरक्षण के विषय में भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर कृषि एवं उद्यानिकी शासन सचिव डॉ.पृथ्वी ने गिलोन से प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के संबंध में इजराइल के सहयोग को लेकर विचार-विमर्श किया।

महोबा: खेत में पड़ी मिली किसान की लाश

महोबा (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के महोबकंठ क्षेत्र में शुक्रवार को संदिग्ध तरीके से मृत एक किसान का शव उसके खेत पर पड़ा बरामद किया गया। कुलपहाड़ की उप पुलिस अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि दुलारा गांव के निवासी हरप्रसाद से मिली सूचना पर पुलिस ने उसके 42 वर्षीय पिता कुट्टू का शव खेत में स्थित झोपड़ी में पड़ा हुआ बरामद किया। किसान हर रोज की तरह कल रात भी फसल की रखवाली के लिए खेत पर सोने को गया था। सुबह पिता के लिए खाना लेकर पहुंचे हरप्रसाद ने कुट्टू को मृत पड़ा हुआ देखा तो वह सन्न रह गया। किसान की मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया तो ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तो वह भी हक्का-बक्का रह गए। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि किसान की मौत की खबर मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच उसके शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के शरीर में मौके पर किसी प्रकार के चोट आदि का कोई निशान न मिलने से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने किसान कुट्टू की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और अपनी जांच पड़ताल शुरू की है।

यात्री ने की इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश, लटकी सांसें

अगरतला (वार्ता)। गुवाहाटी-अगरतला इंडिगो विमान के यात्रियों में उस वक्त भय व्याप्त हो गया जब एक यात्री ने उड़ान के दौरान विमान का आपातकालीन द्वार खोलने की कोशिश की। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बृहस्पतिवार को बताया कि व्यक्ति की पहचान पश्चिम त्रिपुरा के जिरानिया निवासी बिस्वजीत देबथ (41) के रूप में हुई। उसे विमान उतरने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया, ''बृहस्पतिवार को दोपहर में करीब एक बजे एक यात्री अमर्यादित व्यवहार करने लगा। संभवतः वह नशे में था। उसने बीच हवा में आपातकालीन द्वार खोलने का प्रयास किया। अन्य यात्रियों ने तत्काल उसे रोका। विमान अगरतला में सुरक्षित उतरा।'' उन्होंने कहा कि घटना उस वक्त हुई जब विमान यहां महाराजा बीर बिक्रम हवाई अड्डे की हवाई पट्टी से 15 मील दूर उड़ान भर रहा था। सहायक महानिरीक्षक (एआईजी), कानून व्यवस्था ज्योतिष्मान दास चौधरी ने कहा कि अन्य लोगों का जीवन खतरे में डालने की कोशिश करने के आरोप में यात्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए यात्री से पूछताछ की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

नई वंदे भारत सिर्फ साढ़े 7 घंटे में 610 किलोमीटर का करेगी सफर तय

नई दिल्ली। आने वाले दिनों में कई राज्यों को नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। इसी तरह बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच भी एक वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की जा रही है, जिसने अपने ट्रायल रन के दौरान कमाल कर दिया। ट्रेन ने 610 किलोमीटर की दूरी महज साढ़े सात घंटे में पूरी कर ली। ट्रेन सुबह 5.30 बजे काचीगुडा से रवाना हुई और दोपहर करीब 1.15 बजे बेंगलुरु के यशवंतपुर स्टेशन पहुंची। वापसी में, यह दोपहर 2 बजे के आसपास बेंगलुरु से रवाना हुई। आठ कारों वाली यह ट्रेन 530 यात्रियों को ले जा सकती है, जिसमें नियमित कोचों में 390, एक्जीक्यूटिव चेयर्स में 52 और मोटर कारों में 88 यात्री शामिल हैं।

'टाइम्स ऑफ इंडिया' के अनुसार बेंगलुरु डिवीजन के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक कुसुमा हरिप्रसाद ने कहा कि ट्रायल रन सफल रहा। कुछ हिस्सों पर ट्रेन 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी। 24 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई वंदे भारत का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। यह ट्रेन सुबह 5.30 बजे हैदराबाद के काचीगुडा से रवाना होगी और दोपहर 2 बजे के आसपास यशवंतपुर पहुंचेगी।

कनाडा से तनाव के बीच सरकार की चैनलों को सलाह

डिबेट में देश के दुश्मनों को न बुलाएं

नई दिल्ली (ए.)। कनाडा के साथ चल रहे राजनयिक विवाद के बीच सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया प्लेटफर्मों के लिए एक सख्त रिमाइंडर जारी किया है। सरकार ने टीवी चैनलों से देश के दुश्मनों को डिबेट में न बुलाने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में ऐसे व्यक्ति को टीवी पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था जिस पर अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं।

गुरुवार को जारी नोटिफिकेशन में कहा गया, मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि विदेश के एक व्यक्ति को टेलीविजन चैनल पर चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया था। उस व्यक्ति के खिलाफ आतंकवाद सहित अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं और भारत में कानून द्वारा

प्रतिबंधित संगठन से जुड़ा है। उक्त व्यक्ति ने कई टिप्पणियां कीं जो देश की संप्रभुता/अखंडता, भारत की सुरक्षा, एक विदेशी देश के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए हानिकारक थीं। उनमें देश में सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने की भी संभावना थी।

एक अधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि टेलीविजन चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे पृष्ठभूमि के व्यक्तियों को उनके एजेंडे के लिए कोई भी मंच देने से बचें। इनमें वे लोग भी शामिल है जिनके खिलाफ गंभीर अपराध/आतंकवाद के आरोप हैं। इसमें कहा गया, हालांकि सरकार मीडिया की स्वतंत्रता को कायम रखती है और संविधान के तहत उसके अधिकारों का सम्मान करती है, लेकिन टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित कंटेंट को सीटीएन अधिनियम, 1995 के प्रावधानों का पालन करना चाहिए, जिसमें धारा 20 की उपधारा (2) भी शामिल है।

सरकार का ये रिमाइंडर ऐसे समय में है जब भारत और कनाडा के बीच खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कूटनीतिक विवाद चल रहा है। जून में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद यह विवाद उत्पन्न हुआ। भारत ने मंगलवार को इन आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया था और इस मामले में कनाडा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित किए जाने के बदले में कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित कर दिया था।

भारत ने बुधवार को और कड़ा रुख अपनाते हुए कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और राजनीतिक रूप से समर्थित घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए वहां रह रहे अपने नागरिकों और वहां की यात्रा का विचार कर रहे अपने नागरिकों को ''अत्यधिक सावधानी'' बरतने का परामर्श जारी किया।

आपसी विवाद में युवक ने की चचेरे भाई की हत्या

बाराबंकी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर कोतवाली क्षेत्र में जमीन के विवाद में हुई कहासुनी के दौरान युवक ने अपने चचेरे भाई को लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रामनगर कोतवाली क्षेत्र के गौराचक गांव निवासी चंद्रपाल वर्मा व मंशाराम वर्मा सगे भाई हैं। ग्रामीणों के अनुसार मंशाराम के पुत्र हरिओम व चंद्रपाल के इकलौते पुत्र रितेश वर्मा उर्फ रिंकू (35) के बीच खेती की जमीन को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। बीती रात हरिओम ने शराब पी और छोटे चचेरे भाई रिंकू को गाली दे रहा था। रिंकू के घर के सामने ही दोनों में हाथापाई भी हुई। इसी वक्त हरिओम घर से अपनी लाइसेंसी बंदूक उठा लाया और रितेश को गोली मार दी। गोली कनपटी पर लगते ही रितेश

सऊदी अरब का भारत को झटका

ओआईसी मीट में कश्मीर के मुस्लिमों पर दिया विवादित बयान

नई दिल्ली। इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉपरेशन की न्यूयॉर्क में आयोजित बैठक में सऊदी अरब ने जम्मू कश्मीर के मुस्लिमों पर बयान देकर भारत को बड़ा झटका दिया है। सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान बिन अब्दुल्ला ने जम्मू और कश्मीर की मुस्लिम आबादी को अपना समर्थन जताते हुए कहा कि वह भारतीय राज्य में मुस्लिमों की इस्लामी पहचान बनाए रखने और उनकी गरिमा को बनाए रखने में उनके साथ खड़ा है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की 78वीं बैठक से हटकर न्यूयॉर्क में इस्लामिक संगठन ओआईसी द्वारा आयोजित जम्मू और कश्मीर के संपर्क समूह की एक बैठक में प्रिंस फैसल बिन फरहान बिन

अब्दुल्ला ने क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और अशांति के कारण पीड़ितों के लिए सऊदी अरब का समर्थन दोहराया। अधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी ने इसकी सूचना दी है।

सऊदी अरब ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे को क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए गंभीर चुनौती बताया है। सऊदी अरब ने चेतावनी के लहजे में कहा है कि अगर इस मुद्दे को नहीं सुलझाया गया तो इस क्षेत्र में और अस्थिरता बढ़ेगी। सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने कहा कि उनका देश इस क्षेत्र में किसी भी संघर्ष को बढ़ने से रोकने और अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के अनुसार शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने के लिए संबंधित पक्षों के बीच मध्यस्थता प्रयासों में लगा हुआ है। तुर्की ने भी इस मुद्दे पर सऊदी अरब की हां में हां मिलाया है।

कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से एक विवादित मुद्दा रहा है और भारत इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के खिलाफ रहा है। 1947 में भारत और पाकिस्तान के विभाजन के बाद से इस क्षेत्र में हिंसक घटनाएं होती रही हैं। 1989 के बाद इस क्षेत्र में हिंसक घटनाओं में और तेजी आई है, जब से अलगाववादियों को पाक ने समर्थन देना शुरू किया है। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक बड़े भू-भाग को भी अपने कब्जे में कर रखा है और वैश्विक मंच पर आरोप लगाता रहा है कि भारत मुस्लिमों पर कहर ढाता है। भारत इसका सभी मंचों पर डटकर विरोध करता रहा है।

चंद्रयान-3: प्रज्ञान और विक्रम को आज जगाएंगे नींद से

अब इस दिन होगी जगाने की कोशिश

नई दिल्ली/नवप्रदेश। चंद्रयान-3 के लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' को आज जगाने का कार्यक्रम एक दिन के लिए टाल दिया गया है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के निदेशक नीलेश देसाई ने शुक्रवार को कहा कि चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को शुक्रवार शाम को फिर से एक्टिवेट किया जाना था, लेकिन अब इसे कई कारणों से शनिवार के लिए स्थगित कर दिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, देसाई ने कहा, ''पहले हमने 22 सितंबर की शाम को रोवर और लैंडर को फिर से एक्टिवेट करने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ कारणों से अब हम इसे कल 23 सितंबर को करेंगे। हमारी योजना लैंडर और रोवर को स्लीप मोड से निकालकर फिर से एक्टिवेट करने की है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा पर सुबह होने के साथ ही चंद्र मिशन 'चंद्रयान-3' के सौर ऊर्जा से संचालित लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान' के साथ संपर्क स्थापित कर इन्हें फिर से सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है ताकि वे वैज्ञानिक प्रयासों को जारी रख सकें। चंद्रमा पर रात होने से पहले, लैंडर और रोवर दोनों इस महीने के शुरुआत में क्रमशः चार और दो सितंबर को स्लीप मोड में चले गये थे। इसरो यदि चंद्रमा पर सूर्योदय होते ही लैंडर और रोवर को फिर से सक्रिय कर देता है तो चंद्रयान-3 के पेलोड द्वारा एक बार फिर से प्रयोग किए जा सकेंगे।

हमारा काम भारत की सेना को चलाना नहीं है: सुको

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने सेना में सेवा से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि उसका काम सेना का संचालन करना नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सेना में इकाइयों की कमान दिए जाने में महिला अधिकारियों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया गया था

नितीशा बनाम भारत संघ के मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष

न्यायालय ने कहा कि वह सेना नहीं चला सकती, लेकिन सेना से जुड़े किसी भी मामले में तभी हस्तक्षेप कर सकती है, जब उस केस में कानून के सिद्धांत शामिल होंगे।

देश की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने बताया कि सेना में पुरुष कनिष्ठ अधिकारी इकाइयों की कमान संभाल रहे हैं, लेकिन महिला कर्नलों को केवल कंपनियों की कमान दी जा रही है। उन कंपनियों का प्रबंधन भी कर्नल रैंक से नीचे के पुरुष अधिकारी करते हैं। अरोड़ा ने कहा कि यह स्थिति महिला अफसरों का घोर अपमान है।

भगोड़ा नीरव मोदी लंदन की प्राइवेट जेल में शिफ्ट

लंदन (ए.)। भारत में वांछित और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की सबसे बड़ी और सबसे भीड़भाड़ वाली जेलों में से एक से लंदन में एक निजी तौर पर संचालित जेल में स्थानांतरित किया गया है। नीरव भारत में धोखाधड़ी और धन शोधन के मामलों में वांछित है। बृहस्पतिवार को यह जानकारी मिली। नीरव (52) को असफल प्रत्यर्पण अपील कार्यवाही के संबंध में लंदन में उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए 150,247.00 पाउंड के जुर्माने के संबंध में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए पेश होना था।

हालांकि, मामले को अंतिम

क्षण में नवंबर तक के लिए स्थगित करना पड़ा क्योंकि पूर्वी लंदन में बार्किंगसाइड मजिस्ट्रेट अदालत में नीरव को तकनीकी कारणों से वीडियो लिंक से पेश नहीं किया जा सका। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, ''उसे आंतरिक स्थानांतरण के तहत एचएमपी (हिज मैजेस्टी प्रिजन) वैंड्सवर्थ से एचएमपी टेम्ससाइड में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बारे में अदालत को आज तक जानकारी नहीं थी।''

दरअसल, वैंड्सवर्थ जेल से एक संदिग्ध आतंकवादी फरार हो गया था जिसके बाद उसकी तलाशी के लिए अभियान शुरू किया गया था। इस घटना के बाद नीरव को स्थानांतरित करने की सूचना मिली है। डेनियल खलीफ को बाद में पकड़ कर जेल में बंद कर दिया गया है। ब्रिटेन के न्याय मंत्री एलेक्स चैक ने इस महीने के शुरू में मीडिया से कहा था कि सुरक्षा में चूक के बाद जेल से 40 कैदियों को स्थानांतरित किया गया।

जी-20 समिट पर भी पड़ी थी खालिस्तान की छाया

नई दिल्ली (ए.)। खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हुई हत्या से पैदा हुए तनाव की छाया से जी-20 समिट भी अछूता नहीं रहा था। ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में जी-20 समिट के दौरान जो बाइडेन और कुछ अन्य नेताओं ने सिख कट्टरपंथी की हत्या का मामला पीएम नरेंद्र मोदी से उठाया था। इंटेलिजेंस शेयरिंग नेटवर्क 'फाइव आइज' में शामिल कई अन्य देशों के नेताओं ने भी इस मुद्दे की चर्चा की थी। अखबार ने समिट में शामिल रहे तीन लोगों के हवाले से यह दावा किया है। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी जी-20 समिट के दौरान कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात में खालिस्तानी तत्वों की सक्रियता का मसला उठाया था।

उन्होंने कहा था कि कनाडा में भारत विरोधी तत्वों की गतिविधियों को स्वीकार नहीं किया जा सकता और उन पर लगाम कसने की जरूरत है। ब्रिटिश अखबार का कहना है कि कनाडा ने 'फाइव आइज' के देशों से अपील की थी कि वे हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मसले को सीधे पीएम नरेंद्र मोदी से उठाएं। 'फाइव आइज' देशों में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड शामिल हैं। इस संगठन के देशों के बीच

बाइडेन ने मोदी के सामने रखा था मामला: रिपोर्ट

खुफिया जानकारी को आपस में शेयर करने का समझौता है। बता दें कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में ट्रूडो ने भारतीय एजेंसियों का हाथ बताया है।

इसके चलते दोनों देशों में तनाव पैदा हो गया है। भारत सरकार ने कनाडा के कुछ डिप्लोमैट्स को वापस जाने तक को कह दिया है। इसके अलावा वीजा सेवाओं को भी अगली सूचना तक बंद कर दिया है। कनाडा के रुख पर सख्ती जताते हुए भारत ने यह भी कहा है कि ट्रूडो या तो अपनी बात को वापस ले या फिर सबूत पेश करें। 45 वर्षीय निज्जर की हत्या को लेकर अब तक कनाडा ने भारत से कोई जानकारी साझा नहीं की है। हरदीप सिंह निज्जर 2007 में कनाडा गया था और एक प्लम्बर के तौर पर काम करता था। कुछ ही सालों में वह खालिस्तानी तत्वों से संपर्क में आया और खालिस्तान के लिए टेरेरिज्म से भी जुड़ गया था। इसी को लेकर भारत की आपत्ति थी और उसे एनआईए ने अपनी वॉन्टेड लिस्ट में भी शामिल किया था। भारत की ओर से 2018 में कनाडा को एक लिस्ट सौंपी गई थी, उसमें भी आतंकी के तौर पर निज्जर का नाम था। इसी साल जून में एक गुरुद्वारे के बाहर कनाडा में निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी को लेकर कनाडा का कहना है कि हमारे नागरिक की इस तरह कत्ल होना संप्रभुता के खिलाफ है।

न्यूज गैलरी

स्वास्थ्य सहायता योजना में अब 25 लाख तक मिलेगी सहायता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत अब राज्य के पात्र परिवारों को 25 लाख रुपए तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। पूर्व में इस योजना के तहत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को अधिकतम 20 लाख रुपए तक की राशि दी जाती थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के विगत मानसून सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि को 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल की इस घोषणा के अनुपालन में राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा अनुमोदन के बाद सहायता राशि 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने की प्रशासकीय मंजूरी का आदेश जारी कर दिया है।

आज सहायक शिक्षकों की ऑनलाइन काउंसिलिंग

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में सहायक शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों की ऑनलाईन काउंसिलिंग 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे से 24 सितम्बर को शाम 5 बजे तक होगी। यह ऑनलाईन काउंसिलिंग स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in में प्रारंभ की जा रही है। इस काउंसिलिंग में व्यापम के परीक्षा परिणाम के अनुसार सहायक शिक्षक पद के कटऑफरैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

सहायक शिक्षक के अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 26 से

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में सहायक शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन 26 सितंबर से 28 सितम्बर तक दक्ष कमाण्ड एवं कण्ट्रोल सेन्टर, तृतीय तल मल्टीलेवल पार्किंग जयस्तंभ चौक, रायपुर में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन की तिथि एवं समय की सूचना अभ्यर्थियों के मोबाइल नम्बर और उनके लॉगिन पोर्टल पर उपलब्ध करायी जाएगी। अभ्यर्थी कटऑफ की जानकारी विभाग के पोर्टल https://eduportal.cg.nic.in पर देख सकते है।

छत्तीसगढ़िया ऑलंपिक 25 से

रायपुर/नवप्रदेश।राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर तक रायपुर में होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव द्वारा इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 में जिले के प्रतिभागी, दल को सम्मिलित कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए है। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन के संबंध में 24 सितम्बर को शाम 7 बजे सभी जिलों के दल मैनेजर एवं खेल अधिकारियों की बैठक सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई है। बैठक में विधावार प्रतिभागी, मैनेजरों की सूची के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मंत्रालय से जिला कलेक्टरों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 के आयोजन के संबंध में पूर्व में दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके है। राज्य स्तर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर तक रायपुर में आयोजित है, जिसमें भागीदारी करने वाले प्रतिभागी और दलों को भेजनें के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

संगोष्ठी से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को मिलेगी एक नई दिशा : अमरजीत भगत

रायपुर/नवप्रदेश। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने महंत घासीदास संग्रहालय के सभागार में पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के क्षेत्र में नवीनत शोध (मध्य भारत के विशेष संदर्भ में) विषय पर आयोजित तीन दिवस राष्ट्रीय संगोष्ठी शुभारंभ किया। मंत्री भगत ने कहा कि संगोष्ठी में दिल्ली, कोलकाता सहित पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के शोध अध्येता शामिल हुए है। मुझे आशा है कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय के क्षेत्र में हुए नवीन अध्ययन, खोज, अभिलेखीकरण और तकनीक प्रयोग को प्रकाश में लाने के उद्देश्य से संगोष्ठी में जो सार्थक विमर्श होगा। इससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को एक नई दिशा मिलेगी। मध्य भारत में बसे छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक धरोहरों का भारत में महत्वपूर्ण स्थान है। सुदूर अतीत में दक्षिण कोसल, दंडकारण्य, रतनपुर राज, महाकोसल आदि नामों से ज्ञात इस राज्य का इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है। यहाँ के लोगों ने अपनी विशिष्ट संस्कृति और जीवन शैली विकसित की है। यहाँ पहले राज्य शासन द्वारा 58 स्मारक संरक्षित किए गए थे।

इस वर्ष हमने सरगुजा जिले के महेशपुर स्थित 04 स्मारकों को भी संरक्षण में ले लिया है। अब राज्य शासन द्वारा संरक्षित स्मारकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में फैली पुरासंपदा का सर्वेक्षण, पहचान, छायांकन, संकलन, संरक्षण, प्रदर्शन, उत्खनन और रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही जिला पुरातत्त्वीय संघ संग्रहालयों का उन्नयन, संग्रहालयों में सुरुचिपूर्ण प्रदर्शन, महत्वपूर्ण शिल्पाकृतियों की प्रतिकृति का निर्माण, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय पर केंद्रित प्रदर्शनियों और शोध-संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही पुरातत्त्वीय सर्वेक्षण, उत्खनन, पुरावस्तुओं का प्रकाशन और संरक्षण, अभिलेखागार में अभिलेखों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों का संकलन, संरक्षण, शोध कार्य और प्रचार-प्रसार विभाग द्वारा समय-समय पर किया जाता है। इस मौके पर शोध संक्षेपिका पुस्तिका का विमोचन किया।

प्रदेशवासियों को जल्द मिलेगी लॉन टेनिस एकेडमी की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सहित पूरे प्रदेश वासियों को जल्द ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की लॉन टेनिस एकेडमी की सुविधा मिलने लगेगी। जल्द ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के समीप बन रही इस एकेडमी को प्रदेश वासियों को समर्पित करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय लॉन टेनिस एकेडमी का काम अंतिम चरण पर है। कलेक्टर सर्वेश्वर भुरे ने आज इस एकेडमी का निरीक्षण किया और छुटपुट बचे कामों को अगले तीन-चार दिनों में पूरा करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने बचे हुए कामों को पूरा करने के लिए मानव संसाधन बढ़ाने और गुणवत्ता से काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने बिजली और मास्क लाइटिंग का काम भी जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी सहित लोक निर्माण विभाग और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की टेनिस एकेडमी से रायपुर शहर सहित छत्तीसगढ़ को नई पहचान मिलेगी। चार एकड़ भूमि पर बन रही इस एकेडमी में एक मुख्य सिंथेटिक टेनिस कोर्ट और पाँच प्रेक्टिस कोर्ट बनाये गये है। एक हज़ार दर्शक एक साथ बैठकर टेनिस के खिलाड़ियों के जौहर देख सकेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर बनी इस एकेडमी से रायपुर में भी लॉन टेनिस की अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए भी अवसर मिलेंगे।

माइक्रो फाइनेंस कंपनी की जमीन होगी नीलाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निवेशकों से राशि इकट्ठा कर ठगी करने वाली चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की खिलौरा गांव की साढ़े चौदह हेक्टेयर से अधिक जमीन को नीलाम किया जाएगा। चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर दुर्गा प्रसाद मिश्रा के नाम पर दर्ज खिलौरा के पटवारी हल्का नं. 11/3 में दर्ज कुल 36 खसरों की 14.620 हेक्टेयर भूमि की नीलामी अभनपुर तहसील कार्यालय में होगी। यह नीलामी आगामी 9 अक्टूबर 2023 को दोपहर 2 बजे से खुली बोली के आधार पर की जाएगी। नीलामी के संबंध में संपूर्ण जानकारी कार्यालयीन दिनों में अभनपुर तहसील कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अभनपुर तहसीलदार श्रीराम प्रसाद बघेल ने बताया कि चिटफंड कंपनी माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड के डायरेक्टर दूर्गा प्रसाद मिश्रा, निवासी रसूलगढ़ भूवनेश्वर के नाम पर अभनपुर तहसील के खिलौरा गांव में दर्ज भूमि की नीलामी छत्तीसगढ़ के निवेशकों के हितों के संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इस नीलामी में शामिल होने के लिए इच्छुक खरीददार को ऑफ सेट राशि की दस प्रतिशत राशि की एफडीआर या डिमांड ड्राफ्ट अभनपुर तहसील कार्यालय में 6 अक्टूबर 2023 से शाम 5 बजे तक जमा करने होंगे। निर्धारित तिथि तक जमा अमानत राशि के ड्राफ्ट के आधार पर ही खरीद्दारों को नीलामी प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। नीलामी में सफल घोषित खरीददार को नीलामी की बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करनी होगी।

संपादकीय

राज्य सभा महिला आरक्षण विधेयक को लेकर एकमत

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए 128 वें संविधान संसोशन विधेयक के रूप में नारि शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद से पारित हो गया। पहले लोकसभा से यह प्रचंड बहुमत से पास हुआ। जिसमें सिर्फ दो सांसदों ने इस विधेयक के खिलाफ मत दिया था। किन्तु राज्यसभा में उपस्थित सभी 214 सांसदों ने इस विधेयक के पक्ष में मतदान कर नया इतिहास रच दिया। संसद हो या विधानसभाएं वहां सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सिर्फ विधेयक पर सर्वसमत्ति बनती रही है जब माननीयों के वेतन भत्ते और अन्य सुविधाओं में वृद्धि करने वाला कोई विधेयक सदन में आता है। इसके अलावा याद नहीं पड़ता कि कभी और किसी विधेयक पर ऐसी सर्वसम्मति कायम हुई हो। बहरहाल संसद से महिला आरक्षण विधेयक पारित होना महिला शक्ति की बड़ी जीत है। अब राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही यह कानून का रूप ले लेगा लेकिन महिलाओं को आरक्षण का लाभ लेने के लिए अभी और थोड़ी प्रतिक्षा करनी होगी। लोकसभा चुनाव के बाद जनजनगणनना की जाएगी। उसके बाद लोकसभा और विधानसभा की सीटों का परिसिमन होगा और उसके बाद महिला सीटों के आरक्षण के लिए जनसुनवाई की लंबी प्रक्रिया चलेगी। ऐसे में 2029 के पहले महिला आरक्षण विधेयक का लाभ महिलाओं को मिल पाना मुश्किल है। जब कि कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा और राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान इस विधेयक को 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव के पूर्व ही लागू करने की पूरजोर मांग की है। लेकिन यह असंभव है। अलबत्ता यह हो सकता है कि सभी राजनीतिक पार्टियां जो खुद को बढ़चढ़कर महिला आरक्षण का प्रबल समर्थक सिद्ध करने की होड़ में लगी हुई है वे आगामी लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिलाओं को टिकट दें। मौजूदा लोकसभा में 543 सांसद है और इस हिसाब से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होती है तो सभी राजनीतिक पार्टियां स्वविवेक से सीटों का निर्धारण कर ले और 181 सीटों पर महिला प्रत्याशी उतारे और इनमें से भी 27 प्रतिशत सीटों पर पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को प्रत्याशी बनाए। इसी तरह अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए जो 131 सीटें आरक्षित है उन्में से 43 सीटों पर महिला उम्मीदवार बनाए। इसके लिए महिला आरक्षण विधेयक की प्रक्रिया पूरी करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। जब जनगणनना होगी और परिसन के बाद सीटों की संख्या बढ़ेगी। तब महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की संख्या भी बढ़ाई जा सकती है। जिस तरह बंगाल में तृणमुल कांग्रेस महिला को विधानसभा में और लोकसभा में भी ज्यादा सीटें दे रही है। उसी तरह भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक पार्टियां भी चाहे तो महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें दे सकती है। अब देखना होगा कि महिला आरक्षण विधेयक का श्रेय लूटने की होड़ में शामिल। ये राजनीतिक पार्टियां 33 प्रतिशत महिलाओ को टिकट देने का हौसला दिखापाती है या नहीं। अब तो सभी राजनीतिक पार्टियां जितने योग्यउम्मीद्वारों को ही टिकट देने की बात करती रही है और उनके पैमाने पर महिला उम्मीद्वार नहीं मानी जाती। सिर्फ राजनीतिक घराने से तालुक रखने वाली महिलाओं को ही टिकट दी जाती है। पंचायतों और नगरीय निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने के बाद महिलाओं ने खुद को साबित कर दिखाया है। कई नगरीय निकायों और पंचायतों में तो महिलाओं की भागीदारी 35 से 40 प्रतिशत हो चुकी है। यदि राजनीतिक पार्टियां महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर विश्वास जताएगी और उन्हें महिला आरक्षण विधेयक प्रभावशील हुए बगैर 33 प्रतिशत टिकट देंगी तो महिलाएं उनके विश्वास की कसौठी पर खतरा उतर कर दिखा सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर गंभीर राजनीतिक पार्टियां लोकसभा चुनाव ही नहीं बल्कि इसके पहले जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है उसमें भी 33 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने पर गंभीरता पूर्वक विचार करेंगी।

टूट रहे भारत-कनाडा के सियासी रिश्ते

संजीव ठाकुर

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्क राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्ज्रर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9आतंकवादी संगठन एसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उधर घरेलू मोर्चे में भी कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में घिरे हुए हैं उनकी मुख्य विपक्षी विरोधी पार्टी कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पालियेव् ने कहा प्रधानमंत्री ने जो भारत पर आरोप लगाए हैं उसका कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। प्रधानमंत्री को जनता के सामने ठोस सबूत रखना चाहिए । भारत सरकार ने कनाडा के प्रधानमंत्री के आरोपों का जोरदार जवाब देकर कनाडा वीजा पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है और उनके राजदूत को भारत से वापस भेज दिया है। कनाडा में भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध की धज्जियां उड़ा कर रख दी है, कनाडा जहां अंतरराष्ट्रीय नियमों की दुहाई देते हुए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप की हत्या का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहा है वही खुद लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय नियमों और द्विपक्षी समझौता का उल्लंघन करता आ रहा है। भारत सरकार ने बीते 5 सालों में कनाडा को खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए 26 अनुरोध भेजें लेकिन कनाडा सरकार ने स्पष्ट रूप से झटक दिया था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी 43 दुर्दांत आतंकवादियों की सूची जारी की है जो कनाडा में गुप्त रूप से रह रहे हैं कनाडा ने इस नोटिस का जवाब तक नहीं दिया है। बहुत महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कनाडा की कार्लटन यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की ज्ञाता स्टेफनी कार्विन कहती है कि पूरे यूरोप और अमेरिका के हिसाब से ड्रैगन चीन से शक्ति संतुलन में भारत देश अत्यंत अपरिहार्य है। इसमें कनाडा का कोई महत्व नहीं रह गया है और यही वजह है कि कनाडा की तरफ से भारत के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के बाद भी अमेरिका तथा यूरोपीय देश की प्रतिक्रिया बहुत सधी हुई है, और किसी भी देश ने भारत के खिलाफ कोई बयान देने में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाई है। अमेरिका,ब्रिटेन और यूरोपीय देश एक तरह से भारत के साथ संबंधों को नए स्तर पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं दूसरी तरफ कनाडा ने भारत के साथ अपने संबंधों को अब तक की सबसे खराब स्थिति में पहुंचा दिया है। कनाडा ने भारत के साथ अपने संबंध खराब करके दुनिया में अपने आप को अकेला कर लिया है, आतंकवादियों को अपने देश में शरण देकर अब वह पाकिस्तान की राह में चल पड़ा है और पाकिस्तान की तरफ अलग-अलग पड़ गया है। उसे किसी भी देश का समर्थन प्राप्त नहीं है जिसकी कल्पना कनाडा के प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की थी। भारत में आयोजित विगत दिनों जी 20 सम्मेलन से भारत के संबंध दुनिया के देशों से बेहतर से बेहतरीन हो गए और कनाडा इस मामले में अकेला रह गया है।

भारत-कनाडा रिश्तों को लेकर सकते में हैं वैश्विक समुदाय

नीरज मनजीत

मगर वे संभवतः समझ नहीं पा रहे हैं कि वे किस आग से खेल रहे हैं। जिस निज्जर के लिए वे इतनी हाय तौबा मचा रहे हैं, वह भारत का ऐलानिया भगोड़ा अपराधी है। 1996 में वह जाली पासपोर्ट के जरिए भारत से भागकर कनाडा चला गया था। बीस साल तक वह कनाडा की नागरिकता पाने की कोशिश करता रहा था। भारत ने उसे आतंकवादी घोषित किया हुआ है। 2016 में बड़ी मुश्किल से उसे नागरिकता दी गई थी। पिछले कई वर्षों से वह कनाडा में बैठकर भारत में खालिस्तानी अलगाववादियों की मदद कर रहा है। कनाडा में निज्जर के अलावा और भी कई चरमपंथियों को शरण मिली हुई है। भारत ने कई बार वहाँ मौजूद आतंकवादियों की फेहरिस्त भेजकर कनाडा सरकार से उनके प्रत्यर्पण की माँग की है। मगर ट्रूडो सरकार ने न तो इस माँग पर गौर किया और न ही खालिस्तानी गतिविधियों पर रोक लगाई। इसी से समझा जा सकता है कि जस्टिन ट्रूडो किन विध्वंसक तत्वों को साथ लेकर सरकार चला रहे हैं। बेहतर होगा कि जस्टिन ट्रूडो और उनके नुमाइंदे खालिस्तानी आतंकवादी गतिविधियों को लेकर भारत की चिंताओं को संजीदगी से समझें। अमेरिका को भी अपना रवैया बदलना होगा। कनाडा उसका पड़ोसी है, तो आँख मूंदकर उसका पक्ष न ले। बरसों पहले भारत खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार होकर बहुत कुछ खो चुका है। इसके ज़ख्म अभी तक भरे नहीं हैं। इस मामले में सबसे अच्छा रुख ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने अपनाया है। जी-20 समिट में ही उन्होंने ऐलानिया तौर पर सीधे खालिस्तानियों को चेतावनी दे दी थी कि वे ब्रिटेन में ऐसे तत्वों को नहीं पनपने देंगे। ब्रिटेन लौटकर ऐसा उन्होंने किया भी है। ऐसा ही रुख कनाडा और अमेरिका को अपनाना चाहिए।

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो यदि खालिस्तानी आतंकवादियों की गोद में बैठकर सरकार चलाना चाहते हैं, तो भला किसको ऐतराज हो सकता है। जस्टिन ट्रूडो यदि कनाडा को आईएसआई और ड्रग माफ़िया के पैसों से पलनेवाले उग्रवादियों अलगाववादियों की पनाहगाह बनाने पर ही तुले हुए हैं, तो भी किसी को शायद ज़्यादा ऐतराज नहीं होगा। मगर वे यदि किसी ऐलानिया भगोड़े आतंकवादी को लेकर भारत सरकार पर बेजा इल्ज़ाम लगाएँगे, तो यह निश्चय ही काबिले ऐतराज बात होगी। बदक़िस्मती से जस्टिन ट्रूडो ठीक ऐसा ही कर रहे हैं। पहले उन्होंने कनाडा के सबसे बड़े सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में खड़े होकर इल्ज़ाम ठोंक दिया कि कनाडा में रह रहे ख़ालिस्तान चरमपंथी हरमीत सिंह निज्जर की हत्या भारत सरकार ने कराई है। इसी साल जून के महीने में दो अज्ञात बदमाशों ने निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उंस वक़्त वे ब्रिटिश कोलंबिया इलाके के एक गुरुद्वारे के बाहर खड़े थे। ट्रूडो इस इल्ज़ाम का कोई पुख़्ता सबूत नहीं दे सके। उन्होंने सिर्फइतना ही कहा कि ऐसा उन्हें विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है।

जस्टिन ट्रूडो ऐसा निराधार आरोप लगाते हुए शायद यह भूल गए थे कि वे एक राष्ट्रप्रमुख हैं और वे संसद में खड़े होकर बयान दे रहे हैं। अगर ऐसा नहीं है तो यही लग रहा है कि जस्टिन ट्रूडो जाने-अनजाने किसी बड़ी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक साज़िश में फंस गए हैं। बात यहीं तक नहीं रुकी। कनाडा की विदेशमंत्री मेलोनी जोली ने एक कदम आगे बढ़कर भारत के एक डिप्लोमैट को कनाडा छोड़ने का फरमान सुना दिया। भारत ने फ़ौरन इसका कड़ा जवाब दिया और सारे इल्ज़ाम खारिज करते हुए कनाडा के एक डिप्लोमैट को भारत से निकाल दिया। पिछले चार-पाँच दिनों के घटनाक्रम ने भारत और कनाडा के बीच अभूतपूर्व तनाव पैदा कर दिया है। कनाडा ने भारत से होने वाली मुक्त व्यापार वार्ता रद्द कर दी है और भारत ने कनाडा वासियों को वीसा देने पर रोक लगा दी है। ऐसा तभी होता है, जब दो देशों के बीच युद्ध छिड़ने के आसार नज़र आने लगें।

इस विवाद ने वैश्विक बिरादरी के ताक़तवर देशों को सकते में डाल दिया है। कनाडा जी-7 और नाटो का बड़ा सदस्य है। इसके अलावा वह अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के साथ फाइव आईज इंटेलीजेंस शेयरिंग अलायंस में भी शामिल है। इस अलायंस के देश एक दूसरे को खुफ़िया सूचनाएं साझा करते हैं। ट्रूडो ने इन सभी फ़ोरम में इस मामले को साझा किया है। इधर भारत जी-20 समूह का अध्यक्ष होने के अलावा क्वाड देशों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण सदस्य है। फ़िलहाल अमेरिका और भारत के बीच के रिश्ते आज किस मकाम पर हैं, यह बताने की जरूरत नहीं है। इस विवाद की संवेदनशीलता को देखते हुए ही बड़े देश ख़ामोश नज़र आए। पहली प्रतिक्रिया अमेरिका की तरफ़ से कनाडा के पक्ष में आई। कल शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलीवान ने व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वे इस इल्ज़ाम की जाँच को लेकर कनाडा सरकार का समर्थन करते हैं और इस मामले में अमेरिका किसी भी देश को कोई छूट नहीं देना चाहता। सुलीवान ने आगे कहा कि इस विवाद के चलते अमेरिका भारत सरकार के संपर्क में भी है।

अमेरिका की तरफ़ से ऐसा बयान आने से तय हो गया है कि यह विवाद आसानी से सुलझने वाला नहीं है। इस पूरे मामले में यह बड़े आश्चर्य की बात है कि एक मामूली चरमपंथी की हत्या को जस्टिन ट्रूडो ने जाती ईगो का मामला बना लिया है और वे दुनिया की बड़ी ताकतों को एक-दूसरे से उलझाने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। शायद वे घरेलू राजनीति में अपनी गिरती साख को बचाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। दरअसल उनकी अल्पमत लिबरल पार्टी की सरकार न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के अध्यक्ष जगमीत सिंह के समर्थन से टिकी हुई है। जगमीत सिंह को खालिस्तान का प्रबल समर्थक माना जाता है। कनाडा में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। ट्रूडो अच्छी तरह जानते हैं कि अगली बार भी शायद उन्हें जगमीत सिंह की पार्टी के समर्थन की जरूरत पड़ सकती है। ज़ाहिर है कि जगमीत सिंह के दबाव में आकर वे भारत से रिश्ते बिगाड़ने की कीमत पर निज्जर के मामले को हवा दे रहे हैं।

मगर वे संभवतः समझ नहीं पा रहे हैं कि वे किस आग से खेल रहे हैं। जिस निज्जर के लिए वे इतनी हाय तौबा मचा रहे हैं, वह भारत का ऐलानिया भगोड़ा अपराधी है। 1996 में वह जाली पासपोर्ट के जरिए भारत से भागकर कनाडा चला गया था। बीस साल तक वह कनाडा की नागरिकता पाने की कोशिश करता रहा था। भारत ने उसे आतंकवादी घोषित किया हुआ है। 2016 में बड़ी मुश्क़िल से उसे नागरिकता दी गई थी। पिछले कई वर्षों से वह कनाडा में बैठकर भारत में खालिस्तानी अलगाववादियों की मदद कर रहा है। कनाडा में निज्जर के अलावा और भी कई चरमपंथियों को शरण मिली हुई है। भारत ने कई बार वहाँ मौजूद आतंकवादियों की फेहरिस्त भेजकर कनाडा सरकार से उनके प्रत्यर्पण की माँग की है। मगर ट्रूडो सरकार ने न तो इस माँग पर गौर किया और न ही खालिस्तानी गतिविधियों पर रोक लगाई। इसी से समझा जा सकता है कि जस्टिन ट्रूडो किन विध्वंसक तत्वों को साथ लेकर सरकार चला रहे हैं।

बेहतर होगा कि जस्टिन ट्रूडो और उनके नुमाइंदे खालिस्तानी आतंकवादी गतिविधियों को लेकर भारत की चिंताओं को संजीदगी से समझें। अमेरिका को भी अपना रवैया बदलना होगा। कनाडा उसका पड़ोसी है, तो आँख मूंदकर उसका पक्ष न ले। बरसों पहले भारत खालिस्तानी आतंकवाद का शिकार होकर बहुत कुछ खो चुका है। इसके ज़ख्म अभी तक भरे नहीं हैं। इस मामले में सबसे अच्छा रुख ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने अपनाया है। जी-20 समिट में ही उन्होंने ऐलानिया तौर पर सीधे खालिस्तानियों को चेतावनी दे दी थी कि वे ब्रिटेन में ऐसे तत्वों को नहीं पनपने देंगे। ब्रिटेन लौटकर ऐसा उन्होंने किया भी है। ऐसा ही रुख कनाडा और अमेरिका को अपनाना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1123 पोप कैलिक्सटस II और पवित्र रोमन सम्राट हेनरी वी ने कॉनकॉर्डैट ऑफवर्म्स को निवेश विवाद का अंत करने के लिए सहमत किया। 1459रिचर्ड नेविल के नेतृत्व में यॉर्किस्ट बलों ने इंग्लैंड के स्टाफ़र्डशायर में ब्लेयर हीथ की लड़ाई में लंकेस्ट्रियन सैनिकों को हराया, वार्स ऑफ़ द रोज़ेज़ की पहली बार लड़ाई। 1568 एंग्लो-स्पैनिश वॉर-एट सैन जुआन डे उलूआ (आधुनिक वेराक्रूज, मैक्सिको में), स्पेनिश नौसैनिक बलों ने अंग्रेजी प्राइवेटर्स को अपने अवैध व्यापार को रोकने के लिए मजबूर किया। 1739 रूस और तुर्की ने बेलग्रेड पर शांति संधि पर हस्ताक्षर किये। 1739 रूस और तुर्की के बीच बेलग्रेड शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए। 1779 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-जॉन पॉल जोन्स ने फ़्लैंबोरो हेड की लड़ाई में महाद्वीपीय नौसेना का नेतृत्व किया, जो युद्ध के सबसे प्रसिद्ध नौसैनिक कार्यों में से एक था।

QUIZ TIME

1) देशरत्न और अजातशत्रु किसे बुलाया जाता है?

2) ओडरनास रेखा किन दो देशों के बीच है?

3) भूकंप की दृष्टि से कौन सबसे खतरनाक सागर है?

4) राजपेरियन वन्यजीव अभयारण्य, हीरापोरा वन्यजीव अभयारण्य, गुलमर्ग वन्यजीव अभयारण्य और सलीम अली राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?

5) हाल ही में किसने सिंगापुर के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (2) जर्मनी और पोलैंड (3) प्रशांत महासागर (4) जम्मू-कश्मीर (5) थर्मन षणमुगरत्नम

आज का पंचांग (शनिवार, 23 सितम्बर)

सूर्योदयः 06:16, सूर्यास्तः 06:30, चन्द्रास्तः 18:43,अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय),ऋतुः ? शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद पक्ष शुक्ल, तिथि अष्टमी, नक्षा मूल (पूर्ण रात्रि), योग शुभ (03:42 से शुक्ल), प्रथम करण नाग (07:09 तक), द्वितीय करण किंस्तुघ्न (20:15 तक),

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य सिंह, चंद्र कन्या (11:35 से), मंगल कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध सिंह (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:47 से 12:37, अमृत काल 23:35 से 01:22, विजय मुहूर्त 14:16 से 15:05, गोधूलि मुहूर्त 18:23 से 18:46, सायाह्न सन्ध्या 18:23 से 19:33 निशिता मुहूर्त 23:49 से 00:35, ब्रह्म मुहूर्त 04:28 से 05:15, राहुकाल 10:39 से 12:12।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन आपके लिए साधारण ही रहेगा। आप अपने मे ही मगन रहेंगे कार्यो को थोड़े आलस्य के बाद पूरी निष्ठा से करेंगे।

वृष-आज के दिन आप अपनी बुद्धि के बल से धन एवं सम्मान का लाभ पायेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी छवि निखरेगी।

मिथुन-आपके लिए आज का दिन उतारचढ़ाव वाला ही रहेगा। आस-पास का वातावरण आपको ना चाहते हुए भी क्रोध करने पर मजबूर करेगा।

कर्क-आज का दिन आपके लिए लाभ दिलाने वाला रहेगा। प्रातः काल से ही मन मे धन लाभ की कामना लगी रहेगी इसके लिए कुछ ना कुछ तिकड़म लगाते रहेंगे।

सिंह-आज का दिन आपके लिये संतोषजनक रहेगा। आज आप धन को लेकर ज्यादा भागदौड़ करने के पक्ष में नही रहेंगे लेकिन फिर भी लाभ पाने की योजना चलती रहेगी।

कन्या-आज के दिन आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी लेकिन मौज शौक की प्रवृति के पीछे खर्च अधिक होगा।

तुला-आज का दिन आपके लिए हानिकर रहेगा। दिन के प्रथम भाग में कोई अशुभ समाचार मिलने से मन बेचैन रहेगा।

वृश्चिक-आज के दिन आपको अकस्मात धन की प्राप्ति होगी। पारिवारिक संबंध आपकी उन्नति में सहायक बनेंगे।

धनु-आज के दिन आपकी सोची अधिकांश योजनाए निर्विरोद्ध सफल होंगी। खासकर महिलाये कार्यो के मन इच्छित रूप से होने पर दिन भर प्रसन्न रहेंगी।

मकर-आज के दिन आपको पारिवारिक प्रतिष्ठा का भरपूर लाभ मिलेगा लेकिन संतानो को लेकर कोई नई समस्या खड़ी होने से थोड़ी परेशानी भी रहेगी।

कुंभ-आज का दिन संघर्षमय रहेगा। मध्यान तक लगभग सभी कार्य अव्यवस्थित रहेंगे जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसमे कोई ना कोई उलझन पड़ेगी।

मीन-आज का दिन आपको विजय दिलाने वाला रहेगा परन्तु सम्बन्धो को लेकर आपकी लापरवाही स्नेही जनों से दूरी बनायेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -193

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

ऊपर से नीचे

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 192 का हल

बा	स्ता	■	■	सि	स	की	■	■
जि	■	ल	प	ट	■	मा	चि	स
ब	द	ला	■	क	■	■	ल	■
■	■	ट	■	नी	ल	क	म	ल
ता	ली	■	का	■	की	■	■	हू
क	■	स	रो	का	र	■	■	लु
झां	■	ज	बा	न	■	म	सी	हा
क	च	ना	र	■	भा	यी	■	न
■	र्म	■	■	ज	र	दा	■	■

सड़कों की दुर्गति पर सीएम हाउस जा रहे बीजेपी पार्षदों की पुलिस से तकरार

बारिश में पुलिस ने रोका रास्ता तो जमकर हुई बहस, बीजेपी पार्षदों ने दिखाए तेवर

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की सड़को की दुर्गति और विकास कार्य को लेकर भाजपा पार्षद दल मुख्यमंत्री निवास प्रदर्शन के लिए कूच किया। भाजपा पार्षदों को रोकने के लिए आधे रस्ते में ही पुलिस बल तैनात था। जैसे ही भाजपाई पहुंचे तो उन्हें रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने बल पूर्वक रोका। इसके बाद पार्षद दाल की नेता मीनल चौबे समेत पार्टी के वरिष्ठ बीजेपी पार्षदों और पुलिस के बीच जमकर विवाद हुआ।

आज रायपुर नगर पालिक निगम रायपुर के भाजपा पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में पुर्व घोषणा अनुसार दोपहर 1 बजे बरसते पानी में मुख्यमंत्री निवास की ओर निकला जिसे काली माता मंदिर के पास पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड्स लगाकर सभी जन प्रतिनिधियों को रोका। इस दौरान भाजपा के 31 पार्षदों ने इसका कड़ा विरोध किया और कहा की पार्षद दल शहर की सड़को की दुर्गति को लेकर रुके हुए विकास कार्य को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के लिए जा रहा है, जिसे इस तरह रोकना शहर की जनता का अपमान है। सभी पार्षदों ने गणेश विसर्जन से पूर्व सड़को को ठीक करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

नेताप्रतिपक्ष मीनल चौबे ने बताया कि महापौर ने घोषणा की थी की सभी वार्डो को विकास हेतु 50-50 लाख दिया जाएगा लेकिन वह राशि भी अब तक नही मिली हैं। बैरिकेड्स लगे होने की वजह से समस्त पार्षद दल बरसते पानी में सड़क पर बैठ गए इसके बावजूद प्रशासन के कानो में जूं तक नहीं रेंगी। एक एक पार्षदों के पीछे 10-10 पुलिस वालो को लगाना समझ से परे है। बहरहाल भाजपा पार्षदों ने मुख्यमंत्री निवास से किसी जवाबदार अधिकारी को बुलाने की बात कही है और जब तक स्थल पर कोई जवाबदार अधिकारी नही आयेंगे तब तक भाजपा पार्षद बरसते पानी में बैठे रहेंगे। भाजपा पार्षदों का धरना दोपहर 1 बजे से देर शाम तक जारी था।

धरने में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा,सूर्यकांत राठौड़, मृत्युंजय दुबे, डॉ. प्रमोद साहू, सीमा संतोष साहू, कामिनी पुरषोत्तम देवांगन,सरिता वर्मा, सरिता दुबे , सुनील चंद्राकर, रजयन्त ध्रुव, सुमन राम प्रजापति, कमलेश्वरी वर्मा, राजेश ठाकुर, डॉ. सीमा कंदोई, अमर बंसल, दीपक जायसवाल,रोहित साहू, सुशीला धींवर, भोला साहू, तिलक पटेल, गोपेश साहू, विश्वदिनी पांडे, रवि ध्रुव, टेंशु नंद किशोर साहू,सावित्री जय मोहन साहू,गोदावरी गज्जू साहू आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

समृध्दि शिविर में पहुंचे डिप्टी सीएम सिंहदेव

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई में आयोजित महिला समृध्दि शिविर में पहुंचे उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में स्वागत किया छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने स्वास्थ्य कर्मचारियों की लंबित मांगों पर टी एस सिंहदेव का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि चुनावी अंतिम वर्ष है स्वास्थ्य कर्मचारीयों को 13 माह का वेतन एक कैलेंडर वर्ष में प्रदेश में देकर देश अन्य राज्यों के लिए उदाहरण व नजीर बन जाए कोविड काल में अभूतपूर्व सेवाएं ओर विषम परिस्थितियों ओर 24घ़टे सात दिवस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाला स्वास्थ्य कर्मचारी को कोविड भत्ता प्रदेश में दिया जाए स्वास्थ्य कर्मचारीयों की विभिन्न कैडरों में व्याप्त वेतन विसंगति दूर किया जाए , स्वास्थ्य कर्मचारीयों को जोखिम भत्ता सहित संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी को नियमित करने,एन एच एम के कर्मचारियों को अन्य प्रदेशों के भांति रेगुलर कर वेतन मैट्रिक्स अनुसार वेतन देने, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को 25000 रूपये मानदेय,जीवन दीप समिति कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर प्रदेश में एक जैसे भुगतान करने जैसी मांगों पर निर्णय लेने अपील करते हुए जल्द निर्णय लेने निवेदन किया इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग दुर्ग जिले मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम,जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सी बी एस बंजारे,नोडल अधिकारी डॉ अर्चना चौहान,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पीयम सिंह, अतुल शुक्ला, बीईटीओ देवानंद बंजारे, श्रीमती रीता रानी राय,जिला एकाउंट मैनेजर नायक,जिला समन्वयक आयुष्मान कार्ड देवेश मिश्रा, मितानिन समन्वयक भीखू साहू सहित स्टाफ नर्स, लैब टैक्नीशियन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

तलवारबाजी में सेजस जंजगिरी के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुम्हारी/नवप्रदेश। कसडोल में विगत 14-09-23 से 17-09-23 को आयोजित 23 वीं राज्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023 के फेंसिंग (तलवारबाज़ी) खेल में दुर्ग, रायपुर, बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा संभाग के खिलाडियों ने भाग लिया एवं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं विभिन्न आयु वर्ग में अनेक पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता का उदघाटन श्री सिद्धांत मिश्रा जनपद अध्यक्ष कसडोल ने किया और समापन श्री चंद्रदेव प्रसाद राय संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक - बिलाईगढ़ ने किया।

दुर्ग संभाग के 72 फेंसिंग खिलाडियों ने भाग लिया जिसमे 20 खिलाडी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जंजगिरी से थे। सभी खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया पदक विजेताओं में रितिका चतुर्वेदी कक्षा 8 वी ने 14 वर्ष बालिका वर्ग के फॉयल टीम प्रतियोगिता में रजत पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 10 वा स्थान प्राप्त किया। चेतना साहू ने 14 वर्ष बालिका वर्ग के सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 5 वा स्थान प्राप्त किया। जिज्ञासा साहू ने कक्षा 9 वी 17 वर्ष बालिका वर्ग के ईपी टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 6वा स्थान प्राप्त किया। नुपुर वर्मा कक्षा 12वी 19 वर्ष बालिका वर्ग के सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 3रा स्थान प्राप्त किया। ईशान कुमार साहू कक्षा 7वी 14 वर्ष बालक वर्ग के सेबर टीम प्रतियोगिता में रजत पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 5 वा स्थान प्राप्त किया। रूद्र प्रताप कक्षा 11वी 19 वर्ष बालक वर्ग के फॉयल टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 11वां स्थान प्राप्त किया । दिव्यांश साहू कक्षा 10वी 17 वर्ष बालक वर्ग के फॉयल टीम प्रतियोगिता में रजत पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 6वा स्थान प्राप्त किया माही साहू कक्षा 11वी 17वर्ष बालिका वर्ग के फॉयल टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 5वा स्थान प्राप्त किया। तनूजा साहू कक्षा 9वी 17वर्ष बालिका वर्ग के ईपी टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 9वा स्थान प्राप्त किया लीना साहू कक्षा 10 वी 17वर्ष बालिका वर्ग के सेबर टीम प्रतियोगिता में रजत पदक एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में 4था स्थान प्राप्त किया।

शिविर में सफाई मित्रों की जांच, 116 को दी दवा

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली ने ऐसे लोगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया, जिनके ऊपर शहर को साफ रखने की विशेष जिम्मेदारी है।आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर शुक्रवार को 120 सफाई मित्रों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वही मामूली तबीयत खराब होने पर 116 लोगों को दवा दी गई।

रिसाली निगम क्षेत्र में इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पहले लोगों को जागरूक करने रैली निकाली गई , वही स्वक्षता मित्रों के लिए दशहरा मैदान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। स्वक्षता कार्य करने वाले महिला व पुरुष अपने कार्य स्थल से परीक्षण कराने पहुंचे थे। मुख्य मंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चलने वाली मोबाइल यूनिट के दल ने संपूर्ण चेकअप कर आवश्यकता अनुसार दवाइयां दी। हालाकि परीक्षण के दौरान एक भी सफाई मित्र गंभीर बीमारी से ग्रस्त नही मिला।

अन्य योजनाओं की जानकारी

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने स्टाल लगाया गया था। सफाई मित्रों को पेंशन सुविधा से लेकर राशन कार्ड बनवाने प्रेरित किया गया , और प्रधानमंत्री आवास योजना व आजीविका मिशन के अधिकारियों ने योजना के बारे बताया।

कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202307100600021
ब/121 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार ठाकुर पिता स्व. श्री चतरू राम निवासी अखरा, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अखरा, प.ह.न. 35, तहसील-पाटन, जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर/भू-खण्ड क्रमांक-207 का टु. रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को पट्टेदार की फौत हो जाने के कारण राजीव गांधी आश्रय योजना 1998 में प्राप्त पट्टा को स्वयं के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 29.09.2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला दुर्ग

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email nagarnigamzone3@gmail.com

ईश्तहार

नामां. प्र.क्र. 5919 दिनांक 19.03.2023
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR443E0143B जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SATRUPA BAI MANIKPURI पिता/पति श्री/श्रीमती DEVIDAS के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MUKESH MANIKPURI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE DEVI DAS MANIKPURI ने शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र** / वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री लोकेश चंद्रवंशी (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री एन. करूणाकरन
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202308100400203

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री एन. करूणाकरन आ. श्री नटराजन निवासी ग्राम रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
उतई प.ह.न 42 तह.व जिला दुर्ग	986/68	0.030 हे. 2800 वर्गफीट	व्यवसायिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्र. अ/6 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम निर्मलकर आ. स्व. अगर सिंह साकिन बघेरा साकिन बघेरा द्वारा ग्राम बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 256/3 रकबा 0.0080 जो उसके स्व. अगर सिंह निर्मलकर आ. स्व. सुखऊ निर्मलकर के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06/10/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उनस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4/9/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./ अ-6/22-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक रघुनाथ साहू पिता स्व. होरीलाल उर्फ हीरालाल साहू निवासी ग्राम बैजनाथपारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कबारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 516/3 रकबा 0.014 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार हीरालाल साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 29/9/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 8/9/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 8/9/23
सुनवाई दिनांक 29/9/23

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email nagarnigamzone3@gmail.com

ईश्तहार

नामां. प्र.क्र. 5918 दिनांक 19.03.2023
वार्ड का नाम-48- मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 48 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR443G00314 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHANDRAKALA DEVI SOMANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE NAND LAL SOMANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1.BAJRANG LAL SOMANI 2. RAM AVTAR SOMANI 3. RMILA CHANDAK 4. NIRMALA DEVI MARO पिता/पति श्री/श्रीमती 1.NAND LAL SOMANI 2. NAND LAL SOMANI 3. RAM JI LAL CHANDAK 4. BIMAL KUMAR MAROO ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री लोकेश चंद्रवंशी (जोन कमिश्नर) जोन (3) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग, (छ.ग.)

रा. प्र.क्र. 202308100400428
अ-06अ/2022-2023

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि छाया जंघेला आ. बेनीराम जंघेला निवासी ग्राम कोरबा तह व जिला कोरबा के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 स्थित भूमि ख.न. 745/7 रकबा 0.0145 हे जो कि आवेदिका के नाम पर दर्ज है किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख मे छाया जंघेल पति बेनी जंघेल हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है आवेदिका का सही नाम छाया जंघेला पिता बेनी जंघेला है उक्त त्रुटि सुधार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 29.09.2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं । समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
पेशी दिनांक 29.09.2023

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्र./51/न.पा.नि./ जल प्रदाय/ अधो.मय/2023-24/ बीरगांव, दिनांक 20/09/2023

मैन्यूअल पद्धति निविदा आमंत्रण संशोधन सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली से लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदा समूह क्र. 01 हेतु एस.ओ.आर. आईटमों का निर्धारित निविदा प्रपत्र 'अ' में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में प्रचलित यू.एस.ओ.आर. प्रभावशील दिनांक 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर तथा नान-एसओआर आईटमों का आईटम रेट तीन लिफाफा पद्धति में तथा निविदा समूह क्रं. 02 हेतु विद्युत सुरक्षा/विद्युत निरीक्षक से प्राप्त अनुज्ञप्तिधारी फर्मों से नॉन एस.ओ.आर. आईटमों का आईटम रेट तथा निविदा समूह क्र. 03 हेतु निविदा प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग में प्रचलित एस.ओ. आर. भवन तथा सड़क प्रभावशील दिनांक 01.01.2015 से प्रतिशत दर पर तीन लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित करने हेतु निविदा सूचना क्र. 39/ दिनांक 04.09.2023 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 25.09.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 25.09.2023 सायं 5.00 बजे तक। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29.09.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक। प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि 29.09.2023 सायं 4.00 बजे ।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख रु.)
1	मौजूदा 14 एम.एल.डी. क्षमता के जल शोधन संयंत्र के शेष 02 फिल्टर बेड का फिल्टर मीडिया रिप्लेसमेंट कार्य (अधोसंरचना गद)	19.97
2	मौजूदा 14 एम.एल.डी. क्षमता के जल शोधन संयंत्र में स्थापित 120 एच.पी. एच.एस.सी. पम्प हेतु एल.टी. पैनल में कॉन्ट्रेक्टर, ए.सी.बी., टी.पी. एन. इत्यादि एलिमेंट रिप्लेसमेंट, रिफशिंग, कन्ट्रोल सर्किट, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग कार्य । (अधोसंरचना मद)	11.44
3	निकाय क्षेत्र में सम्पत्ति विरूपण एवं अन्य अवसरों पर व्हाईट वाशिंग कार्य । (निकाय/ निर्वाचन निधि)	10.00

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com अथवा संचालनालय की बेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

आयुक्त

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्रीमती मेनका बर्रे
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202309100400258

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मेनका बर्रे पति स्री आशीष कुमार बर्रे निवासी ब्लाक नं. 03 सड़क 10 हास्पिटल सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
धनोरा प.ह.न 53 तह.व जिला दुर्ग	135/10	0.0113हे. 1222 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी नगर रायपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-65 श्रीमती सुसन थामस पति श्री थोमस के. आन्सी को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 14.12.15 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 14.8.2023 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती शीला जोसेफ पति श्री जोसेफ कोवादील वर्गीस के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

अ-06 / वर्ष 22/23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति रुचिता गुप्ता पति शिरीष गुप्ता निवासी ग्राम सिविक सेन्टर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खतरा 213/37 रकबा 0.016 हे. भूमि को विक्रेता विकास खुल्लर पिता राजीव खुल्लर निवासी ग्राम मैत्रीनगर रिसाली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 22/5/23 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड देनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तों वह नियत पेशी दिनांक 29.09.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं । समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/9/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया
जारी दिनांक 12.9.2023
सुनवाई दिनांक 29.09.2023

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202309101500040
विषय अ-74 मामले की श्रेणी राजस्व सन 2022-23
खम्हरिया प.ह. न. 00007 (हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार संजीव
अनावेदक पक्षकार आम

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम खम्हरिया पहनं 07 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संजीव पिता चन्द्रप्रकाश अन्य 2 निवासी ग्राम खम्हरिया तह पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम खम्हरिया पहन तह पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदित भूमि ख.न. 2004 2364 9494 रकबा क्रमशः 0.01 0.06 0.04 हे भूमिस्वामी संजीव पिता चन्द्रप्रकाश अन्य 02 के नाम दर्ज भूमि का खाता विभाजन के पश्चात् ऋण पुस्तिका प्रदाय नहीं होने के कारण आवेदक द्वारा न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। रा.प्र.क्रं. 202102101600019 अ 27 वर्ष 2020-21 का आदेश पत्र बी सहित आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.10.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.09.2023 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ 14/ए-20(3) / वर्ष 2022-23
ई/सी-202309103800007

आवेदकगण रोहित आप्टे आ. व्ही. बी. आप्टे निवासी श्रुति आइकॉन बोराहाटे वस्ती, मोर्शी पुणे इंटरनेशनल एक्सिबिशन कॉनवेशन मोर्शी जिला पुणे महा. एवं अन्य 01 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एल.आई.जी. 144 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमि धारक व्ही. बी. आप्टे पिता बी.ए. आप्टे नि. हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 03.07.2023 को एवं उनकी पत्नि नीलिमा वसंत आप्टे की मृत्यु दिनांक 16.02.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के द्वारा अपने जीवनकाल में नोटरी के समक्ष एक वसीयतनामा दिनांक 03.07.2020 को अपने दोनों पुत्र आवेदकगण के पक्ष निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा वसीयतनामा एवं वारिसान के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके नाम पर नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.09.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। जारी किया गया।

आज दिनांक 05.09.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
Email Id:- durgmc2019@gmail.com Phone 0788-2322148

-:: मेनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 846/लो.क.वि./2023 दुर्ग, दिनांक 22/09/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन/सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर तथा निविदा दिनांक से संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 29.09.2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 06.10.2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 13.10.2023
निविदा खोलने की तिथि - 16.10.2023 शाम 5.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम/ स्थल विवरण	लागत (लाख में)
1	वार्ड क्र. 05 गोर्वधन चौक से सुलभ शौचालय एवं आंगनबाड़ी तरफ रोड में पेवर ब्लाक	5.00
2	वार्ड क्र. 06 गोपाल मंदिर से शीतला मंदिर तक रोड साइड में पेवर ब्लाक कार्य।	5.00
3	वार्ड क्र. 07 लुचकी पारा में मान होटल के सामने हनुमान मंदिर से लुचकी पारा तालाब किनारे रोड में पेवर ब्लाक कार्य।	2.50
4	वार्ड क्र. 10 दुर्गा चौक से विजय नगर, डा. पटेल से शंकर नाला तक पेवर ब्लाक कार्य।	10.00
5	वार्ड क्र. 11 बुद्ध विहार चौक, कुर्मी भवन से भाटिया नर्सिंग होम पेवर ब्लाक कार्य।	6.56
6	वार्ड क्र. 13 आर्य नगर में विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लाक कार्य।	12.25
7	वार्ड क्र. 13 मोहर नगर में विभिन्न स्थानों पर पेवर ब्लाक कार्य।	12.25
8	वार्ड क्र. 16 पायल मेडिकल से सिकोला तालाब तक पेवर ब्लाक कार्य।	19.33
9	वार्ड नं. 17 आशीष पालिवाल के घर से अजय गुप्ता के घर तक व शक्ति नगर तालाब के दोनों तरफ पेवर ब्लाक कार्य।	15.70
10	वार्ड क्र. 18 स्ट्रीट नं. 14 से रोशन वर्मा के घर पेवर ब्लाक कार्य।	9.80
11	वार्ड क्र. 20 आदित्य नगर चौक से तिवारी हाउस आदित्य नगर वार्ड तक सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लाक कार्य।	19.04
12	वार्ड क्र. 25 ग्रीन चौक से आई.एम.एम. चौक तक एवं गायत्री मंदिर के पास मोहन नगर पेवर ब्लाक कार्य।	10.00
13	वार्ड क्र. 26 बंछोर होटल के पास, संतराबाड़ी, शंकर नाला के पास पेवर ब्लाक कार्य।	7.19
14	वार्ड क्र. 29 कलेक्टर बांग्ला रोड में पेवर ब्लाक कार्य।	19.85
15	वार्ड क्र. 38 महावीर कालोनी, खण्डेलवाल कालोनी, ऋषभ नगर पेवर ब्लाक कार्य।	12.00
16	वार्ड क्र. 43 सुभाष नगर, मुक्त नगर, आदर्श नगर के विभिन्न जगह पर पेवर ब्लाक कार्य।	16.00
17	वार्ड क्र. 44 संजय देशमुख से उपाध्याय जी घर तक पेवर ब्लाक कार्य।	4.82
18	वार्ड क्र. 46 जनता मार्केट से एफ ब्लाक एवं दुर्गा मंच से जैन मंदिर तक पेवर ब्लाक	10.84
19	वार्ड क्र. 49 शिव मंदिर पंचशील नगर के पास पेवर ब्लाक कार्य।	14.89
20	वार्ड क्र. 50 शिशु गार्डन के पास जयस्तंभ चौक, गौरा चौक एवं शिशु गार्डन से प्रगति मैदान में पेवर ब्लाक कार्य।	14.78
21	वार्ड क्र. 51 वृन्दा नगर चौक से सांस्कृतिक भवन पुराना हाउसिंग बोर्ड स्कूल चौक के पास पेवर ब्लाक	19.28
22	वार्ड क्र. 55 मछलीपालन से बांसवाड़ी तथा सुलभ शौचालय के सामने पेवर ब्लाक कार्य।	10.00
23	वार्ड क्र. 60 मुख्य सड़क कालोनी और प्रोफेसर कालोनी की सड़क के दोनों ओर पेवर ब्लाक कार्य।	18.51

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभिन्न वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DIVISION, CHHUIKHADAN (C.G.)
DISTRICT: KHAIRAGARH-CHHUIKHADAN-GANDAI (C.G.)
CORRIGENDUM NO.1

Corrigendum is issued against NIT No.21/SAC/2023-24, Dated-25.08.2023,System Tender No.145384 Published Vide "G" No. 004668 in Clause PRE- QUALIFICATION TENDER DOCUMENT, VOLUME-I PRE-QUALIFICATION TENDER DOCUMENT Page No.3, VOLUME-I PRE-QUALIFICATION TENDER DOCUMENT ANNEXURE-1 Page No.18, VOLUME-II TENDER DOCUMENT Page No.27.

The Corrigendum can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https//eproc.cgstate.gov.in).

Note:- All other terms and Condition of NIT will remain Unchanged.

G-05546/5
Executive Engineer, Water Resources Division, Chhuikhadan (C.G.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of contract
100/SE E/M/2023-24 (I Call) System Tender No 147914 Registered contractor class in "D" & above For Form "B" (ITEM Rate Tender)	SUPPLY AND INSTALLATION OF 2 NO. 8 PASSENGER AND 01 NO. 16 PASSENGER LIFT AT ADMINISTRATION BUILDING OF DURG UNIVERSITY AT DURG (C.G.)	Rs 67.05 Lacs

Note:- date of bid submission 29-09-2023
The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-05591/4
Superintending Engineer, P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)

मंडी रोड में भरा पानी घरों में भी घुसा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा सहित छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में पिछले 48 घंटे से रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से नगर का जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त रहा,इतने तेज बारिश हुई की बारिश का पानी नाली, नालों से निकल कर सड़को पर आ गया और लोगो के घरों में घुस गया,इस बात की जानकारी कलेक्टर को मिलने के बाद जिले के अपर कलेक्टर सहित भाटापारा सिमगा का पूरा प्रशासनिक अमला नगर के मंडी रोड मार्ग पर पालिका की टीम के साथ 5 घंटे से ज्यादा समय तक खड़े रहकर पानी निकासी की अस्थाई व्यवस्था कराई जिससे लोगो ने राहत की सांस ली वही इसका स्थाई हल निकालने की मांग की।इस अवसर पर कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल,भाजपा जिला मंत्री महाबल दास ,पार्षद प्रदीप शर्मा,प्रमेंद्र तिवारी प्रशासनिक टीम को सहयोग में लगे रहे।

भाटापारा सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में लगातार हो रही मुसला धार बारिश के चलते शहर के अनेक वार्डो में घरों में भी पानी घुसने की खबर है।बारिश से नगर का हर एक इलाका जल मग्न हो गया। पानी की तेज बूंदों ने लोगो को घरों के अंदर ही दुबकने मजबूर कर दिया और शहर में एक्टिव सोशल मीडिया के विभिन्न ग्रुपों में बारिश के पानी की तस्वीर सामने आने लगी।

शहर के विभिन्न इलाकों ,सड़को पर नाली नालों का पानी सड़को पर आने और घरों में घुसने तथा मंडी रोड सरस्वती शिशु मंदिर की सड़को पर 3 तीन फिट तक पानी भर जाने के बाद लोगो ने इस बात की जानकारी कलेक्टर चंदन कुमार को दी और कलेक्टर ने शीघ्र व्यवस्था सुधारने पालिका अधिकारी को निर्देश दिया और उनके निर्देश पर व्यवस्था का जायजा लेने अपर कलेक्टर बी सी एक्का, एस डी एम नरेंद्र बंजारा,अमित गुप्ता सिमगा,तहसीलदार,नायब तहसील दार ,थाना प्रभारी योगिताबली खापर्डे,पालिका अधिकारी लाल बहादुर सिंह,पी डब्लू डी एसडीओ कौशिक अपनी टीम के साथ पानी भराव क्षेत्र सरस्वती शिशु मंदिर के पास उपस्थित रहे। उपस्थित लोगो ने अधिकारियों को बताया की इस मार्ग पर बारिश के मौसम में हमेशा सड़को पर पानी भरा ही रहता है,उसकी वजह बताई जाती है की पुराना गणेश सा मिल के पास सड़क के इस पार से उस पार पानी निकासी के लिए बनी पुलिया इस समय बंद है,जिसकी ओर आज तक पालिका प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया जिस पर ध्यान दिए जाने की तत्काल आवश्यकता है।वहा पर मौजूद लोगो ने बताया की सरस्वती शिशु मंदिर के पास की पुलिया से लगभग 10 वार्डो का पानी निकलता है और पेठू तालाब जो की पूरी तरह से अवेध कब्जे की चपेट में आ गया उस पर बारिश का पानी नही समाया और हालात ऐसे बन गए की वहा से निकलने वाले दू पहिया वाहनों के सायलेंसर पर पानी घुसने लगा और वाहनों के बंद होने की खबरे आने लगी। बहरहाल कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले के आलाधिकारियों ने कुछ हद तक अस्थाई राहत तो प्रदान कर दी है और लोगो ने इसका स्थाई रूप से निदान करने की अपनी मांग दोहराई है। जिले के अधिकारियों के आने की खबर के बाद निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल ,भाजपा जिला मंत्री महाबल दास बघेल,पार्षद प्रदीप शर्मा,प्रमेंद्र तिवारी सहित काफी ज्यादा संख्या में वार्ड वासी पीड़ित लोग उपस्थित थे।

आयुष्मान भारत की 5वीं वर्षगांठ आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की पाचवीं वर्षगांठ व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला बेमेतरा में कार्यशाला का आयोजन 23 सितम्बर 2023 को आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर किया जायेगा। कार्यशाला का उद्देश्य योजना का प्रचार प्रसार किया जाना हैं। इस अवसर पर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला चिकित्सालय बेमेतरा में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड दिये जाने के साथ योजना की जानकारी आम जन को दिया जायेगा। कलेक्टर व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की हैं कि ऐसे एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार जिन्होनें अपना आयुष्मान कार्ड (ई-कार्ड) नहीं बनवाया हैं, अतिशीघ्र अपना व अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड (ई-कार्ड) बनवाये।

सीसी रोड निर्माण के लिए 26 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

बेमेतरा/नवप्रदेश। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 26 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। संसदीय मंत्री विजय बघेल की अनुशंसा पर कलेक्टर पीएस एल्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी हैं।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड एवं विधानसभा बेमेतरा के ग्राम पंचायत कुसमी में शत्रुहन वर्मा के घर से सन्तु के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 5 लाख रुपये, ग्राम पंचायत नवागांव कला में हरी पटेल के घर से बुधारी निषाद के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत बंधी में चैतु साहू के घर से द्वारिका के घर तक सिमेंटीकरण निर्माण कार्य के लिए 6 लाख, ग्राम पंचायत जेवरा में ठाकुर पारा से सतनामी पारा तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम पंचायत पेड़ीतराई में मुख्य मार्ग से संतोष पुरी तक सीसी रोड निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी सांसद निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए सांसद के नाम सहित सांसद निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लागाया जावे।

18.50 लाख रुपए की मदद से गांवों में बहेगी विकास की बयार

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिलें के साजा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों के लिए 18.50 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। शिक्षा व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे की अनुशंसा पर कलेक्टर पीएस एल्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी हैं।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड एवं विधानसभा साजा के ग्राम पंचायत भरदा के आश्रित ग्राम अमलडीह में चबुतरा निर्माण 50 हजार रूपए, ग्राम पंचायत पातरझोरी के सोहागपुर मरार पारा में 150 एमएम नलकूप खनन कर 3 एचपी मोटर पंप की स्थापना कार्य हेतु 1.50 लाख, ग्राम पंचायत जानो मरार पारा में 150 एम एम नलकूप खनन कर 3 एचपी मोटर पंप की स्थापना के लिए 1.50 लाख, ग्राम पंचायत परसबोड़ में नदीं के पास चबूतरा निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत बेलगांव में लोहार डिपरा के पास मंच निर्माण के लिए 2 लाख, ग्राम पंचायत महीदही में मेला मैदान में सार्वजनिक मंच निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम पंचायत घोटवानी घासीदास में सेन समाज मंदिर के पास चबूतरा में ग्रील फिटिंग कार्य के लिए 2 लाख, ग्राम पंचायत हाथीडोब के गौठान में चबूतरा निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम पंचायत अगरी में शिव मंदिर के पास कक्ष निर्माण के लिए 2.50 लाख, ग्राम पंचायत नवागांव खुर्द में गौठान के पास गली सीमेंटीकरण के लिए 2.50 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लागाया जावे।

महिला आरक्षण बिल के लिए लक्ष्मी ने पीएम मोदी का जताया आभार

भाटापारा/नवप्रदेश। संसद में महिला आरक्षण बिल पास होने पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा की अब महिलाओ को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने का और अच्छा अवसर मिलेगा। लक्ष्मी वर्मा ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओ के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्य सभा में पारित होने पर अपनी और महिलाओ की ओर से हर्ष जताते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।श्री मति लक्ष्मी वर्मा ने कहा आरक्षण बिल पारित होने के बाद आने वाले सुनहरे भारत में महिलाओ की अब महती भूमिका होगी और महिलाए अब अपने क्षेत्र में काफी तेज गति से आगे बढ़ सकेगी।लक्ष्मी वर्मा ने आगे कहा कि देश के लोकतंत्र एवं विकास में मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक लाने का निर्णय लेकर नई संसद में पहले ही दिन नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया ।नई संसद का पहला दिन नारी शक्ति मंदिर अधिनियम विधायक के लिए सदैव याद किया जाएगा इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार की जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षो के कार्यकाल में महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं एवं उनका मान सम्मान भी बढा है तथा वे समाज निर्माण में उनकी भूमिका भी बढ़ी है ।जनधन खाता खोलने की बात हो या फिर महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का संकल्प हो या खुले में शौच से निजात दिलाने की बात हो या फिर अपना घर अपना आशियाना हो।

दिव्यांग छात्रों का उपकरण आंकलन शिविर संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा भाटापारा मे गुरूवार को समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों मे अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं का उपकरण आंकलन शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक दिव्यांग, बहुविकलांगता से संबंधित बच्चों का परीक्षण किया गया। शिविर मे भाटापारा विकासखण्ड से 53 बालक बालिका एवं पालकों तथा सिमगा विकासखण्ड से 40 बालिका बालक एवं पालकों के द्वारा अपने बच्चों का परीक्षण कराया गया। इस शिविर हेतु राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर छ.ग. के आदेशानुसार चयनित टीम के डाक्टरो द्वारा किया गया। उक्त शिविर मे डॉ. वसीम रजा, डॉ. सुषमा माहेश्वरी, डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी व डॉ. गणेश वर्मा ने दिव्यांगत छात्र-छात्राओं का परीक्षण कर आवश्यक सलाह दी।आगामी समय मे संबंधित छात्र-छात्राओं को आवश्यक उपकरण परियोजना कार्यालय से प्रदान किया जायेगा। उपरोक्त शिविर के सफल संचालन मे बीईओ रामजी पाल, एबीईओ भास्करचंद देवांगन, मुन्ना सिंग नेताम, बीआरसी लेखराम साहू आदि मौजूद थे।

22 राईस मिलर्स को शेष चावल ज़मा नहीं करने पर नोटिस

बेमेतरा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में जिलें के 126 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर कुल 664056.8 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया हैं। जिलें के समस्त उपार्जन केन्द्रों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का जिलें एवं अन्य जिलें (बिलासपुर, रायगढ़, सक्ती, दुर्ग एवं रायपुर) के राईस मिलर्स द्वारा कस्टम्मिलिंग हेतु 9 मार्च 2023 तक संपूर्ण उपार्जित धान का शत् प्रतिशत उठाव के विरूद्ध 89 प्रतिशत चावल भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में अब तक जमा किया जा चुका हैं। उक्त जानकारी ज़िला खाद्य अधिकारी नितिन त्रिवेदी ने दी। कलेक्टर पीएस एल्मा ने ऐसे 22 राईस मिलर्स जिनके द्वारा धान उठाव के विरूद्ध भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में 25 प्रतिशत चावल जमा किया जाना शेष हैं को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं। निर्धारित समयावधि तक उठाव किये गए धान के विरूद्ध अनुपातिक चावल जमा नहीं किये जाने पर संबंधित राईस मिलर्स के विरूद्ध चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधनों एवं छग राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित से किये गये अनुबंध के शर्तो के अंतर्गत आगामी 3 वर्षो के लिए कस्टम मिलिंग हेतु काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत नगर पालिका परिषद में 15 दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ 15 सितंबर 2023 से किया गया ।अभियान के तहत 21 सितंबर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया जिसके तहत निकाय के स्वास्थ्य विभाग तथा मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता दीदी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही कार्यालय परिसर में राज्य तथा केन्द सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 75 हितग्राहियो को मकान निर्माण कार्य हेतु अनुमति प्रत्र (भवन अनुज्ञा) जारी किया गया तथा राशन कार्ड वितरण, धनवंतरी योजना ,हमरूसे

संबंधित जानकारी दिया गया कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता दीदियों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गई उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सुनीता गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता उपाध्यक्ष त्रिलोक सलुजा,लोक निर्माण विभाग के सभापति सुशील सबलानी,जल विभाग सभापति सिरीज़ जांगड़े,स्वास्थ्य विभाग के सभापति रोहित साहू पार्षद दीपक निर्मलकर प्रतिनिधि राजेंद्र वर्मा ,गेन्दराम साहु मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह कार्यपालन अभियंता एस डी शर्मा उप अभियंता राकेश सोनी स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक अजय नायडू सहायक ग्रेड 3 पूर्णेन्दु त्रिवेदी जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे आवास समन्वयक विक्की साहु धनेश साहू आदि उपस्थित थे।

आज से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया हैं। जिला प्रशासन ने गांव-गांव मतदाता सूची में नाम जोड़ने सहित अन्य जानकारी के साथ मतदाताओं को जागरूक मतदान करने विभिन्न प्रचार माध्यमों नुक्कड़ नाटक, स्कूल कालेजों में चित्रकला, रंगोली, रैली प्रचार रथ आदि माध्यम से गांव-गांव अभियान चल रहा हैं। इसी कड़ी में आज शुक्रवार 22 सितंबर से आगामी 3 अक्तूबर तक मतदाताओं को मतदान की लिए कला जत्था के कलाकार अपनी स्थानीय बोली में रोचक तरीक़े से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

दो किलो गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत 21 सितंबर को थाना साजा स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि एक व्यक्ति बिना नंबर पुरानी मोटर सायकल से बरगडा से कच्चा रास्ता होते ग्राम धौराभाठा के पास में अवैध रूप से गांजा जैसे पदार्थ रखकर खडे हैं की सूचना पर थाना साजा स्टाफव गवाहों के साथ घटना स्थल पहुचकर

घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 2 किलोग्राम कीमती करीबन 20000 रूपये एवं मोटर सायकल कीमती करीबन 20000 रूपये कुल जुमला 40000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें थाना साजा में अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी देवेन्द्र साहू पिता बेदुराम साहू उम्र 24 साल साकिन बरगडा थाना साजा के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। उक्त कार्यवाही थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सउनि तुलाराम देशमुख एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

प्रथम पेज का शेष..

बीजेपी सांसद की असंसदीय ...

जब मेरे जैसे निर्वाचित सदस्य का यह हाल है तो सामान्य व्यक्ति का क्या हाल होगा। मुझे उम्मीद है, न्याय मिलेगा, स्पीकर जांच कराएंगे। वरना मैं भी इस संसद को छोड़ने के बारे में सोच रहा हूं क्योंकि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बीजेपी के दो वरिष्ठ सांसद हंसते दिखे

रमेश बिधूड़ी के बोलते समय उनके पीछे बैठे बीजेपी के ही दो वरिष्ठ हंसते हुए नजर आए। इसमें सांसद और पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद और हर्षवर्धन सिंह शामिल हैं। जब लोगों ने इस बारे में सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ लिखना शुरू किया तो उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि वे दुखी और अपमानित महसूस कर रहे हैं। कुछ लोगों ने उनका नाम घसीटा है। उन्होंने यह भी लिखा कि सदन में जो अराजकता हुई थी, उसे हम स्पष्ट रूप से नहीं सुन सके कि कौन क्या कह रहा था।

सीएम हाउस में मायके ...

रहा है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हित में हो रहे कार्यों के फलस्वरूप आज इनकी स्थिति में काफी बदलाव आए है। वे राज्य में आर्थिक रूप से ही नहीं बल्कि सामाजिक रूप से भी संपन्न होकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश में गोधन न्याय योजना के तहत् निर्मित गौठानों में बड़े तादाद में महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। इसी तरह वनोपज संग्रहण, बिहान आदि योजनाओं के माध्यम से उन्हें आय और रोजगार के लिए साधन सुगमता से उपलब्ध हो गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में लाखों महिलाओं को इसका सीधा-सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य सहित जनहित में संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल तथा मुख्यमंत्री हाट बाजान क्लीनिक आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से उल्लेख किया।

पूर्ण बहुमत की सरकार...

आरक्षण विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह देश के लिए एक विशेष क्षण, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है। उन्होंने कहा, मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं। मोदी ने कहा, कभी-कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है। आज हम सभी ऐसे ही एक निर्णय के साक्षी बने हैं। ....संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं। उन्होंने कहा, कोटि-कोटि माताओं, बहनों के सपने को पूरा करने का सौभाग्य हमारी भाजपा सरकार को मिला है। इसलिए राष्ट्र को सर्वप्रथम मानने वाली पार्टी के रूप में, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में ये हमारे लिए गर्व का विषय है। मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए तीन दशक से प्रयास कर रही थी। ये हमारी प्रतिबद्धता थी। इसे हमने पूरा करके दिखाया है।

ईवीएम सोर्स कोड ऑडिट...

आवेदन शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर डाला जाता है तो उसे सुरक्षा ऑडिट से गुजरना पड़ता है। जनहित याचिका में एक विशेष मानक 'आईईईई 1028' को लागू करते हुए ईवीएम के स्रोत कोड के स्वतंत्र ऑडिट की मांग की गई है। साथ ही मांग की कि स्रोत का स्वतंत्र रूप से ऑडिट किया जाना चाहिए और ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि याचिका 2019 के आम चुनाव से पहले और फिर अप्रैल 2019 में दायर की गई थी। शीर्ष अदालत ने तब कहा था कि वह आम चुनाव की पृष्ठभूमि के खिलाफ जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार नहीं कर सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी गई थी कि वह नये सिरे से आवेदन करें। इसके बाद सुनील ने 2020 में शीर्ष अदालत के समक्ष एक और जनहित याचिका दायर की थी। इसके बाद उन्हें चुनाव आयोग के समक्ष प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी गई। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से कहा कि चूंकि चुनाव आयोग ने उनके तीन अभ्यावेदनों का जवाब नहीं दिया, इसलिए उन्हें फिर से अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

टिकट वितरण और चुनावी ...

खाका तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को प्रोटोकॉल, स्वागत समिति, अनुशासन समिति, संचार समिति, चुनाव समिति, घोषणा पत्र समिति और कोर कमेटी यानी कुल 7 समितियों की बैठक हुई। 2018 में पार्टी की ऐतिहासिक जीत में घोषणा पत्र का ही अहम रोल था।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत संकुल स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। संकुल केंद्र समग्र शिक्षा बिजराडीह (भाटापारा) अंतर्गत प्राथमिक शाला सेंदरी में संकुल स्तरीय विज्ञान संबंधी चित्रकला/ पोस्टर/माडल/ विज्ञान- गणित क्विज एवम कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता संपन्न की गई । इस अवसर पर हुई प्रतियोगिता में हुए विजेता छात्र छात्राओं में विज्ञान माडल में प्रथम स्थान ईशा बंजारे कक्षा 8वी पूर्व माध्यमिक शाला बिजराडीह, द्वितीय कबीर कक्षा 6 वी ने प्राप्त किया । विज्ञान गणित क्विज में प्रथम मोनिका कक्षा 10 वी शासकीय हाई स्कूल बिजराडीह एवम द्वितीय स्थान पर सागर टंडन पू. मा.शाला सुरखी रहे। कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर घासी कक्षा 5वी प्राथमिक शाला सेंदरी एवम द्वितीय स्थान पर ओमकुमार कक्षा 5 वी प्राथमिक शाला बिजराडीह रहे।

उक्त प्रतियोगिता में संकुल प्राचार्य दर्शन सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक राजेश कुमार शर्मा, प्रधानपाठक जीतराम वर्मा, रामकुमार ध्रुव, भुवनलाल साहू, शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा , राजेंद्र देवांगन, सुरेंद्र कुमार भगत, कविता साहू ,राजकुमारी साहू, कुंती ध्रुव आदि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

मिनी माता सम्मान के लिए आवेदन 10 अक्टूबर तक

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ला वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान के लिए उत्कृष्ठ कार्य करने वाली राज्य की एक महिला, अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ''मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'' प्रदान किया जाता है। वर्ष 2023-24 के लिए उपरोक्त सम्मान के लिए आवेदन 10 अक्टूबर 2023 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम को प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज प्रमाणित संलग्न करना होगा। आवेदन एवं योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम में संपर्क कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। एक बार अस्वीकृत किए जा चुके आवेदन पुनः विचारणीय नहीं होगें।

लालपुर में चला एड्स जागरूकता अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। नेहरू युवा केंद्र कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में सारभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में एड्स जागरूकता पर रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत लालपुर में साक्षी युवती मंडल द्वारा और बोड़ला ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक पुनीराम यादव के नेतृत्व में किया गया। रंगोली में प्रथम स्थान पर मोनिका नेताम, द्वितीय स्थान पर सुनीता, तृतीय स्थान पर पूजा यादव ने प्राप्त किया। इस प्रकार पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हिना पटेल, द्वितीय स्थान पर रिया साहू एवं तृतीय स्थान अंकिता ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर उनको प्रोतसाहित किया। इस प्रकार एड्स जागरूकता अभियान में युवतियों को एड्स के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एड्स जागरूकता बहुत ही जरूरी है सभी को इसके बारे में पता होना चाहिए एड्स किस तरह फैलता है और उस पर कैसे नियंत्रण करना है। यहां बताया गया कि आई सी टी सी केंद्र जाकर उपचार करवाना चाहिए। अपने मो. में नैको ऐप्प को डाउनलोड करना चाहिए और एड्स संबंधित अधिक जानकारी या सहायता के लिए एड्स हेल्पलाइन नम्बर 1097 पर काल करना चाहिए साथ ही युवाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

बिरकोना में निकली मतदाता जागरूकता रैली

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में तथा स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षकों, विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प दिलाया गया और रैली निकाली गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय से स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव एपीसी उपस्थित हुए। उन्होंने शत प्रतिशत मतदान के लिए सबको प्रेरित किया तथा अंत में सबको शपथ दिलाई। इसके पूर्व स्कूली बच्चों ने विद्यालय परिसर से एक रैली निकाली तथा ÷वोट देबर जाबो, चुनई तिहार मनाबो÷ का नारा लगाते हुए प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस अभियान में विद्यालय के प्राचार्य के.आर. चंद्रवंशी सहित समस्त व्याख्यातागण,शिक्षकगण एवम समस्त बच्चे शामिल हुए।

नि:शुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आज

कवर्धा/नवप्रदेश। आयुर्वेद विभाग द्वारा 23 सितंबर को विशाल निःशुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। 23 सितम्बर शनिवार को जिला सत्र न्यायालय के सामने विशाल आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग (आयुष) स्वास्थ्य शिविर प्रातः 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक आयोजन किया जाएगा। शिविर में जिले भर के आयुष चिकित्सको द्वारा रोगियों का परीक्षण किया जाएगा तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया जाएगा। शिविर में दिनचर्या, रात्रिचर्या, भोजन व्यवस्था, ऋतुचर्या, सदव्रत, योग तथा स्वस्थवृत्त के विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक नियमों की जानकारी भी दी जाएगी इसके साथ ही होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध रहेगा। प्रभारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. लीना तिवारी तथा शिविर प्रभारी डॉ कमलेश कुमार वर्मा ने जन सामान्य से अधिक से अधिक संख्या में इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

कमला कॉलेज में बीएमआई शिविर संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी रान महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा प्राचार्य डा. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में पोषण माह के तहत तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत सभी संकायों की छात्राओं का वजन तथा 3 ऊंचाई लिया गया और बीएमआई के माध्यम से छात्राओं का पोषणीय स्तर पर आंकलन किया गया। जिसमें कम भारिता (दुबली-कुपोषित) तथा अधिक भारिता (मोटापा) का आंकलन किया गया। कुपोषित एवं मोटापा पाये जाने वाले छात्राओं को आहारिय सलाह (डाइट थैरेपी) के माध्यम से आहार एवं पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई।



निर्माण कार्यों की विधायक ने रखी आधारशिला, कहा-विकास सर्वोपरि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा में निरंतर विकास कार्यों के भूमिपूजन का दौर जारी है। आम जन के हितों को ध्यान में रखते हुए लगातार विभिन्न निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी जा रही है। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने शुक्रवार को क्षेत्र में एक करोड़ से अधिक की लागत के विकास कार्यों की नींव रखी। इनमें सड़क सहित पुल-पुलिया निर्माण शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांवों का विकास तेज गति से किया है। आधारभूत संरचना को मजबूत कर ग्रामीणों के लिए बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। सरकार ने लोगों के बीच भरोसा कायम किया है।

शुक्रवार को भूमिपूजन के कार्यक्रमों में शामिल हुई विधायक छन्नी साहू ने ग्राम तेलगान में मेन रोड से प्राथमिक शाला तक 16.70 लाख की लागत से निर्मित होने वाली 400 मीटर लंबी सुगम सड़क के निर्माण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा-देश के भविष्य का मार्ग सुगम हो रहा है। सरकार ने शिक्षा की उत्कृष्टता के लिए भी विशेष प्रयास किए हैं। सहूलियतों का ध्यान भी रखा जा रहा है।

इसी क्रम में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम झालाटोला-हैदलकोड़ो के बीच एक किलोमीटर लंबाई वाले पुल-पुलिया सहित कुल 97.45 लाख की लागत के विकास कार्यों के भूमिपूजन के विकास कार्यों की भी आधारशिला रखी। ग्राम

हैदलकोड़ो में मेन रोड से है स्कूल भवन तक 18.54 लाख की लागत से बनने वाली 390 मीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन का कार्य भी छन्नी साहू ने संपन्न किया। यह कार्यक्रम काफी विशेष रहा। इन निर्माणों की दरकार लंबे समय से थी। विधायक छन्नी साहू के निरंतर प्रयास से इनके लिए स्वीकृति प्राप्त हुई। इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र की जनता को फायदा मिलेगा, साथ ही आवागमन सुगम होंगे।

छन्नी साहू ने ग्रामीणों के बीच कहा कि-यह भावुक क्षण है। इन कार्यों के लिए ग्रामीणों से सलाह मशविरा होता रहा। आज सभी के आशीर्वाद से प्रयासों को सफलता मिली और यह कार्य संभव हो सका। मुझे प्रसन्नता है कि जल्द ही स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने कांग्रेस सरकार और विधायक छन्नी साहू का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, ब्लाक किसान कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी लाल साहू, श्रीमती चंद्रिका वर्मा, श्रीमती मोहन कंवर साहू, सरपंच रामखिलावन उइके, विशाल बघेल, शशि कुमार खिलाड़ी, बादराटोला सरपंच देवकुमार चंद्रवंशी, होमकुमार साहू, खिलावन साहू, खिलावन भरद्वाज, श्रीमती राही यादव सचिव, पंच मोहनी उइके, पंच श्रीमती भुनेश्वरी उइके, रैनू चंद्रवंशी, गणपत राम, विजय मोटघरे, टेमू राम, धरम कॅवर, रामेश्वर कौशिक सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

जनता ने बनाया भाजपा के लिए मन : विकास दीवान

नवागढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा का नवागढ़ आगमन मंगलवार को हुआ। जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व शर्मा, विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक अजय चंद्राकर, महामंत्री केदार कश्यप, धर्मजीत सिंह, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, तोखन साहू सहित प्रदेश के दिग्गज नेतागण शामिल हुए। सारी गुटबाजी को किनारे करके इस परिवर्तन यात्रा के आगमन पर नवागढ़ में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम के साथ

भव्य स्वागत ने विधानसभा में भाजपा के एकता का संकेत दिया है। रैली का युवा मोर्चा के तीनों मण्डल अध्यक्षों के नेतृत्व में उमरिया से नवागढ़ तक हजारों की संख्या बाइक रैली निकाली गई। नवागढ़ आगमन पर राजीव गांधी चौक के नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू की अगुवाई आतिशबाजी की गई। ततपश्चात रामकिर्तन मंडली, सुवा, पंथी, कर्मा दल के साथ यात्रा गौरवपथ के रास्ते सभा स्थल तक पहुँची। सभा स्थल में महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय के नेतृत्व में महिलाओं ने अतिथियों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। सभा मे मुख्यमंत्री बिश्व शर्मा ने हजारों के लोगों को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के पश्चात नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा काफी मजबूत नजर आ रही है, वही कार्यकर्ता भी रिचार्ज हुए हैं। तो दूसरी तरफ कांग्रेस बाजार से कहीं गायब है। सफल कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान में कहा कि परिवर्तन यात्रा में उपस्थित नवागढ़ विधानसभा का जन सैलाब बता रहा है कि यहां के जनता ने भाजपा के पक्ष में मन बना लिया है। गांव-गांव में जहां परिवर्तन यात्रा पहुंची वहां के लोगों ने पूरे अपनेपन के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया है। आमसभा में तो मुख्यमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

बीपीएल परिवारों को हो रहा चना वितरण

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की स्वादिष्ट चना वितरण योजना के माध्यम से प्रदेश के अनुसूचित एवं माडा क्षेत्रों में कुपोषण से मुक्ति के लिए स्वादिष्ट चना का वितरण किया जा रहा है। इससे कबीरधाम जिले के बैगा माडा क्षेत्र के ग्रामवासी लाभान्वित हो रहे है और प्रतिमाह चना का वितरण किया जा रहा है। इस योजना से जिले के 73 ग्राम पंचायत के 33 हजार 794 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने एक दिवसीय प्रवास के



दौरान बोड़ला के सामुदायिक भवन में बैगा माड़ा क्षेत्र 13 अतिरिक्त गांव के ग्रामवासियों को चना वितरण का शुभारंभ किया। इसमें शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 5 हजार 504 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को चना का वितरण किया। इसके पूर्व जिले के बैगा माडा क्षेत्र के 60 ग्राम पंचायत के 28 हजार 290 बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों को चना वितरण किया जा रहा है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक बिल राजीव गांधी की दूरदर्शिता का परिणाम : मदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 20 सितंबर 2023 को नए संसद भवन में बहुमत से पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की दूरदर्शिता का परिणाम है। जिला किसान कांग्रेस मदन साहू ने संविधान के 128वें संशोधन के रुप में पारित महिला आरक्षण विधेयक को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि-यह भाजपा के उन आरोपों का जवाब भी है जिसमें वे 60 सालों में स्वतंत्र भारत के विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था को झूठलाते हैं। साहू ने कहा कि-सबसे पहले वर्ष 1989 में राजीव गांधी की सरकार में स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने सदन में महिला आरक्षण

विधेयक लाया था। वर्ष 1993 में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने दोबारा ये बिल सदन में रखे और पारित करवाए। इसके बाद ही पंचायत और निकायों में महिला आरक्षण लागू हुआ।

नतीजा है कि आज देश में तकरीबन 15 लाख महिलाएं निकायों का प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं। तथ्यों को रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि-प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यूपीए सरकार ने लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए 2008 में इस बिल को 108वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में राज्यसभा में पेश किया था। वहां यह बिल नौ मार्च 2010 को भारी बहुमत से पारित हुआ, लेकिन क्षेत्रीय दलों ने इसमें अड़ंगा डाला। यह बिल तब से ही अस्तित्व में है, जिसे आज भाजपा सरकार सदन में लेकर आई। लोकसभा में पारित हो चुके नारी शक्ति वंदन विधेयक पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि-वर्ष 2017 में कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता श्रीमती सोनिया गांधी ने इस आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था।

हाथ में पिस्टल लेकर लोगों को धमका रहा आरोपी अरेस्ट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू व साइबर सेल प्रभारी भरत बरेठ के नेतृत्व में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023-24 के मद्देनजर शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु एवं गणेश पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टि से असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत 22 सितंबर 2023 को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि शैलेष यादव उर्फबालु नामक व्यक्ति रेल्वे स्टेशन माल धक्का राजनांदगांव में पिस्टल अपने हाथ में लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। आसपास के लोग दहशत में है। सूचना पर तत्काल

सायबर सेल राजनांदगांव एवं थाना कोतवाली स्टॉफ के संयुक्त टीम गठित कर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता शैलेष यादव उर्फ बालु पिता शंकर यादव उम्र 40 साल, निवासी वार्ड नंबर-11 शांति नगर, ओपी चिखली, थाना-कोतवाली, जिला-राजनांदगांव बताया। तलाशी लेने पर एक नग देशी पिस्टल एवं 1 नग 7.65 एमएम का जिंदा कारतूस मिला। आरोपी द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मकसद से अवैध रूप से पिस्टल रखना पाये जाने से मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 746/23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

कुपोषण को दूर करने में मददगार बन रहा 'पुट बारो-सेरी बाढ़न'

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कुपोषण की समस्या को खत्म करने का संकल्प लिया और इसके लिए 2 अक्टूबर 2019 को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरुआत की। आज यह अभियान पूरे छत्तीसगढ़ में संचालित है, जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती माताओं, शिशुवती माताएं और 6 वर्ष आयु उम्र तक के बच्चों के लिए गरम और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

दूसरी ओर सुदूर अंचलों में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पारम्परिक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन

संभव नहीं हो पा रहा है, ऐसी स्थिति में कबीरधाम जिले में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए अभिनव पहल की गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के निर्देश और मार्गदर्शन में कबीरधाम जिला में 11 अप्रैल 2023 से 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को नया विस्तार दिया जा रहा है। अपनी तरह के अद्वितीय कार्यक्रम 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' को कबीरधाम जिला में कुपोषण और एनीमिया मुक्त भविष्य की दिशा में एक आदर्श पहल के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़ों में महिलाओं एवं बच्चों के कुपोषण और एनीमिया की दर को देखते हुए कबीरधाम जिला को कुपोषण और एनीमिया से मुक्त करने की अभियान की शुरुआत की गई। सर्वेक्षण के परिणाम में 5 वर्ष के कम उम्र के बच्चे कुपोषण से पीड़ित थे। इनमें ज्यादातर मामले जिले के सुदूर अंचलों के थे। 'पुट बारो-सेरी बाढ़न' खासतौर से दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में स्थित मजरा-टोला और पारा के लिए है।

कार्यालय, नगर पंचायत उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

फोन नंबर 0788-2673701 E-mail-cmoutai@rediffmail.com

क्रमांक/1206/लो.नि.शा./निविदा/न.पं./2023 उतई दिनांक 20/09/2023

।। मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पंचायत उतई क्षेत्रान्तर्गत मूलभूत सुविधा अंतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत निर्माण कार्य एवं पार्षद निधि मद अंतर्गत सामग्री प्रदाय हेतु लागत राशि 16.85 लाख रूपये हेतु निविदा प्रपत्र-ए/सी मे बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के द्वारा तीन लिफाफा पद्धति सक्षम श्रेणी में पंजीकृत साथ ही जी.एस.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के प्रचलित पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर. 01.01.2015 से प्रभावशील एवं सूचना जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची से निविदाएं प्रतिशत दर पर निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का अंतिम तिथि	-	29/09/23 को शाम 05.00 बजे तक
2 कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	03/10/23 को शाम 05.00 बजे तक
3 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	10/10/23 को दोप. 03.00 बजे तक
4 निविदा खोलने की अंतिम तिथि	-	10/10/23 को शाम 04.00 बजे

टीपः- निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग के वेबसाईड एवं कार्यालय सूचना पटल पर प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगा ।

''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें''

''जल ही जीवन है ''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत उतई

जनचौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जन चौपाल में जिले के दूर-दराज से पहुंचे वनांचल, ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनी और नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का उचित क्रियान्वयन कर योजनाओं का लाभ आम लोगों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर जन चौपाल में आए

सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पवनतरा के ग्रामीणों ने शिक्षक के स्थाई पदाकंन के लिए आवेदन दिया।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम बम्हनी निवासी दशरू ने धान विक्रय पंजीयन करवाने आवदेन दिया। कलेक्टर ने कृषि विभाग के उप संचालक को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में धनेश कुमार आडिले ने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, पट्टा, नक्शा-खसरा, बंटवारा, नामांतरण, फौती आदि से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया तथा त्वरित निराकरण की मांग की। सभी आवेदकों ने भी अपनी समस्या और मांगों से संबंधित आवेदन पत्र कलेक्टर को सौंपे। कलेक्टर श्री महोबे ने ग्रामीणों के विभिन्न समस्या एवं मांगों से संबंधित आवेदन को गंभीरता से लिया और नियमानुसार निराकरण की बात कहीं। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)

Pho no. 0771-2535780, 90, Fax- 0771-2227395, Email- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 1081/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2023 रायपुर, दिनांक 20/09/2023

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुषांत बोस पिता स्व. श्री आर.पी. बोस म.नं. 01, स्टेट बैंक कालोनी, वल्लभ नगर के पास, टैगोर नगर रायपुर (छ.ग.) का ग्राम शंकर नगर प.ह.नं. 63, स्थित खसरा क्र. 975/13 शामिल 976/1 कुल रकबा 0.093 हेक्टेयर, 976/2 रकबा 0.093 हेक्टेयर, ख.क्र. 976/5 रकबा 0.046 हेक्टेयर कुल रकबा 0.0232 हेक्टेयर पर आवासीय (निगमित) कालोनी में विकास कार्य प्रारंभ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गए फ्लैट का विवरण आम लोगों की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है -

बंधक फ्लैट का विवरण :-

क्र.	तल	फ्लैट क्रमांक	संख्या	रकबा प्रति फ्लैट
1	प्रथम तल	A-4	01	78.53 Sqm.
2	तृतीय तल	C-4	01	78.53 Sqm.
	योग		02	157.06 Sqm.

उपरोक्तानुसार बंधक फ्लैट को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं, इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक फ्लैट को क्रय न किया जावें।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम,
रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

Email ID- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./737/ न.पा.प./ लो.नि.वि./2023-24 सरायपाली दिनांक 21/09/2023

// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद् सरायपाली क्षेत्रांतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो / ठेकेदारों से त्रि- लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रपत्र 'अ' अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building/Road SOR w.e.f. on 01.01.2015, Electrical SOR 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि- 03.10.2023 समय 03.00 बजे अपरान्ह तक ।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि- 05.10.2023 समय 04.00 बजे अपरान्ह तक ।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 12.10.2023 समय 03.00 बजे अपरान्ह तक ।
4. प्रस्तुत निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि- 12.10.2023 समय 04.00 बजे अपरान्ह से ।

क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रु.लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	समय सीमा
1	वार्ड क्र. 06 प्रा.शा. मंदिर स्कूल का मरम्मत कार्य।	2.47	1853.00	750/-	03 माह (वर्षा ऋतु को छोड़कर)
2	वार्ड क्र. 02 बी.आर.सी. भवन का मरम्मत कार्य।	6.42	4815.00	750/-	
3	महात्मा गांधी जी मूर्ति स्थापना कार्य।	10.00	7500.00	750/-	

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://uad.cg.gov.in/ से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है ।

टीप- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सरायपाली

एनएमडीसी, बचेली ने जीता सबसे प्रतिष्ठित एफआईएमआई पुरस्कार

बचेली/नवप्रदेश। एनएमडीसी, बचेली को नई दिल्ली में आयोजित 57वीं एजीएम के दौरान 'सामाजिक उत्तरदायित्व' (2022-23) श्रेणी के लिए सबसे प्रतिष्ठित एफआईएमआई पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एनएमडीसी, बचेली को सामाजिक जिम्मेदारी और सतत विकास में उत्कृष्टता के लगातार प्रयासों के कारण यह पुरस्कार मिला है।

यह पुरस्कार डॉ. वी.के. सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग द्वारा प्रस्तुत किया गया और फीमी के अध्यक्ष श्री सुमित देब की उपस्थिति में श्री दिलीप कुमार मोहंती, निदेशक (उत्पादन), एनएमडीसी द्वारा यह पुरस्कार प्राप्त किया गया।

यह पुरस्कार समारोह 18.09.2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था जिसमें कई संगठनों, निगमों ने पुरस्कारों के लिए भाग लिया था।

इस उपलब्धि का श्रेय एनएमडीसी के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक (उत्पादन) और अधिशासी निदेशक (कार्मिक और सीएसआर) को जाता है जो सतत सामाजिक विकास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते रहे हैं।

बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री बी. वेंकटेश्वरलु ने इस पुरस्कार को जीतने पर कहा कि एनएमडीसी, बचेली बस्तर क्षेत्र के सतत विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वन शुरू से करती आई है जिसके परिणामस्वरूप आज यह पुरस्कार हमें प्राप्त हुआ है और आगे भी हम सतत विकास हेतु प्रयासरत रहेंगें।

तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड-3 की अनंतिम सूची जारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) जिला नारायणपुर में तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड-3 पद के लिए कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का अंतिम का प्रकाशन कर 20 सितंबर को परीक्षा केन्द्र डिस्ट्रिक्ट डाटा सेंटर कार्यालय कलेक्टर जिला नारायणपुर में कौशल परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्त आधार पर अनंतिम चयन सूची एवं अनंतिम प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईट www.narayanpur.gov.in में किया गया है। उक्त सूची के संबंध में 27 सितंबर कार्यालयीन समय तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है।

कन्हारपूरी के लोगों की मांग पूरी, अब बनेगी सड़क

- ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने 18 लाख की दी स्वीकृति
- ग्रामीणों ने कलेक्टर का जताया आभार

कांकेर/नवप्रदेश। सड़क बिजली पानी शिक्षा ये हर किसी को इन सबकी जरूरत होती है। ग्रामीणों की सबसे प्रमुख मांग अपने जनप्रतिनिधि से सड़क बिजली पानी शिक्षा को लेकर रहती है। लंबे समय से ग्रामीणों की मांग पूर्ण नही होने के बाद कन्हारपुरी गांव के लोग अपनी सड़क की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी मांग पूर्ण कराने का मामला सामने आया है जनपद पंचायत कांकेर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के ग्रामीणों की लंबे समय से गांव में सड़क निर्माण कार्य को लेकर की जाती रही है इस दौरान लंबे समय की मांग पूर्ण नही होता देख ग्रामीण एकजुट होकर जिले की संवेदन शील कलेक्टर प्रियंका शुक्ला से मुलाकात कर ग्राम कन्हारपुरी डोंगरी पारा के सड़क निर्माण कार्य के मांग करते ज्ञापन सौंपा।कलेक्टर प्रियंका शुक्ला ने ग्रामीणों की मांग को तत्काल पूर्ण करते हुए ज़िला खनिज न्यास निधि से 18 लाख रुपए स्वीकृत कर ग्रामीणों की मांग को पूर्ण किया । ग्रामीणों की मांग पूर्ण होते ही कन्हारपूरी डोंगरी पारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर प्रियंका शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर किया है।समस्त ग्रामीणों ने कलेक्टर को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

396 पदों पर लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार और लोन मेला

कोरिया /नवप्रदेश। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त आवेदकों के लिए कार्यालय द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सलका बैकुण्ठपुर में 23 सितम्बर को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक विभिन्न संस्थाओं में 396 पदों भर्ती एवं व्यवसाय हेतु रोजगार तथा लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है।

जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राही एवं शिक्षित अन्य युवा वर्ग अपने समस्त शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, निवास-जाति, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट फोटो के साथ लाईवलीहुड कॉलेज, सलका में आयोजित रोजगार मेला में समय पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

रोजगार मेला में अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के लिए सिक्यूरीटी गार्ड, असिस्टेंट सुपरवाइजर, सिक्यूरीटी सुपरवाईजर, कारपेंटर, सिक्यूरीटी गार्ड, मार्केटिंग, बैकुण्ठपुर एस.बी.आई. लाईफ में जी.टी., डी.एम., एल.एम., बिलासाभूमि बिल्डर्स प्राईवेट लिमिटेड निचर साई नगर उस्लापुर में मार्केटिंग असिस्टेंट, सेल्स असिस्टेंट एवं ऑफिस असिस्टेंट, विक्टर फाईनेंस प्राईवेट लिमिटेड संतोषी नगर रायपुर में कस्टमर रिलेशनशीप ऑफिसर एवं असिस्टेंट ब्रांच हेड, एल.आई.सी. ऑफइण्डिया चैनपुर मनेन्द्रगढ़ में एजेंट तथा स्टार हेल्थ इन्स्योरेंश कैनरा बैंक के पास मनेन्द्रगढ़ में एस. एम. तथा आई. सी.-38 के लिए कुल 396 पदों पर नियुक्ति की जानी है।

आवेदक की योग्यता आठवीं से लेकर स्नातक तथा वेतनमान 6 हजार से 20 हजार तक निर्धारित किया गया है, साथ ही बेरोजगार हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने हेतु शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जायेगी।

आश्रम स्कूल में बच्चों के बीच पहुंची कलेक्टर प्रियंका

- स्कूल पहुंचकर बच्चो से कहा खुश रहकर पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को करे हासिल

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरहरपुर का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 8वीं एवं 9वीं के बालिकाओं को अंग्रेजी विषय पढ़ाई तथा बालिकाओं को जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य को हासिल करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खुश रहकर पढ़ाई करें। शिक्षक, शिक्षिका द्वारा जो भी पढ़ाया जाता है उसे कापी में लिख कर रखना चाहिए और घर जाने के बाद उसका पुनः अभ्यास करना चाहिए। बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि ''करत-करत अभ्यास के जड़ मति होत सुजान,रसरी आवत-जात ही सिल पर पड़त निशान बालिकाओं को मोबाइल से दूर रहने तथा मैदान में खेलने तथा कम से कम 07 घण्टा सोने की भी समझाईश दिया। उन्होंने बालिकाओं से अंग्रेजी विषय के प्रश्न भी पूछे और उन्हें सरल भाषा में समझाया। बालिकाओं की मांग पर खेल मैदान एवं खेल सामग्री सहित अन्य सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल भी मौजूद थे।

बिहान मार्ट का संचालन कर रही महिला समूह हो रही हैं सशक्त

- दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों का विक्रय कर प्राप्त कर रहीं हैं अतिरिक्त आय

समूह की 70 महिलाओं को मिला रोजगार

योजना के शुरुआती चरण में वाड्रफनगर और राजपुर में दूध संग्रहण केंद्र खोले गए है, जिसमें विभिन्न समूह की 70 महिलाएं दूध संग्रहण और वितरण का कार्य कर रही हैं, इसके अलावा इस कार्य के द्वारा 04 अतिरिक्त लोगों को अलग से रोजगार प्राप्त हुआ है। समूह की महिलाओं के द्वारा आस-पास के 10 गांवों के 76 पशुपालकों से लगभग 152 लीटर दूध की खरीदी नियमित रूप से की जा रही है। समूह की महिलाओं द्वारा नगरीय क्षेत्र के 136 उपभोक्ताओं को प्रतिदिन बिहान मार्ट के द्वारा दूध का विक्रय किया जा रहा है। साथ ही बचे हुए दूध से समूह की महिलाएं विभिन्न प्रकार के मिठाइयां तैयार कर रहें हैं। इस योजना की शुरुआत से अब तक दोनों केंद्रों के द्वारा लगभग 05 लाख 70 हजार की दूध की खरीदी की गई है, तथा 05 लाख 64 हजार की बिक्री की जा चुकी है।

बलरामपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों तथा महिलाओं की आजीविका के साधनों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विकासखण्ड वाड्रफनगर एवं राजपुर में दूध इकाई की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा किया गया है। जिसका उद्देश्य महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पशुपालकों को बाजार उपलब्ध कराना है।

ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा 35 महिलाओं को दो समूह को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षित कर डेयरी संचालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में दूधवाला नामक दो दूध इकाई का संचालन महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। समूह की महिलाएं आस-पास के पशुपालकों से दूध खरीदकर दूध तथा दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों का विक्रय कर रहीं हैं। जिससे समूह की महिलाओं को रोजगार तथा ग्रामीण पशुपालकों को बाजार मिलने से उनकी आय में वृद्धि हो रही है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित मसालों के साथ-साथ दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ और मिठाइयों की बिक्री की जा रही है। अब तक 02 लाख 20 हजार रुपये की दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा चुकी है, जिससे महिला स्व सहायता समूहों को लगभग 02 लाख 15 हजार की आय प्राप्त हुई है।

स्वस्थ रखने के लिए चलाया जा रहा राष्ट्रीय पोषण माह

नारायणपुर/नवप्रदेश। संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ सत्येंद्र नाग के निर्देशन में महिलाओं और बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए राष्ट्रीय पोषण माह के तहत उन्हें अब योग से जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीना खोबरागड़े द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को योग प्रशिक्षण के साथ योग जागरूकता के अलावा पोषण की भी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों को बताया कि नियमित तौर पर यदि योग किया जाए और यौगिक आहार लिया जाए तो शरीर में स्फूर्ति और ऊर्जा बनी रहती है। डॉ. बीना खोबरागड़े ने कहा कि योग से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है साथ ही प्रतिरोधक क्षमता से डिप्रेशन एवम अन्य बीमारियों से भी लड़ने में मदद मिलता है।

भृत्य, चौकीदार, अर्दली और फर्राश के रिक्त पदों के लिए परीक्षा आज

नारायणपुर/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर राजस्व, आदिवासी विकास शाखा तथा आयुर्वेद विभाग में चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत भृत्य, चौकीदार, अर्दली तथा फर्राश के रिक्त पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों का बहुवैकल्पिक परीक्षा 23 सितंबर को किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी महिला अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र शासकीय बुनियादी कन्या शिक्षा परिसर गरांजी, नारायणपुर एवं पुरुष अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र शासकीय बुनियादी बालक आवासीय विद्यालय गरांजी, नारायणपुर तथा शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बखरूपारा, नारायणपुर निर्धारित किया गया है। समस्त अभ्यर्थी उक्त दिवस पर दोपहर 12 बजे परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट www.narayanpur.gov.in में अपलोड कर दिया गया है, एवं जिला कार्यालय नारायणपुर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

पशु पालक उठा रहे हैं मोबाईल वेटनरी यूनिट की सुविधा का लाभ

- पशुओं में होने वाली बीमारियों और उनसे बचाव की दी जा रही जानकारी

बलरामपुर/नवप्रदेश। पशुधन विकास विभाग अंतर्गत जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के सभी विकासखंडों में मोबाइल वेटनरी यूनिट संचालित है। मोबाईल वेटनरी यूनिट द्वारा विकासखण्डवार प्रतिदिन 02 गौठानों में शिविर आयोजित कर पशुओं का इलाज किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से अब तक 902 पशुओं का टीकाकरण, 152 बधियाकरण, 2967 पशु उपचार, 1655 औषधी वितरण एवं कृत्रिम गर्भाधान, शल्यक्रिया, नमूनों की जांच इत्यादि कार्य कर पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक ने बताया है कि मोबाइल वेटनरी यूनिट के माध्यम से दूरस्थ ग्रामों के पशुपालकों को अपने निकटतम गौठानों में ही पशुओं के उपचार हेतु निःशुल्क सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। मोबाईल वेटनरी यूनिट द्वारा ऑडियो/वीडियो के माध्यम से पशुओं में होने वाली बीमारियों एवं उनके बचाव तथा वायरल बीमारी लम्पी स्किन डीसीज से पशुओं के बचाव एवं रोकथाम हेतु पशुपालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

सभा | पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी होंगे शामिल

कल होगी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की जिला स्तरीय सभा

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा कांकेर के तत्वधान में 24 सितम्बर को कांकेर के मेला भाटा मैदान में एक बड़ी आमसभा आयोजित होने जा रही है। जानकारी के अनुसार आम सभा से पहले कांकेर में एक विशाल रैली भी निकाली जाएगी जिसके बाद यह रैली मेला भाटा मैदान पहुंचेगी और फिर सभा आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में पूरे जिले भर से हजारों लोगों के जुटने की संभावना है। वही इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां भी जोरो शोरो से चल रही है।

प्रदेश में राजनीतिक हलचलें जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे वैसे बढ़ते जा रही है उसी के तहत भारतीय शक्ति चेतना पार्टी एक बड़ी आमसभा कांकेर में आयोजित होगी। इस कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला 23 सितम्बर की देर शाम कांकेर पहुंचेंगी। इसके साथ ही अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी का भी आगमन होगा।

विदित हो कि नशा मुक्ति के नारे के साथ पार्टी चुनावी मैदान में उतरने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां कर रही है उसी के तहत पार्टी ने लगभग 30 विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी कर दी है। इसके साथ ही पूरे 90 विधानसभा सीट पर पार्टी के चुनाव लड़ने की तैयारियां चल रही है। उसी के तहत एक बड़ा और अहम कार्यक्रम कांकेर में आयोजित होगा। पार्टी जिलाध्यक्ष थाकेश माहला ने बताया कि यह अब तक का जिले का सबसे विशाल आम सभा आयोजित होने जा रही है जिसमें हमारी पार्टी के द्वारा सभी वर्ग के लोगों का आवाहन किया गया है। सभा के दौरान बहुत से नए लोग हमारी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे साथ ही साथ पार्टी की विचारधारा को व्यापक स्तर पर प्रचारित और प्रसारित करने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे कांकेर जिले से हजारों लोगों की उपस्थिति रहेगी उसके साथ ही साथ पूरे प्रदेश के हर जिलों से संगठन और पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की तैयारियां भी जोरों शोरों से चल रही है शहर में पोस्टर लगने शुरू हो गए हैं और व्यापक स्तर पर कांकेर जिले में प्रचार प्रसार चल रहा है।

न्यूज गैलरी

नपं ने किया स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

नवागढ़/नवप्रदेश। स्वछता ही सेवा पखवाडा अंतर्गत इन्डियन स्वच्छता लीग का आयोजन किया गया। नवागढ़ नगर पंचायत प्रागण में निकाय के अधिकारी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, सफाई मित्र एवं उपस्तिथि में स्वास्थ्य परिक्षण, आवास योजना, उज्वाल्ला योजना, स्मार्ट कार्ड जैसी अन्य आवश्यक सुविधावों के लिए जानकारी दी गई। जो सफाई मित्र योजना से वंचित है उन्हें तत्काल सम्बन्धित फॉर्म भरवाया गया। नवागढ़ सीएमओ टीआर चौहान ने नागरिको से अपील किया कि कचरा खुले में न फेके। कचरा डोर टू डोर सफाई मित्रो को सुखा एवं गिला कचरा अलग अलग कर देने हेतु सुझाव दिया। सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर को मुक्त करने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। इस दौरान संजय मोटवानी उपभियंता, मुकेश तिवारी लेखापाल, मिलन सोनकर भिखम, कुशाल, विश्वजीत, हेमंत संतराम, रामकुमार एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रत्याशी विक्रांत ने पीएम मोदी का जताया आभार

खैरागढ़/नवप्रदेश। देश की नई संसद में पहली बैठक के दौरान ही लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण बिल पेश किए जाने पर महिलाओं में काफी उत्साह है। राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह ने इसे लेकर मोदी सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के राजनीतिक परिवेश को बदल देने वाला साबित होगा। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पेश होने पर आभार जताते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में पिछले नौ वर्षों से निरंतर न सिर्फ समाज में महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का काम किया गया है। अपितु आर्थिक रूप से भी समस्त महिलाओं को मजबूत करने का प्रयास मोदी जी का रहा है। यह दिखाता है कि मोदी सरकार सिर्फ कथनी में ही नहीं करनी में भी महिलाओं का सम्मान करती है। महिलाएं कैसे मजबूत हों इस दिशा में कार्य करती है। देश में महिलाएं पचास प्रतिशत मतदाता है। इस आधार पर मोदी सरकार ने लोकसभा में इसे पारित करवाकर यह अधिकार अब महिलाओं को दिया है। जो लोग इसका विरोध कर रहे है। उन्हें जनता आने वाले समय में जवाब देगी। आने वाले दिनों में अब अधिक महिला जनप्रतिनिधि संसद और विधानसभा में पहुंचेंगी।

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

बेरला/नवप्रदेश। नगर मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीते एक वर्ष में सेवानिवृत शिक्षको व प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह 24 सितम्बर दिन रविवार दोपहर 12 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण बेरला में आयोजन पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल ने रखा है।इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि दिवाकर मुक्तिबोध पूर्व संपादक दैनिक भास्कर एवम नवभारत अध्यक्षता करेंगे रामेश्वर प्रसाद वैष्णव गीत, गजल,व्यंग्यकार विशिष्ट अतिथि युगल किशोर तिवारी सेवानिवृत्त प्राचार्य एवम शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में निकाली गई रैली

खैरागढ़/नवप्रदेश। राज्य शासन निर्देशानुसार व कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रैली निकालकर और शपथ दिलाकर लोगों को सन्देश दिया गया। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के प्रांगण में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ।

जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम : कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली व शपथ और नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष रज्जाक खान सहित नागरिकों ने उपस्थित होकर अपना स्वास्थ चेकअप कराया।इस दौरान शासन की योजनाओं बेरोजगारी भत्ता, गोधन न्याय योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य बीमा योजना आदि की जानकारी दी गई। इसके पश्चात स्वच्छ भारत-स्वच्छ खैरागढ़ का नारा लगाते हुए नगर नगर भ्रमण किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विभिन्न वार्ड पार्षद, एल्डरमैन एवं पालिका के अधिकारी व कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

जिला सत्र न्यायाधीश कुरैशी का गरियाबंद दौरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी रायपुर द्वारा बीते 19 सितंबर मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद, व्यवहार न्यायालय, राजिम एवं व्यवहार न्यायालय देवभोग का औचक निरीक्षण किया गया। देवभोग में व्यवहार न्यायालय एवं कर्मचारियों के आवास हेतु आबंटित भूमि का निरीक्षण कर संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी से आबंटित भूमि की जानकारी ली गई तथा कलेक्टर जिला गरियाबंद को उक्त आबंटित भूमि के आवागमन हेतु आवश्यक पहुंचमार्ग हेतु अतिरिक्त भूमि आबंटित किये जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही व्यवहार न्यायालय देवभोग के वाहन कार पार्किंग, आवागमन के सुविधा की उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये। व्यवहार न्यायालय देवभोग, गरियाबंद एवं राजिम के सभी कक्षों का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग से उपस्थित कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, लो0नि0वि0. गरियाबंद को आवश्यक मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये एवं न्यायालयीन अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक साफ-सफाई एवं वाहन कार पार्किंग, आवागमन के सुविधा की उचित व्यवस्था किये जाने व न्यायालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी द्वारा अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ जिला जेल गरियाबंद का औचक निरीक्षण किया गया तथा बंदियों से रूबरू होकर स्वास्थ्य सुविधा, भोजन, विधिक सहायता, भेंट मुलाकात आदि की जानकारी ली गई तथा जेल में संचालित विडियो कांफ्रसिंग रूम, पाठशाला, सुरक्षा व्यवस्था, सोलर फेसिंग प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं भंडार कक्ष में उपलब्ध खाद्य सामग्री एवं संधारित पंजी का भी निरीक्षण किया गया एवं जेल प्रबंधन को प्रतिदिन बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही खाद्य व अन्य सामग्री हेतु पृथक से पंजी (पंचायतनामा पंजी) संधारण करने हेतु निर्देश दिया गया, साथ ही नियमित रूप से सभी कैदी एवं विचारधीन बंदी का हिस्ट्री टिकट संधारित रखने का निर्देश दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी रायपुर द्वारा सर्किट हाउस, गरियाबंद में मानीटरिंग कमेटी की मीटिंग ली गई।

परिवर्तन यात्रा आज गरियाबंद जिले में, दो केंद्रीय मंत्री आएंगे

- **प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल**
- **यात्रा का झरियाबाहरा में होगा भव्य स्वागत**

गरियाबंद/। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशव्यापी परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर शनिवार को गरियाबंद जिला में पहुंचेगी। जिसमें दो केंद्रीय राज्यमंत्री शामिल होंगे, इसके साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के कई वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री भी इस परिवर्तन यात्रा में मौजूद रहेंगे। गरियाबंद जिला भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा की भव्य स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

गरियाबंद भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवं जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशव्यापी परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से निकली है, जो कि धमतरी जिले से होते हुए 23 सितंबर को गरियाबंद जिला पहुंचेगी। परिवर्तन यात्रा के दौरान जिले में वृहद दो आमसभा मैनपुर और गरियाबंद में और स्वागत सभा राजिम में होगी, इस यात्रा में केंद्रीय सूक्ष्म एवं लघु उद्योग राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा एवं अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

धमतरी से गरियाबंद जिले में होगा यात्रा का प्रवेश

यह यात्रा बीते 12 सितंबर को दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से निकली है, जो कि 23 सितंबर शनिवार को गरियाबंद जिला पहुंचेगी। यात्रा धमतरी जिले के नगरी से होते हुए झरियाबाहरा होकर मैनपुर एवं गरियाबंद जिला मुख्यालय पहुंचेगी। ज्ञात हो कि आज से बीस वर्ष पूर्व 2003 में भी भाजपा की परिवर्तन यात्रा इसी सड़क मार्ग से पहुंची थी। परिवर्तन यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा, इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

महामाया का आशिर्वाद लेकर पद यात्रा शुरु

नगरी/नवप्रदेश। राजीव युवा मितान क्लब के राज्य समन्वयक सम्मनीय श्री गिरीश देवांगन जी एंव आदरणीय मुख्यमंत्री जी के सलाहकार सम्मनीय श्री प्रदीप शर्मा जी के दिशानिर्देशन पर सिहावा विधानसभा सभा के विधानसभा समन्वयक महेन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार के योजनाओं के साथ राजीव युवा मितान क्लब तुंहर द्वार के कंसेप्ट के साथ पदयात्र की शुभारंभ क्षेत्र की इष्ट देवी माँ महामाई माता के मंदिर फरसियां में पूजा अर्चना किया गया

जिसमें फरसियां जोन के समस्त राजीव युवा मितान क्लब के युवा साथियो ने बड़ चाड कर हिस्सा लिया साथ ही पद यात्रा फरसियां से होते हुए आगे की ओर चला जिसमें हितग्रही कार्ड के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए भूपेश है तो भरोसा है की जानकारी ग्रामीण जानो के साथ साझा करते हुए पद यात्रा का अगला पड़ाव ग्राम पंचायत बोडरा पहुची जहा पर राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों द्वारा स्वागतन किया वही ग्रामीणजन ग्राम के महिला समूह, गोठान समिति के सदस्यों व युवा साथीयो के साथ सरकार की योजनाओ के बारे विस्तृत चर्चा गई व पद यात्रा में बोड़रा के साथी समलित हुए तत्पश्चात पदयात्रा के साथी ग्राम पंचायत भोथली पहुंचे जिसमें राजीव युवा मितान क्लब भोथली के द्वारा स्वागत किया साथ ही साथ सभी साथी पद यात्रा में सामिल हो कर आगे बड़े और भैंसासाकरा होते हुए ग्राम पंचायत हिंछापुर पहुंचा जहा पर राजीव युवा मितान क्लब हिंछापुर द्वारा स्वागत कर उपस्थित सभी साथियो भोजन कराया गया आगे गली भ्रमण करते हुए राजीव युवा मितान क्लब की पद यात्रा ग्राम पंचायत साकारा में रात्री विश्राम के लिए रुकी इस बीच क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी नदीम अली प्रदेश सचिव युवा कॉग्रेस ,सजल नाग एनएसयूआई प्रदेश सचिव प्रमोद कुंजाम युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष, सोनू चौहन अध्यक्ष युवा कांग्रेस सिहावा विधानसभा, प्रदीप सोन विधानसभा उपाध्यक्ष, अंकुश देवांगन एन यू एस आई विधानसभा अध्यक्ष सिहावा ,आदित्य तिवारी अध्यक्ष पूर्व एन यू अस आई विधानसभा सिहावा विनय चौहान ,भारत लहरे, अभिषेक बंजारे ,शिवेंद्र साहू ,राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष रिखब पटेल, युवराज निषाद, टिकेश्वर यादव ,वेंकट चंदन, और समस्त समसत वरिष्ठ जनों व युवा साथी पद यात्रा में कदम से कदम मिला कर भुपेश सरकार की योजओ की जानकारी को घर घर तक पहुचाने का प्रयाश किया गया.ज्ञात हो की राजीव युवा मितान क्लब की पद यात्रा निरन्तर एक सप्ताह तक चलेगी जिसमें आप समस्त वरिष्ठ जन समस्त कार्यकर्ता जन युवा साथी व ग्रामीणजन सम्मिलि हुई।

विधायक ध्रुव ने चालीस ग्राम पंचायतों को दिया पानी टेंकर

- **अब ग्रामीणों को शादी ब्याह व अन्य कार्यक्रमो मे नही होगी परेशानी**

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के वनाचल समेत बडे ग्राम पंचायत मे पानी की समस्या को देखते हुए विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव ने एक करोड के चालीस पानी टेन्करो का ग्राम पंचायतो को वितरण किया जहा ग्राम मे टेन्कर मिलते ही अब ग्रामीणो को पानी की समस्या से निदान मिलेगा शुक्रवार को बडी संख्या मे अतिसंवेदनशील क्षेत्र रिसगाव के ग्रामीण विधायक निवास पानी टेन्कर लेने पहुचे जहा विधायक व ग्रामीण टेन्कर का पूजा अर्चना कर लेकर गये जहा विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव ने बताया की जब हम अपने निर्वाचन क्षेत्र मे दौरा करते थे तो ग्रामीण अक्सर अपने गाव मे पेयजल व कार्यक्रमो मे पानी की समस्याये बताते थे जहा हमने इनकी समस्याओ को देखते हुए पानी टेन्कर देने का निर्णय किया और ऐसे ग्रामो को चिन्हाकित किये जहा वाकई शादी व्याह व अन्य कार्यक्रमो मे परेशानी होती थी और उन चालीस ग्राम पंचायत को पानी टेन्कर दिये जो अपने व आसपास के ग्राम पंचायतो को भी कार्यक्रमो मे टेन्कर देने मे सहयोग करे जिससे इनकी पानी का समस्या का समाधान हो वही रिसगाव के सरपंच ममता अग्रवानी, दिनु मरकाम ,रेवा देवदास ने बताया की अब क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायत करही , रिसगाव व खल्लारी मे पेयजल समस्या नही होगी क्षेत्र मे जब भी कोई शादी ब्याह खुशी या गम का कार्यक्रम आयोजित होती थी तो सबसे पहले पानी की समस्या उत्पन्न होती थी जिसके लिये पहले से ही ड्रमो मे पानी भरकर रखा जाता था जिसमे भी पानी की कमी हो जाती थी जो की अब टेन्कर मिलने से पानी की समस्या नही होगी व ग्रामीणो व आये हुए मेहमानो को परेशानी नही होगी जहा प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष भूषण साहू , वरिष्ट कांग्रेसी लखन लाल ध्रुव , आत्माराम शोरी , अख्तर खान , योगेश अग्रवानी , अमरदेव, पीलाराम प्रजापति , व बडी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे

काठ की हांडी एक बार चढ़ती है बार बार नहीं : रघुवर दास

उतई/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा दुर्ग से रोड करते हुए उतई पहुंची जहां पर हजारों के जनसमूह के साथ आमसभा संपन्न हुई जिसमे प्रमुख रूप से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विजय बघेल, भूपेंद्र सवन्नी, अमित चिमनानी, अवधेश चंदेल, सचिन बघेल, जितेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक, कांतिलाल बोथरा,दुर्ग विधान सभा प्रभारी गौरी शंकर श्रीवास,पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमति रामशिला साहू,, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू,श्रीमती माया बेल चंदन जिला मंत्री रोहित साहू, उपस्थित हुए ।

सभा में विशेष रूप से उपस्थित रघुवर दास जी ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा कांग्रेस के कुशासन के विरोध में निकली है। क्योंकि ऐसा कोई सगा नही जिसको भूपेश बघेल ने ठगा नही है । भूपेश बघेल की सरकार ने हर वर्ग के साथ छल किया है युवा वर्ग, महिला वर्ग और हर वर्ग के साथ उन्होंने वादा खिलाफी किया है।

उन्होंने आगे कहा कि दुर्ग ग्रामीण की स्थिति आप सभी देख रहे हैं कि किस प्रकार दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र किस में युवा वर्ग नशा जुआ सट्टा इसके चपेट में आ रहे हैं किस प्रकार युवा अपराध की ओर बढ़ है मैं भूपेश बघेल जी से कहना चाहूंगा कि काठ की हांडी एक बार चढ़ती है बार बार नही उसी प्रकार आपकी सरकार एक बार आई है दुबारा आने से रही छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की हवा ही नही लहर चल रही है ।

सभा में उपस्थित रमशिला साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर कोने में घोटाले हो रहे है रोज नए से नए भ्रष्टाचार हो रहे है भूपेश सरकार आई करीबी ही आज जेल में है उनके सरकार में पटवारी से लेकर कलेक्टर तक सब भ्रष्ट है । इनकी सरकार में युवा पीड़ित है युवाओं से रोजगार के वादे करने वाले अपने वादे से मुकर गए है कांग्रेस की सरकार ने युवाओं को न तो रोजगार दे पाती है न ही बेरोजगारी भत्ता दे पाई है अभी तक ।

दुर्ग सांसद एवं पाटन विधानसभा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि पांच साल में कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ को छला है यह सरकार धोखे की, वादाखिलाफी की, छलावे की सरकार है । ये भूपेश बघेल जी मोदी जी की बुराई करते है मैं उनको बताना चाहूंगा कि मोदी जी सरकार भरोसे की सरकार है, मोदी सरकार महिला हितैषी सरकार है जिन्होंने महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया है । मैं आप सभी से कहना चाहता हु कि आप सभी कार्यकर्ताओ के ताकत और मेहनत के साथ छत्तीसगढ़ में परिवर्तन अवश्य होगा ।

जल्द शुरु करें सड़क मरम्मत कार्य : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्र भवन के अवलोकन के दिए निर्देश**

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभागों की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन-कल्याणकारी व लोकहित के कार्यों में प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बगैर सूचना अनुपस्थिति पर इरेन्डम के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समयसीमा बैठक में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जिले के मरम्मत योग्य सभी सड़कों का कार्य शीघ्र आरम्भ करें। लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात को ध्यान में रखें और जिन कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है उसका टेंडर कर तत्काल कार्य चालू कर दें। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत चल रहे धीमे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से 30 सितम्बर तक पूर्ण करने तथा सभी जनपद सीईओ, सीएमओ एवं बीइओ को स्कूल जतन कार्यों का लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र की गति तेज करने निर्देश दिया गया।

संयुक्त कलेक्टर नेहा कपूर को बनाया गया जिला पंचायत का नोडलः कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पंचायत विभाग के कार्यों में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से संयुक्त कलेक्टर नेहा कपूर को जिला पंचायत का नोडल बनाया।

मतदान केंद्र भवन अवलोकन का दिया निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, प्रकाश, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, रैम्प आदि के निर्देश दिए। उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्र भवन अवलोकन कर रेपोर्टिंग करने दिए निर्देश। आदर्श मतदान केन्द्र, पिंक मतदान केन्द्र और दिव्यांग मतदान केन्द्र का चिन्हांकन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रकाशन आगामी दिनों मे किया जाना है इस हेतु नवीन मतदाता जोड़ने फार्म 6, 7, 8 एवं अन्य फार्म लंबित न रखे।

आखिरकार भूपेश सरकार ने ठेंगा दिखा : मुरलीधर सिन्हा

शासन की नीयत में खोट, यह आदेश सिर्फ दिखावा

जीवन एस साहू, नवप्रदेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा जिला गरियाबंद के मुरलीधर सिन्हा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सन 1994 अविभाजित मध्यप्रदेश से कार्यरत शिक्षा कर्मी 1, 2 एवं 3 के पद पर अनेकों पीड़ा का दंश झेलते आ रहे थे, मापदंड में खरे एवं पूरी योग्यता रखे शिक्षक उम्रदराज हो गए हैं । सरकार चाहे किसी दल की हो, शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं को सुनेगी करके बड़ा विश्वास होता है किन्तु 30 साल से सरकार झुनझुना ही दिखा रही है ? 8 साल की सेवा पूर्ण किये बिना संविलियन नहीं किया गया था तो अब प्रथम नियुक्ति 1998-99 को मानने को तैयार क्यों नहीं है ? आज अनेकों

शिक्षक सेवानिवृत्त होने का समय हो गया और कुछ तो सेवानिवृत्त हो गये । एक पदोन्नति/क्रमोन्नति का लाभ नहीं हुआ है । पुराना पेंशन का लाभ देने की बजाय नवीन पेंशन योजना लागू कर दिए हैं । देश का भविष्य बनाने व सँवारने वाले शिक्षकों के साथ अन्याय क्यों ? हालाँकि संगठन के दबाव में वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन का विकल्प दिए, किन्तु आगे क्या लाभ होगा यह भी संशय बना है ?

भाजपा नेता श्री सिन्हा बताया कि पिछले दो वर्ष पहले 16 सितम्बर 2021 को निकले आदेश सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति परीक्षण के नाम पर अंतर्विभागीय समिति बनी है वो 3 माह में रिपोर्ट देगी, यह आदेश में खोट और दिखावा मात्र था ? यदि निराकरण करने की नीयत सरकार की थी तो एक माह के अन्दर करके लाभ देनी चाहिये था, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ उक्त आदेश कचरे के डिब्बे में चला गया, अब तो फिरसे राज्य विधानसभा का चुनाव निकट आ गया, अब कुछ नहीं हो सकता ? अब फिरसे गंगाजल की जगह किसका कसम खाएंगे ? भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने आरोप लगाते हुए कहा कि आखिरकार छत्तीसगढ़ राज्य की भूपेश सरकार ने शिक्षकों को ठेंगा दिखा दिया ?

एक माह में दूसरी बार छत्तीसगढ़ आएंगे राहुल

रायपुर/नवप्रदेश। राहुल गांधी 25 सितंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते हैं। बिलासपुर में 'भरोसे का सम्मेलन' में शामिल हो सकते हैं। इस आयोजन के बहाने राहुल छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड रखेंगे। ग्रामीण आवास न्याय योजना की भी शुरुआत करेंगे। बीजेपी ने प्रदेश के 16 लाख गरीब परिवारों को सरकार के रवैये के कारण आवास से वंचित होने का आरोप लगाया है। डैमेज कंट्रोल करने राज्य सरकार ने ग्रामीण हितग्राहियों को साधने छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना की घोषणा की है। अब इसका सीधा असर विधानसभा चुनाव में बिलासपुर संभाग के 25 सीटों पर दिख सकता है। छह महीने पहले जब भाजपा ने चुनावी माहौल बनाने की शुरुआत की थी, तब प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के मुद्दे जमकर उठाया था। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी

योजना पीएम आवास के राज्य में क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश सरकार पर राजनीति करने और जानबूझकर राज्यांश जमा न करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की गई थी। पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन में सरकार की उपेक्षा को लेकर प्रदेश भाजपा ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में दिग्गज नेताओं के जरिए प्रेस कॉन्फ्रें स भी किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने रायपुर और रायगढ़ की सभा में भी इसका जिक्र करते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार पर हमला किया था।

साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगी सभा

छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना के शुभारंभ के अवसर पर सभा का आयोजन किया जाएगा। साइंस कालेज मैदान में राहुल गांधी सभा को संबोधित करेंगे। कांग्रेस की महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत के मौके पर बिलासपुर संभाग से भीड़ जुटाने की रणनीति बनाई है। नगर निगम सीमा के भीतर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकास कार्य का लोकार्पण भी कराने की तैयारी है। इसमें तालाबों का सौंदर्यीकरण, स्मार्ट रोड का काम किया जा रहा है। जिसे शहरवासियों को समर्पित किया जाएगा।

उत्तराखंड में 7 अक्टूबर को होगी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मध्य क्षेत्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक उत्तराखंड में 7 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। बैठक 7 अक्टूबर को टिहरी जिले के नरेंद्रनगर में होगी। बैठक की अध्यक्षता गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। जिसमें उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के अलावा सभी प्रदेश के मुख्य सचिव और दो-दो कैबिनेट मंत्री मौजूद रहेंगे। साथ ही साथ भारत सरकार के गृह सचिव भी बैठक में शामिल होंगे। जी 20 के बाद मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी करना धामी सरकार के लिए एक ओर बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। उत्तराखंड में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24 वीं बैठक आयोजित होगी।

बताया जा रहा है कि बैठक के लिए 17 बिंदुओं को तैयार किया जा रहा है जिन पर चर्चा हो सकती है। बैठक को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। पहले यह बैठक 24 सितंबर को आयोजित की जानी थी, लेकिन अब इसकी तारीख बढ़ाकर 7 अक्टूबर की गई है। क्षेत्रीय परिषद वैधानिक निकाय हैं यह संसद के एक अधिनियम यानी राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 द्वारा स्थापित किए गए थे इसमें देश के पांच

क्षेत्र उत्तरी, पूर्वी, मध्य, पश्चिमी और दक्षिण क्षेत्र को विभाजित किया गया है और प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय परिषद बनाया गया है जिसमें पांच क्षेत्रीय परिषदों का गठन किया गया है। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद,मध्य क्षेत्रीय परिषद, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद, पश्चिम क्षेत्र परिषद और दक्षिणी क्षेत्रीय परिषद बनाए गए है। इन सभी परिषदों की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री करते हैं जबकि उपाध्यक्ष, सदस्य और सलाहकार भी नामित किए गए हैं हर परिषद में क्षेत्र के हिसाब से राज्यों को भी शामिल किया गया है इसी तरह से मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्य शामिल किए गए हैं। इस बार ये बैठक उत्तराखंड में आयोजित हो रही है।

छग नीति, नेता , विश्वसनीयता के संकट से जूझ रही भाजपा : सुरेंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के परिवर्तन यात्रा को न केवल जनता, बल्कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी नकार दिया है। बाहर से बुलाए गए नेताओं के भरोसे निकल गई परिवर्तन यात्रा का भाजपा के ही स्थानीय कार्यकर्ता खुलकर विरोध कर रहे हैं, लोगों की भीड़ कहीं नहीं आ रही है, उल्टे हर जगह इनकी गुटबाजी सामने आ रही है। जमीनी हकीकत यही है कि भूपेश पर भरोसे की सरकार के सामने छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी नीति, नीयत, नेता और विश्वसनीयता के संकट से जूझ रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित तमाम केंद्रीय मंत्रियों, नड्डा सहित राष्ट्रीय पदाधिकारी और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रीयों के कार्यक्रम भी पूरी तरह से असफल साबित हुए। इनकी कोरी लफ्फाजी और तथ्यहीन आरोपों से भाजपा के झूठा, भ्रम और वादा खिलाफी ही हर बार उजागर हुआ है। 2018 की तरह ही छत्तीसगढ़ की जनता इस बार भी भाजपाइयों पर भरोसा नहीं कर रही है। प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि 2018 में विधानसभा चुनाव के समय प्रधानमंत्री मोदी जी 4-4 बार छत्तीसगढ़ आए थे, परिणाम सर्वविदित है। अमित शाह ने 2018 के विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ के भाजपाइयों को 65 प्लस का नारा दिया, लेकिन हुआ उल्टा 15 साल के कुशासन के बाद भाजपाई 15 सीट में सिमट गई, आज इनके कुल 13 विधायक ही बचे हैं। कांग्रेस को 68 सीटों पर जीत मिली थी जो उपचुनाव के बाद अब 71 हो गई है। इतनी बड़ी हार के बाद भी भाजपाइयों का अहंकार कम नहीं हुआ है, भाजपा के हर बड़े कार्यक्रम के बाद भाजपा का झूठ ही उजागर हुआ है। विगत दिनों साइंस कॉलेज मैदान में प्रधानमंत्री से धान खरीदी के बारे में झूठ बुलवाया गया और फिर रायगढ़ की सभा में जी-20 की बैठक को लेकर गलत बयानी की गई। छत्तीसगढ़ की जनता भोली जरूर है पर बेहद समझदार है, अब इनके जुमलों और झांसों में नहीं आने वाली।

जोगी कांग्रेस के उपाध्यक्ष ने थामा कांग्रेस का हाथ

रायपुर/नवप्रदेश। 2018 विधानसभा के पहले कांग्रेस पार्टी छोड़कर एक नई कांग्रेस पार्टी के रचयिता स्वर्गीय अजीत जोगी की पार्टी में कई कांग्रेस के सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता छोड़कर जनता जोगी कांग्रेस में प्रवेश कर लिया था। क्योंकि उनकी आस्था अजीत जोगी के प्रति थी। इसलिए उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देकर जोगी कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी, लेकिन अजीत जोगी के स्वर्गवास के बाद पार्टी पूरी तरह से बिखर गई पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं के साथ अनेक पदाधिकारी जनता जोगी कांग्रेस का साथ छोड़ कांग्रेस में वापसी कर चुके हैं। इसी कड़ी में जनता जोगी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम मेमन ने कांग्रेस की ली सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत, मंत्री रविन्द्र चौबे की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ली।

सीबीआई करे सीजी पीएससी भर्ती परीक्षा की जांचः ननकीराम

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री एवं विधायक ननकीराम कवंर ने कहा है कि पीएससी घोटाले के मामले में उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सरकार का काला चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से सभी प्रकार की भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर सवाल खड़े हो रहे है। 2021 की लोक सेवा आयोग राज्य सेवा परीक्षा के परिणाम में जिस प्रकार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, सचिव प्रदेश के अन्य उच्च अधिकारी एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं के परिजन बड़ी संख्या में नियुक्त हुए उससे बेरोजगारों के साथ हो रहे अन्याय का पर्दापाश हो गया है। उन्होंने कहा कि पीएससी घोटाले में न्यायाधीश ने गंभीर टिप्पणी की है,

न्यायालय ने सच सबके सामने ला दिया है। उन्हें व सभी युवा उम्मीदवारों को न्यायालय पर पूरा भरोसा है। श्री कवर ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग न्यायालय से की है।

पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने प्रदेश सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब परीक्षा परिणाम में अधिकारी और नेताओं के बच्चों के नाम सामने आए थे तब मुख्यमंत्री कहते थे कि अधिकारी या नेता के बच्चे परीक्षा में चयनित क्यों नहीं हो सकता? पर न्यायालय ने एक साथ 18 अधिकारी व नेताओं के परिजनों की भर्ती पर प्रश्न खड़ाकर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है कि लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष टामन सोनवानी के 6-6 रिश्तेदार एक साथ कैसे सिलेक्ट हो सकते है? उन्होंने बताया कि इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय से लोक सेवा आयोग में हो रही अनियमितता, धांधली और भाई-भतीजावाद का भांडा फू टने के बाद आयोग इसकी जांच करने के बजाय सबूत को नष्ट करने की कोशिश में लगते है। श्री कंवर ने कोर्ट में प्रस्तुत किए गए अपने हलफनामे में इस बात का उल्लेख किया है कि पीएससी के परिणाम आने के बाद जब विवाद हुआ तब आयोग ने पीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2021 के दस्तावेज जिसमें ओएमआर शीट व उत्तर पुस्तिकाएं शामिल है को रद्दी में बेचने की निविदा जारी कर दी थी। श्री कंवर ने कहा कि पीएससी में हो रही गड़बड़ियों में जांच करने में प्रदेश की जांच एजेसियां सक्षम नहीं है और प्रदेश सरकार की इच्छाशक्ति भी नहीं है इसलिए सभी परीक्षाओं की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई से कराया जाना चाहिए।

गैंगरेप के मामले में सीएम क्यों हैं खामोश : रंजना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के एएसपी ऑफि स के समीप मल्टीलेवल पार्किंग में हुए गैंगरेप पर बीजेपी हमलावार है। ऐसे में बीजेपी इसे मुद्दा बनाकर भूपेश सरकार पर निशाना साधने में लगी है। छत्तीसगढ़ में रेप सहित अन्य अपराधों को लेकर भाजपा विधायक और प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू ने कहा, आखिर नाबालिगों के साथ हो रहे अत्याचारों पर मुख्यमंत्री जी क्यों मौन हैं।

वे ऐसी घटनाओं पर पर्दा डालने में माहिर हैं। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी महिला समृद्धि कार्यक्रम में शामिल होने आई,

क्या उन्हें पता है छत्तीसगढ़ में महिलाओं के हालत कांग्रेस राज्य में क्या है?। कहा, ये घटना मानवता को शर्मशार करने वाली घटना है।

नारी शक्ति वंदन विधेयक बिल पूरी तरह खोखला : सिंहदेव

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा से महिला आरक्षण बिल पारित होने पर भाजपा इसका श्रेय हुए बड़ी उपलब्धि बता रही है, तो वहीं कांग्रेस पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को रिजर्वेशन नहीं दिए जाने पर सवाल उठा रही है।

छत्तीसगढ़ में महिला आरक्षण के मुद्दे पर वरिष्ठ वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा जनगणना और परिसीमन के बिना आरक्षण कानून की तरफ बढ़ने पर कहा कि विधेयक 2029 के बाद लागू किया जाना है, इसलिए यह विधेयक खोखला है। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कानून बनाने की यह कवायद खोखली है, क्योंकि जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किए जाने वाले

कानून का विधेयक 6 साल पूर्व पारित कराया जाना समझ से परे है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं पर ध्यान देती आई है। छत्तीसगढ़ में आयोजित हुआ महिला समृद्धि सम्मेलन इसी कड़ी में एक और प्रयास था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केंद्र सरकार का बिल ठग बुद्धि नहीं है? लोक सभा और विधानसभाओं की सीटें 2025 तक तय हैं। अगर आने समय में सीटें बढ़ने की संभावना है, तो भी दो साल पूर्व संसद से कानून का बिल पारित करने में इतनी जल्दबाजी क्यों की जा रही है? सिंहदेव ने कहा कि ÷नारी शक्ति वंदन विधेयक÷ में खोखलापन है, अभी जनगणना, परिसीमन नहीं हुआ है। संसद और विधानसभा सीटों की संख्या के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं है, ऐसे में बिल पूरी तरह खोखला है।

जनता से कौशिक की अपील, आप सरकार में लाइये हम सरकारी गाड़ी से कराएंगे रामलला के दर्शन

रायपुर/लैंगा/नवप्रदेश। परिवर्तन यात्रा अंतर्गत तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लैंगा में आयोजित जन सभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि आप छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाइये और हम आपको जनवरी में सरकारी गाड़ी में अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के दर्शन कराएंगे। सनातन धर्म पर हो रहे निरंतर हमले को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि इस मामले में हिन्दुओं को आगे आकर सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने का समय आ गया है। उन्होंने खुर्सीपार भिलाई में गदर -2 फिल्म देखकर पकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाने वाले सिख युवक की हत्या की कड़ी निंदा की।

उन्होंने धर्मांतरण पर जमकर प्रहार करते हुए स्थानीय विधायक मोहित केरकेट्टा पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस शसित

राज्यों में धर्मांतरण तेजी से बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में मिशरियों के द्वारा भोलेभाले आदिवसियों को लालच देकर और इलाज कराने का झांसा देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में जब भी कांग्रेस की सरकार रही धर्मांतरण कराने के मामले सामने आते रहे हैं। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. दिलीप सिंह जूदेव के आदिवसियों की हिन्दु धर्म में घर वापसी अभियान का स्मरण किया। आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता व भाजपा सरकार में गृहमंत्री रहे ननकी राम कंवर के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पांचवीं कक्षा के बाद से शराब पीनी छोड़ दी और आज वे 80 साल के हैं और स्वस्थ हैं। ऐसे मे उनकी बात को मानना चहिए। उन्होंने कहा कि शराबबंदी का झूठा वादा कर सत्ता में आई भूपेश सरकार घर घर शराब परोस रहीं है। सत्ता में आने से पहले बुजुर्ग महिला ङ्क पुरुषों को 1000,1500 रुपये पेंशन देने की बात कही थी पर आज तक भूपेश सरकार पेंशन नहीं दे पाई। भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि डॉ. रमन सिं द्वारा शुरू किए गए रेडी टू इट योजना का काम जिसे स्व सहायता समूह की महिलाएं करती थीं। उसे उनसे छीनकर हरियाणा के आदमी को दे दिया गया है। उहोंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार करप्शन, कमीशन और भ्रष्टाचार की सरकार है।

झीरम के चशमदीद मलकीत से मिलकर भावुक हुईं प्रियंका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आई कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को महिला समृद्धि सम्मेलन के बाद विदाई के समय प्रदेश कांग्रेस महासचिव (संगठन व प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू का परिचित कराते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज ने बताया कि वे 2013 में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए झीरम हमले के चश्मदीद हैं तो प्रियंका की आंखों में संवेदना भर आई। उनके स्मृति पटल में वह दृश्य कौंध गया जब भाजपा को सत्ता से उखाड़ने के लिए तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में चल रही परिवर्तन यात्रा पर बस्तर के दरभा इलाके में झीरम घाटी में ऐसा हमला हुआ था कि कांग्रेस नेताओं की पूरी एक पीढ़ी शहीद हो गई। प्रियंका को वह मंजर याद आ गया, जब कांग्रेस ने आजाद भारत में लोकतंत्र के लिए इतनी बड़ी कुर्बानी दी। झीरम कांग्रेस के लिए वह अध्याय है, जिसे वह एक क्षण भी विस्मृत नहीं कर सकती। उस शहादत की गाथा के प्रत्यक्षदर्शी मलकीत सिंह गैदू से मुलाकात होने पर प्रियंका की आंखें नम होना स्वाभाविक ही था। उन्होंने गैदू से उस बर्बर कांड पर करीब बीस से पच्चीस मिनट तक बात की। शहीदों का स्मरण किया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के संघर्ष की दास्तान, कांग्रेस नेताओं के अदम्य साहस की आँखों देखी से प्रियंका

संवेदनशील हो गईं। गौरतलब है कि कांग्रेस के महासचिव (संगठन व प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू कांग्रेस के संघर्ष काल के बहादुर सिपाही हैं।

उन्होंने भी झीरम में कांग्रेस के लिए जान की बाजी लगाई थी। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस के लिए समर्पित रहे और आज प्रदेश कांग्रेस के कमांडर सांसद दीपक बैज की परछाई बनकर कांग्रेस संगठन की सेवा में तत्पर हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस के लिए कर्म करते रहना उनका धर्म है। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के संगठन नेतृत्व में पुनः कांग्रेस की ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनाने के लिए काम कर रहे हैं और संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन कर रहे हैं। संघर्ष ही जीवन है और कांग्रेस का हर एक सिपाही संघर्षशील है।

प्रियंका जी, पुरखों के किस्से न सुनाएं छग की हकीकत बताएं : सरोज पांडेय

रायपुर।/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आरोपों के जवाब में कहा कि वे छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की भाषा बोल रही हैं। जहां से फ र्जी आंकड़े भूपेश बघेल को मिलते हैं, वहीं से मिले आंकड़े गिना कर प्रियंका गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के बारे में बताने लायक उनके पास कुछ नहीं था इसलिए वे यूपी के उस जमाने के किस्से कहानी सुना गईं जब उनके पिता प्रधानमंत्री थे। पिता तो पिता वे अपने पिता के नाना तक की लोरियां छत्तीसगढ़ की बहनों को सुना गईं। उनके पास पुरखों के संस्मरण सुनाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। वे स्वयं स्वीकार कर गईं कि उनके पिता प्रधानमंत्री रहते हुए भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में अच्छी सड़क तक नहीं दे सके। इससे गई गुजरी बात और क्या हो सकती है। प्रियंका आज के प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र को देखें।

रही बात गैस सिलेंडर की तो बतायें कि वे चार सिलेंडर कहां हैं, जो 2018 के जन घोषणा पत्र में कांग्रेस दे रही थी। सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में महिलाओं की स्थिति सबसे खराब है तो प्रियंका गांधी को मुख्यमंत्री से लड़ना चाहिए कि किस बात का महिला समृद्धि सम्मेलन कर रहे हैं। महिलाओं को समृद्ध बनाने उन्होंने किया क्या है? एक तरफ महिलाओं की अस्मिता खतरे में है, दूसरी तरफ भूपेश बघेल महिला सम्मेलन कराकर प्रियंका गांधी के दर्शन करा रहे हैं। क्या प्रियंका जी के दर्शन मात्र से महिलाएं समृद्ध हो जाएंगी? महिलाओं को वाकई समृद्ध बनाना है तो प्रियंका गांधी अपने मुख्यमंत्री से महिलाओं के हक में लड़ें। छत्तीसगढ़ के युवाओं के हक में लड़ें। उन गरीबों के हक में लड़ें, जिनका आवास और अन्न छीना गया है। वे लड़ सकती हैं और भूपेश बघेल यह कहने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे ऐ लड़की नेतागिरी मत कर!

हिट फिल्में देने के बाद एक्ट्रेस ने छोड़ा था बॉलीवुड, 8 साल बाद कर रहीं कमबैक

बॉलीवुड में ऐसा कम ही होता है कि कोई लोकप्रियता तथा शिखर के करियर पर रहते हुए फिल्मों को अलविदा कह दे. मगर रिमी सेन ने ऐसा किया था. जब उन्हें लगातार फिल्में मिल रही थीं और दर्शक पसंद कर रहे थे, उन्होंने अचानक एक्टिंग को टा-टा कह दिया था. अब वह वापसी की तैयारी कर रही हैं...

यह समय का खेल है कि जिस एक्ट्रेस ने बीस साल पहले बॉलीवुड में एंट्री ली थी और बीच में उसे छोड़ गई थी, वह एक बार फिर से वापसी की तैयारी कर रही है. इस एक्ट्रेस का नाम है, रिमी सेन. रिमी सेन ने बॉलीवुड में धमाके से अपनी शुरुआत की थी और कई बड़े सितारों के साथ काम करते हुए ब्लॉकबस्टर-हिट फिल्में दी थीं. मगर अचानक उनका मन भर गया और चलते करियर को छोड़कर बॉलीवुड की रेस से बाहर हो गईं. रिमी सेन ने 2003 की ब्लॉकबस्टर फिल्म हंगामा से करियर शुरू किया था. फिल्म में अक्षय खन्ना आफताब शिवदासानी और परेश रावल जैसे प्रसिद्ध कलाकार थे. हंगामा ने रिमी सेन को रातोंरात चर्चित कर दिया था.

हंगामा की शानदार सफलता के बाद रिमी ने गोलमाल, धूम, फिर हेरा फेरी और क्यों की जैसी बेहद कामयाब तथा चर्चित फिल्मों सहित कई प्रोजेक्ट किए. वह अपने दौर की टॉप एक्ट्रेसों की लिस्ट में भी आ गईं. इंडस्ट्री में उन्होंने करीब आठ साल लगाए और इस दौरान सलमान खान अजय देवगन शाहिद कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बॉलीवुड सितारों के साथ सिल्वर स्क्रीन साझा किया. सफलताओं का आनंद लिया. मगर फिर रिमी सेन ने अचानक एक्टिंग से कदम पीछे खींच लिए. तब सवाल रिमी सेन के अचानक फिल्मों से संन्यास लेने पर सवाल भी खड़े हुए. तब रिमी ने सिर्फ इतना कहा कि फिल्मों में उनकी दिलचस्पी कम या फिर खत्म हो गई है.

टाइपकास्ट से संघर्ष

मसाला फिल्मों के अलावा रिमी जॉनी गद्दार और संकट सिटी जैसी लीक से अलग फिल्मों में भी दिखी थीं. इन फिल्मों में भी उन्हें काफी तारीफ मिली थी. लेकिन ऐसे रोल उन्हें ज्यादा नहीं मिले. बताया जाता है कि रिमी की फिल्मों दिलचस्पी घटने की वजह उनका टाइपकास्ट होना था. उन्हें आम तौर पर कॉमिक रोल ऑफर हो रहे थे. जबकि रिमी सेन ठोस भूमिकाएं करना चाहती थीं. वह सिर्फ ग्लैमरस रोल से आजाद होना चाह रही थीं. खैर, अब खबरें हैं कि रिमी बॉलीवुड में वापसी की तैयारी कर रही हैं. वह एक्टिंग के साथ-साथ प्रोडक्शन में भी कदम रखेंगी. बताया जा रहा है कि इन दिनों वह दो वेब शो का निर्माण कर रही हैं।

आशुतोष गोवारिकर बनाएंगे आदि जगदगुरू शंकराचार्य पर फिल्म

लगान जोधा अकबर और पानीपत जैसी फिल्मों का निर्देशन कर तारीफ बटोरने वाले निर्देशक आशुतोष गोवारिकर अब एक और शानदार फिल्म लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म आदि शंकराचार्य पर आधारित होगी। इस फिल्म को आशुतोष न्यास के सहयोग से बनाएंगे। हिंदू दार्शनिक आदि शंकराचार्य के जीवन पर आधारित इस फिल्म का नाम शंकर है। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में महान भारतीय वैदिक विद्वान, दार्शनिक और शिक्षक आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ वननेस के अनावरण के बीच आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने आशुतोष गोवारिकर के साथ मिलकर आदि शंकराचार्य पर फिल्म बनाए जाने की घोषणा की है। बता दें कि एकात्मकता की प्रतीक इस प्रतिमा का अनावरण हाल ही में एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया।

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कही यह बात

इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं, उनकी बौद्धिक शक्ति और सनातन धर्म के विविध पहलुओं को एकजुट करने की उनकी तमाम कोशिशों के गहन प्रभावों का पता लाने का यह बिल्कुल सही समय है। हम बेहद खुश हैं कि इसके लिए हम फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

कायक ने चैटजीपीटी के साथ बेस्ट टाइम टु ट्रैवल का अपडेटेड टूल किया लांच

नई दिल्ली। फेस्टिव सीजन में परिवार के साथ यात्रा करने या अकेले सफर के लिए आसानी से बुकिंग को बढ़ावा देने के लिए, कायक ने भारतीय फिल्म अभिनेता मृणाल ठाकुर से साझेदारी की है। दुनिया के प्रमुख ट्रैवल सर्च इंजन कायक, की नई उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार अगले कुछ महीने में आने वाले दिवाली के त्योहार के चलते भारतीयों की सैर-सपाटे में दिलचस्पी बढ़ी है। कायक ने 1200 भारतीयों को अपनी इस उपभोक्ता रिसर्च में शामिल किया। इस रिसर्च में कायक ने पाया कि भारतीय इस फेस्टिव सीजन में सफर के लिए बेहद उत्साहित हैं। त्योहार का यह मौसम नवरात्र से शुरू होकर दिवाली और भाईदूज तक चलेगा। साल के इस समय में ज्यादातर लोग अपने घर जाते हैं। कायक की उपभोक्ता रिसर्च के अनुसार इस सर्वे में शामिल 98 फीसदी लोगों ने इस फेस्टिव सीजन में अपने देश में ही घूमने की मंशा जताई। जबकि सर्वे में शामिल पांच में से तीन भारतीय, करीब 60 फीसदी लोग, इस त्योहार के मौसम में खुशियों को और बढ़ाने के लिए विदेश में अलग-अलग जगहों की यात्रा करना चाहते हैं।

6 साल बाद होम ग्राउंड में खेलने उतरे अश्विन

2017 के बाद सिर्फ तीसरे मैच में मिला खेलने का मौका

नई दिल्ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज के पहले मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। राहुल कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी की भूमिका निभा रहे हैं। शुरुआती दो मुकाबलों के लिए विराट कोहली, हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को आराम दिया गया है। इन खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, अश्विन और सूर्यकुमार यादव को टीम में शामिल किया गया है। अश्विन लंबे समय के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। वह करीब 18 महीने बाद वनडे टीम की प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं।

अश्विन ने 21 जनवरी 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही अपना पिछला वनडे खेला था। इसके बाद वह वनडे टीम से बाहर रहे। हालांकि उन्हें वनडे विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज में चुना गया। अश्विन एशिया कप का हिस्सा नहीं थे। अश्विन पिछले 5 साल के अंदर सिर्फ दो मैच खेले थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अश्विन टीम के तीसरे स्पिनर होंगे। कुलदीप और रविंद्र जडेजा टीम के नियमित सदस्य रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अश्विन अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह विश्व कप टीम में एंट्री मार सकते हैं। हालांकि अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। एशिया कप फाइनल से पहले अक्षर पटेल चोटिल हो गए थे। अगर अक्षर फिट होते हैं तो अश्विन की जगह नहीं बन पाएगी। ऑस्ट्रेलिया के मैट शॉर्ट इस मैच से वनडे में पदार्पण करेंगे। एलेक्स कैरी को विश्राम दिया गया है। उनकी जगह जोश इंग्लिश विकेटकीपिंग करेंगे।

पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम का किया ऐलान, ये तेज गेंदबाज हुए बाहर

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आज यानी 22 सितंबर को भारत में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान कर दिया है। मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने बाबर आजम की अगुवाई में 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया है, वहीं 3 खिलाड़ियों को ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में चुना है। पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका यह रहा कि नसीम शाह चोट के चलते वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। हसन अली को उनकी जगह मौका मिला है।

एशिया कप 2023 के सुपर-4 में भारत के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान नसीम शाह को कंधे में चोट लगी थी। इस चोट की वजह से ना तो वह भारत के खिलाफ अपने कोटे के पूरे ओवर डाल पाए थे और ना ही श्रीलंका के खिलाफ अगला मैच खेल पाए। बता दें, श्रीलंका से हारकर ही पाकिस्तान एशिया कप के फाइनल की दौड़ से बाहर हुआ था। वहीं एशिया कप के दौरान चोटिल हुए हारिस रऊफ फिट हो गए हैं और उनका चयन वर्ल्ड कप स्क्वॉड में किया गया है।

पाकिस्तान वर्ल्ड कप 2023 स्क्वॉड- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), फखर जमान, इमाम उल हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, इफ्तिखार अहमद, आगा सलमान, सऊद शकील, मोहम्मद नवाज, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, हसन अली, उसामा मीर, मोहम्मद वसीम जूनियर

भारत ने बांग्लादेश को 1.0 से हराया सुनील छेत्री ने आखिरी मिनट पर दागा गोल

एशियाई खेल 2023 में भारतीय फुटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश फुटबॉल टीम के खिलाफ मुकाबला 1.0 से जीत लिया है। चीन के खिलाफ पहले मुकाबले में भारतीय टीम को 1.5 से करारी हार झेलनी पड़ी थी। बांग्लादेश के खिलाफ मैच का एकमात्र गोल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने 85वें मिनट में किया।

इस जीत ने भारत को ग्रुप ए में दो मैचों में तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। शीर्ष दो टीमों के साथ.साथ छह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में से चार टीमें 16वें राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने खेल की तेज शुरुआत की लेकिन पहले हाफ में भारत की कड़ी मेहनत रंग नहीं लाई। टीम ने तीन अच्छे शॉट लिएए जिसमें छेत्री और राहुल केपी के प्रयास शामिल थे लेकिन सफल नहीं हुए। हाफ टाइम तक स्कोर 0.0 रहा। दूसरे हाफ में टीम ने आक्रमक खेल दिखाया। मगर बांग्लादेश की टीम ने भी मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन किया। मैच शुरु होने के 84 मिनट बीत जाने के बाद भी दोनों टीमों की ओर से एक भी गोल नहीं किया गया था। ऐसा लगा कि मैच का अंजाम ड्रॉ की ओर जा रहा थाए लेकिन 85वें मिनट के खेल में सुनील छेत्री ने गोल दागकर मुकाबले को भारत की झोली में डाल दिया। चीन के खिलाफ पहले मुकाबले में भारतीय टीम को 1.5 से करारी हार झेलनी पड़ी थी।

पाकिस्तान ने किया वर्ल्ड कप स्क्वॉड का ऐलान नसीम शाह बाहर, इस गेंदबाज की वापसी

एशिया कप.2023 में अपने प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ;च्ब्ठद्ध ने टीम का चयन किया है। वनडे रैंकिंग में नंबर.1 पर काबिज पाकिस्तान को एशिया कप का प्रबल दावेदार माना जा रहा थाए लेकिन जिस तरह से टूर्नामेंट में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी उसे देखकर पड़ोसी मुल्क में बवाल मचा हुआ है।

एशिया कप.2023 में अपने प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ;च्ब्ठद्ध ने टीम का चयन किया है। वनडे रैंकिंग में नंबर.1 पर काबिज पाकिस्तान को एशिया कप का प्रबल दावेदार माना जा रहा थाए लेकिन जिस तरह से टूर्नामेंट में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी उसे देखकर पड़ोसी मुल्क में बवाल मचा हुआ है।एशिया कप के सुपर 4 मुक़ाबले में भारत के खिलाफ तेज गेंदज नसीम शाह इंजर्ड हो गए थे। उन्हें कंधे में गंभीर चोट लगी है। जिसके कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। इनकी जगह तेज गेंदबाज हसन अली की वापसी हुई है। हसन ने आखिरी वनडे 12 जूनए 2022 को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था।

बिजनेस

अपने कैलेंडर में तय कर लीजिए तारीख क्योंकि ज़ी सिनेमा लेकर आ रहा है सलमान खान की

'किसी का भाई किसी की जान' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

मस्ती, प्यार और जबर्दस्त मनोरंजन के रोमांचक सफर पर चलने के लिए हो जाइए तैयार, क्योंकि इस शनिवार 23 सितंबर को रात 8 बजे, ज़ी सिनेमा पर 'किसी का भाई किसी की जान' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ स्क्रीन पर अपना जलवा बिखेरने आ रहे हैं सलमान खान! फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अपने जोरदार एक्शन सीक्वेंस ड्रामा और दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में उतरने का वादा करती है, जो परिवार और उससे परे के बंधनों / रिश्तों का जश्न मनाता है।

'किसी का भाई किसी का जान' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह हिंदी फिल्मों के हर फैन के लिए एक जज़्बात है, एक ऐसा एहसास जो उत्तर और दक्षिण की सरहदों के पार चला जाता है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने लीड भूमिका निभाई है, जिन्होंने सलमान खान के साथ बेमिसाल केमिस्ट्री बनाई है। प्यार और परिवार के इस जश्न में उनके साथ शामिल हैं वेंकटेश, भूमिका चावला, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज़ गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर जैसे टैलेंटेड कलाकार। इतना ही नहीं, इस फिल्म में बड़े पर्दे के जाने-माने प्रेम और सुमन की मशहूर जोड़ी यानी सलमान खान और भाग्यश्री भी 34 साल बाद एक साथ नजर आएंगे, जहां भाग्यश्री ने कुछ इस अंदाज़ में स्पेशल अपीयरेंस दिया है, जो यकीनन आपके दिलों में कशिश जगा देंगी। इसके अलावा किसी का भाई किसी की जान में दिल छू लेने वाला म्यूज़िक है, जो इस फिल्म में जादू-सा असर करता है। इनमें हिमेश रेशमिया का चार्ट-टॉपिंग हिट 'नैयो लगदा' भी शामिल है। इसके अलावा 'येंतम्मा' और 'बिल्ली बिल्ली' जैसे मस्ती भरे गानों में सभी कलाकारों ने जमकर धूम मचाई है।

इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर को लेकर सलमान खान ने कहा, सलमान खान कहते हैं, ÷जब मैंने पहली बार किसी का भाई किसी की जान की स्क्रिप्ट सुनी तो मुझे यह तुरंत ही पसंद आ गई थी। भाईजान का किरदार ऐसा है, जिससे मैं निजी तौर पर भी जुड़ता हूं।

उसके भाइयों के लिए उसका प्यार और जिस तरह वो अपने होने वाले सास-ससुर और उनके परिवार की रक्षा के लिए हर हद से गुजरता है, वो चीज़ मुझे बहुत अच्छी लगी। आज के दौर में ऐसा कौन करता है? इस फिल्म में हंसी, जज़्बात और एक्शन भी है और मेरा मानना है कि यह एक संपूर्ण एंटरटेनर है। फरहाद सामजी ने इस फिल्म में शानदार निर्देशन किया है, जहां उन्होंने हम सभी को साथ लाया। अब मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं ।

मनोज वैभव जेम्स 'एन' ज्वैलर्स लिमिटेड ने व्यापर विस्तार की बनाई योजना

हैदराबाद/नवप्रदेश। दक्षिण भारत के प्रमुख रीजनल ज्वेलरी ब्रांड मनोज वैभव जेम्स 'एन' ज्वैलर्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष-23 में अपने आईपीओ के लिए ?204 से ?215 प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023 को ब्रांड की आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगी और मंगलवार, 26 सितंबर, 2023 तक जारी रहेगी जहाँ निवेशक न्यूनतम 69 इक्विटी शेयर और उसके बाद 69 इक्विटी शेयर के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। कंपनी 10 प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयर जारी करेगी जिसमें 210 करोड़ रुपये का फ्रेश पब्लिक इश्यु और 2.8 मिलियन इक्विटी शेयरों को ऑफर ऑफ सेल शामिल है। 30 जून, 2023 को समाप्त हुई तिमाही में ऑपरेशन से राजस्व 508.90 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 19.24 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 23 में ऑपरेशन से इसका राजस्व 2027.34 करोड़ रुपये था, जिसमें मुख्य रूप से सोने के आभूषणों की बिक्री थी, जबकि 2005 में यह राशि 50.9 करोड़ रुपये थी। वित्तीय वर्ष 2023 के लिए आभूषण ब्रांडों का प्रति रिटेल शोरूम एवरेज रिवेन्यु 155.95 करोड़ रुपये और एबिटा मेट्रिक्स 11.00 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2021-23 के बीच राजस्व में 18.92त्न और पीएटी में 85.81त्न की सीएजीआर वृद्धि हुई। इसकी ई-कॉमर्स बिक्री वित्त वर्ष 19 में 4.16 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 23 में 36.40 करोड़ रुपये हो गई।

वित्त मंत्रालय ने आरबीआई के आंकड़ों को किया खारिज, कहा- घरेलू बचत में कोई गिरावट नहीं

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट को लेकर हो रही आलोचनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। इसने कहा, लोग अब दूसरे वित्तीय उत्पादों में निवेश कर रहे हैं। ऐसे में इस गिरावट से कोई संकट पैदा होनेवाला नहीं है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा, घरेलू बचत में पिछले कई दशकों में आई सबसे बड़ी गिरावट और इसका अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव का बयान पूरी तरह से गलत है।

मंत्रालय के मुताबिक, ग्राहकों का रुझान अब विभिन्न वित्तीय उत्पादों की ओर है। इससे घरेलू बचत कम हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में कहा गया है कि शुद्ध घरेलू बचत वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.1 फीसदी रही, जो पिछले 47 वर्षों का निचला स्तर है। साथ ही, परिवारों की सालाना वित्तीय देनदारी बढ़कर 5.8 फीसदी हो गई जो 2021-22 में 3.8 फीसदी थी।

कर्ज लेकर आवासीय संपत्तियां खरीद रहे लोग

परिवारों ने पिछले वर्षों की तुलना में कम मात्रा में वित्तीय संपत्तियां जोड़ीं, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और अन्य आवासीय संपत्तियां खरीद रहे हैं। बैंकों की ओर से दिए ?गए कुल पर्सनल लोन में होम और ऑटो लोन की हिस्सेदारी 62 फीसदी है। बाकी अन्य पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड कर्ज हैं।

37.6 प्रतिशत बढ़ी परिवारों की वित्तीय संपत्तियां

मंत्रालय ने कहा, जून, 2020 व मार्च, 2023 के बीच परिवारों की कुल वित्तीय परिसंपत्तियां 37.6 फीसदी और वित्तीय देनदारी 42.6 फीसदी बढ़ी। इन दोनों के बीच बड़ा अंतर नहीं है। परिवारों ने 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध वित्तीय संपत्तियां जोड़ीं। 2021-22 में 17 लाख करोड़ व 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ वित्तीय संपत्ति बढ़ी। शुद्ध रूप से लोगों की कुल वित्तीय संपत्ति अब भी बढ़ रही है।

क्या अगली तिमाही से बढ़ेगी पीपीएफ की ब्याज दर ?

नई दिल्ली। जानकारों का कहना है की सरकार की तरफ से इस बार भी अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए ब्याज दर 7.10 प्रतिशत पर बरकरार रखी जा सकती है. इससे पहले जून में वित्त मंत्रालय ने सुकन्या समृद्धि योजना पर मिलने वाली ब्याज दर को बढ़ाया था.

पब्लिक प्राविडेंट फंड सरकार समर्थित छोटी बचत योजना है. पीपीएफ की ब्याज दर पर वित्त मंत्रालय की तरफ से इस महीने के आखिर में समीक्षा की जाएगी. समीक्षा के बाद 30 सितंबर को ब्याज दर बढ़ने पर ऐलान हो सकता है. पीपीएफ की ब्याज दर में अप्रैल 2020 से किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया. मौजूदा समय में पीपीएफ पर 7.1 प्रतिशत सालाना का ब्याज मिल रहा है. छोटी बचत योजनाओं में निवेश पर लागू ब्याज दर को सरकार की तरफ से तिमाही आधार पर अधिसूचित किया जाता है.

क्या सरकार ब्याज दर बढ़ाएगी?

पीपीएफ पर ब्याज दर बढ़ने का इंतजार निवेशक लंबे समय से कर रहे हैं. हालांकि जानकारों का कहना है कि सरकार की तरफ से इस बार भी अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए ब्याज दर 7.10 प्रतिशत पर बरकरार रखी जा सकती है. इससे पहले जून में वित्त मंत्रालय ने सुकन्या समृद्धि योजना पर मिलने वाली ब्याज दर को बढ़ाया था.

ऐसे होती है पीपीएफ ब्याज दर की गणना

प्रत्येक तिमाही के लिए लागू ब्याज दर प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में निवेशक के पीपीएफ अकाउंट में जमा की जाती है. इसके साथ निवेशक को सालाना चक्रवृद्धि ब्याज भी मिलता है।

न्यूज गैलरी

नो पार्किंग में खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा शशिकांत कुर्रे के नेतृत्व में कल सर्वमंगला-कुसमुंडा-इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती, हेतु तहसीलदार दर्री कोरबा और कुसमुंडा थाने की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही की गई। आरटीओ कोरबा श्री कुर्रे ने बताया कि इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सड़क में बेतरतीब खड़े, यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले 83 भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 61,300 रूपए शास्ति राशि वसूल की गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने व सड़क पर जाम न लगाने की समझाईश भी दी गई। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

14 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। 5 ट्रक चावल भिजवाने के नाम पर 14 लाख 69 हजार 806 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सेवाराम वर्मा 50 वर्ष संकरी नेवल्को फैक्ट्री का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कल्पेश चोटवानी व राजीव सोनी ने प्रार्थी के फर्म को 5 ट्रक चावल भेजने के नाम पर 31,58,500 रुपए ले लिया और 2 ट्रक माल को भेजकर बाकी राशि का गबन कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 420, 409, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार में रखे हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। 36 मॉल के पार्किंग में खड़ी कार से अज्ञात चोर ने लेपटाप, मोबाइल चार्जर व चश्मा पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार खमारी 36 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी अल्टो कार को 36 सिटी मॉल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने कार में रखे लेपटाप, चार्जर व चश्मा को पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पत्नी से मारपीट, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया खिलेश्वरी साहू 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका पति आरोपी मनोज साहू ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पेमेंट नहीं देने पर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। छेरीखेड़ी स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में पेमेंट नहीं देने की बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नंदलाल महतो 26 वर्ष गायकवाड़ कालोनी रिको का रहने वाला है। प्रार्थी अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट छेरीखेड़ी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी कुलदीप टंडन ने पेमेंट की बात को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते महिला समेत तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 74 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने यूनियन क्लब के पीछे लोहार गली में आरोपी दीपक साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने आरोपी दीपु चंदेल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब ज्ब्त किया है। इसी तरह राखी पुलिस ने ग्राम निमोरा में एक महिला सोनिया भारती 20 वर्ष को 21 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन पुलिस ने ऑक्सीजोन गार्डन के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ऑक्सीजोन गार्डन के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सुभाष महानंद 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

डोडा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका पुलिस ने डोडा खपाने ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 500 ग्राम डोडा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि हीरापुर मार्ग पेट्रोल पंप के पास एक युवक मादक पदार्थ रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोबिन सिद्दकी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 4 किलो 500 ग्राम डोडा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

वन भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया

कांकेर /नवप्रदेश। अंतागढ़ वन परिक्षेत्र के ग्राम सरंडी एवं एड़ानार के कक्ष क्रमांक आर.एफ 688 में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर कृषि करने की शिकायत पर कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला तथा वन मंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर जाधव श्री कृष्ण के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उप वन मंडलाधिकारी अंतागढ़ और वन परिक्षेत्र अधिकारी अंतागढ़ के नेतृत्व में वन कर्मियों द्वारा उक्त वन भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराया जा कर स्थानीय ग्राम वासियों के सहयोग से उक्त क्षेत्र में पौधारोपण का कार्य कराया गया।

किशोरी से गैंगरेप, तीन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के गोलबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयस्तम्भ चौक स्थित मल्टीलेवल में एक नाबालिग लड़की के साथ तीन लोगों के द्वारा सामूहिक अनाचार का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना 18 और 19 सितंबर की रात की है। जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में 3 लड़कों ने एक 17 साल की युवती से सामूहिक बलात्कार किया। बताया जा रहा है कि युवती अपने बॉयफ्रैंड के साथ उसके दोस्तों से मिलने आई थी। युवती का बॉयफ्रैंड कुछ देर के लिए मल्टीलेवल पार्किंग से बाहर गया हुआ था। तभी लड़की को अकेला पाकर उसके बॉयफ्रैंड के दोस्तों ने मल्टीलेवल पार्किंग के गार्ड रूम में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। दुष्कर्म के बाद युवती ने गोल बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

5-10 रुपए का पेमेंट भी यूपीआई से कर रहे लोग, ऐप की उपयोगिता

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के हजारों खाते फ ोन पे, गूगल पे, पेटीएम जैसे एप से लिंक होने के साथ ही अब लोग 5 रुपए से लेकर 5000 तक का पेमेंट इन्हीं एप के किसी न किसी विकल्प से कर रहे हैं।

लोग एप के माधयम से जितनी भी रकम का पेमेंट कर रहे हैं, उन स भाी की एंट्री बैंक खाते में हो रही है। यानी खाते में पाई पाई का हिसाब अपलोड हो रहा है।

ऐसे में लोग अब जब भी बैंक की पासबुक में ?इंट्री कराने पहुंच रहे हैं, दिक्कत आ रही है, क्योंकि ट्रांजेक्शन इतना ज्यादा हो रहा है कि लोगों की पासबुक छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन से ही तुरंत भर जा रही है। पासबुक में एंट्री फुल होने के बाद बैंक वाले दूसरी पासबुक देने के लिए लोगों से 50 से 100 रुपए तक शुल्क ले रहे हैं। इंकम टैक्स, जीएसटी रिटर्न के अलावा कई कामों के लिए बैंक पासबुक ट्रांजेक्शन की कॉपी जमा करना अनिवार्य होता है। इसलिए लोगों को मजबूरी में आखिरी छह महीने के ट्रांजेक्शन के लिए दूसरी पासबुक लेना ही पड़ रहा है।

बैंक पासबुक की तरह ही बैंक स्टेटमेंट के लिए भी लोगों को शुल्क देना पड़ रहा है। अभी ज्यादातर बैंक वाले स्टेटमेंट के एक पेज के लिए पांच से 10 रुपए तक चार्ज कर रहे हैं। यह रकम स्टेटमेंट लेने वालों के खाते से कट रही है। इस वजह से कई बार लोगों को पता ही नहीं चलता कि स्टेटमेंट के लिए उनके खाते से पैसे लिए जा रहे है। छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन की वजह से पेजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में 50 पेज तक के लिए लोगों को 500 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। आमतौर पर लोगों के स्टेटमेंट कम से कम पांच से दस पेज में तो निकल ही रहे हैं। इसलिए लोगों को 50 से 100 रुपए देने ही पड़ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति की रिपोर्ट के अनुसार रायपुर समेत राज्यभर में दो से तीन साल में ही वॉलेट एप से भुगतान करने वाले लोगों की संख्या 10 गुना तक बढ़ गई है। समिति का दावा है कि जहां-जहां इंटरनेट की कनेक्टिविटी है वहां लगभग सभी बैंक खाते वाले लोग वॉलेट एप से ही रकम का भुगतान कर रहे हैं। अभी शहर का ऐसा कोई बाजार या दुकान नहीं है जहां ऑनलाइन पेमेंट के लिए स्कैनर न लगा हो। छोटे-छोटे ठेलों से बड़े-बड़े शो रूम तक ऑनलाइन पेमेंट के लिए स्कैनर लगे हैं। दरअसल कोई भी स्कैनर बनाने वाली कंपनियां दुकानदारों को फ्री में स्कैनर बनाकर देती है। इसलिए सभी दुकानदार इसे अपनी दुकान में लगवा लेते हैं।

महंगा टमाटर, अब कौड़ियों के दाम

रायपुर/नई दिल्ली/ नवप्रदेश। कुछ महीने पहले तक 250 से 300 रुपये प्रति किलो तक बिकने वाला टमाटर का भाव अब गिरकर 3 रुपये किलो पहुंच गया है। दरअसल, थोक कारोबारी किसान से इसी भाव में टमाटर खरीद रहे हैं। टमाटर के भाव में बड़ी गिरावट आने से किसानों को पैदावार का खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के किसानों पर हुआ है। इन राज्यों में बंपर पैदावार ने बाजार में टमाटर की सप्लाई बढ़ा दी है। इसके चलते अगस्त में 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचने के बाद अब कीमतें गिरकर 3-10 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर गईं हैं।

सरकार उठा सकती है कदम

टमाटर की कीमत तेजी से गिरने के बाद किसानों की हितों की रक्षा के लिए सरकार कदम उठा सकती है। सरकार उन क्षेत्रों में किसानों से सीधे टमाटर खरीद सकती है, जहां स्थानीय बाजार में भरपूर फसल के कारण कीमतें गिर गई हैं। सूत्रों के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) का उपयोग उन संकटग्रस्त किसानों को राहत देने के लिए खरीदारी करने के लिए किया जाएगा, जिन्होंने अपनी फसल को मवेशियों के चारे के रूप में डंप करना शुरू कर दिया है, क्योंकि कीमतें कुछ क्षेत्रों में परिवहन लागत को भी कवर नहीं कर रही हैं। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को देश के अन्य हिस्सों में टमाटर की औसत थोक और खुदरा कीमतें क्रमशः 30 रुपये और 16 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास थीं।

खुदरा बाजार में कीमत 20 रुपये प्रति किलोग्राम

थोक बाजार में जरूर कीमतें गिरकर 3 रुपये प्रति किलो आ गई है लेकिन खुदरा बाजार में अब भी टमाटर 18 से 20 रुपये प्रति किलो बिक रही है। यानी 6 से 8 गुना अधिक भाव पर टमाटर की बिक्री की जा रही है, लेकिन इसका फायदा किसानों को नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि कीमत बढ़ने पर उनको फायदा नहीं मिला क्योंकि जमाखोर या होर्डिंग करने वाले कमाई किए। किसानों का हाथ उस समय भी खाली था और अब भी है।

युवक की हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव

बेमेतरा/गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दो अलग-अलग जिलों में हत्या की घटना हुई है. हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है. बेमेतरा जिले में एक युवक की हत्या कर अज्ञात आरोपियों ने लाश को सड़क किनारे फेंक दिया है. वहीं गरियाबंद जिले में जमीन विवाद के चलते छोटे भाई की डंडे से पीट-पीटकर बड़े भाई ने हत्या कर दी है. दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुट गई है. बेमेतरा जिले के नादघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मल्दा में एक युवक की लाश मिली है. मृतक युवक का नाम गणेश यादव उम्र 19 वर्ष है. बुधवार की आधी रात अज्ञात आरोपी युवक की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद उसकी लाश को सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए. मामले में नादघाट पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.

फुटकर व्यवसाइयों को कम ब्याज पर लोन

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन एवं लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम ने शहरी पथ विक्रेताओं को विभिन्न योजनाओं से जोड़े जाने हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया है। स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत 10000 तथा 20000 रुपये ऋण प्राप्त कर चुके पथ विक्रेताओं का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग किया जा रहा है!इस योजना में ऐसे पथ विक्रेता जिन्होंने पूर्व में स्वनिधि योजना अंतर्गत लोन का लाभ लिया हैं उनके परिवार का सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग किया जा रहा है।ताकि इन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा सके । स्व निधि से समृद्धि योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना ,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जन धन योजना , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,जननी सुरक्षा योजना , BOCW के तहत पंजीकरण, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना तथा पी एम मातृ वंदना योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से पथ विक्रेता व उनके परिवार के सदस्यों को पात्रता के आधार पर लाभान्वित किया जाएगा। इस कार्य को करने हेतु राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन दुर्ग टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है स्व निधि से समृद्धि योजना के सफल संचालन हेतु स्वनिधि योजना से लाभान्वित पथ विक्रेताओं से अपील की जाती है कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा अपना व अपने परिवार का आधार कार्ड लाकर अपना सामाजिक आर्थिक प्रोफाइलिंग ऑनलाइन करा लें।

ऑनलाइन सट्टा : सटोरिया नंदू समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा में ऑनलाइन सट्टा संचालक नंदलाल लालवानी गुट और दूसरे पक्ष के बीच पैसों की लेन देन को लेकर विवाद हुआ, जिसको लेकर मामला पुलिस तक पहुंचा। इन गुटों के खिलाफरिपोर्ट पर अपराध दर्ज किए। अपराध पंजीबद करने के बाद आज सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा आज सात लोगों को जेल भेजा गया। साथ ही महिलाओं को जमानत मुचलका में छोड़ा गया। इस पूरे मामले में कांग्रेस नेता नंदलाल लालवानी राष्ट्रीय सचिव राहुल प्रियंका सेना को भी जेल भेजा गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, तिल्दा नेवरा में काफी अरसे से नंदू लालवानी के द्वारा सट्टे का व्यवसाय किया जा रहा है। उनके द्वारा चलाए जा रहे सट्टे की पूरी जानकारी तिल्दा पुलिस से लेकर रायपुर के बड़े अधिकारियों के साथ क्राइम ब्रांच को भी है, लेकिन इस सटोरियों के द्वारा पानी के तरह बहाए जाने वाले पैसों ने सभी का मुंह बंद कर रखा है। लोगों का कहना है कि पुलिस इस सटोरिया को सिर्फसट्टे के कारोबार चलाने में ही सहयोग नहीं करती। बल्कि उनके इशारे पर लोगों को लॉकअप में बंद कर सटोरियों के पैसों की वसूली करने में भी सहयोग करती है।

सड़क बनीं दलदल, लोग परेशान, जिम्मेदार उदासीन

बकावंड/नवप्रदेश। विकासखंड बकावंड में विकास के दावे की हवा जनपद पंचायत के अधिकारी और सरपंच व सचिव निकाल रहे हैं। इनकी विकास विरोधी करतूतों के कारण प्रदेश की कांग्रेस सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

जनपद पंचायत के अधिकारियों, पंचायत सचिव और सरपंच की मनमानी एवं लापरवाही का खामियाजा शालेय विद्यार्थियों, ग्रामीण महिलाओं और लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बस्तर विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल इस इलाके में विकास और सड़को के निर्माण हेतु राशि देने की बात तो करते है, लेकिन वे जनपद अधिकारी, सरपंच, सचिव की कारगुजारियों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं। इसीलिए विधायक की सारी कोशिशों पर पानी फिर जाता है।

ग्राम पंचायत जैबेल 2 के भगत पारा के छात्र एवं छात्राओं एवं ग्रामीण को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों का विकास विरोधी चेहरा बकावंड जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जैबेल -2 में सामने आया है। ग्राम पंचायत जैबेल 2 के भगत पारा में रास्ता इतना खराब है कि उस पर आवाजाही करना दुघर्टना का कारण बन रहा है। सड़क की दुर्दशा पर सरपंच व सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वार्ड पंच अजमेर ने बताया कि यहां के स्कूल छात्र - छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवाजाही करते समय गिरकर के कई विद्यार्थी गंभीर रूप से चोटिल भी हो चुके हैं। पगडंडीनुमा यह सड़क मिट्टी से बनी है और बारिश के मौसम में कीचड़ से सराबोर हो गई है। इस सड़क पर एक कदम भी चल पाना मुश्किल है। विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर इसी सड़क पर सफर कर स्कूल जाते हैं।

अब फाइनेंस कंपनी पर उपभोक्ता आयोग का प्रबल प्रहार

पक्ष में आया फैसला तो गदगद हुआ पीड़ित

- **उपभोक्ता फोरम में पीड़ितों को मिल रहा न्याय**

कांकेर /नवप्रदेश। गत 13 सितंबर को जिला उत्तर बस्तर उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग द्वारा एक और फाइनेंस कंपनी पर उसकी बहाने बाजी की पोल खोलते हुए प्रबल प्रहार किया गया है, जिसकी सारे जिले में प्रशंसात्मक चर्चा की जा रही है। प्रकरण के अनुसार देवप्रसाद निषाद पिता स्वर्गीय कृष्णा राम निषाद उम्र 54 वर्ष ग्राम पटौद कांकेर ने श्रीराम इक्विपमेंट फाइनेंस कंपनी से कर्ज लेकर 13 लाख 95000/- किस्त अदा कर जेसीबी मशीन का सौदा डायनेमिक जेसीबी डीलर सिंगारभाट कांकेर से किया किंतु उसे दस्तावेज प्रदान नहीं किए गए। वाहन पंजीयन हेतु फार्म 24 भी प्रदान नहीं किया गया और वाहन को बिना किसी को सूचना के अनुचित रूप से कब्जा कर उठा ले गए। जो कि सेवा में कमी तथा व्यावसायिक कदाचरण का जीता जागता उदाहरण है। इससे विक्षुब्ध होकर उपभोक्ता देवप्रसाद निषाद ने अपनी रकम तथा मानसिक पीड़ा क्षतिपूर्ति की राशि ? 1,00,000/- प्राप्ति हेतु परिवाद ,उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 12 के तहत प्रस्तुत किया। परिवाद में यह भी बताया गया है कि श्री राम इक्विपमेंट फाइनेंस कंपनी द्वारा उन्नत कृषि एवं अधिक आय अर्जित करने आसान किस्तों में जेसीबी 3ष्ङ्ग प्रदान करने की बातों से प्रभावित कर रकम फाइनेंस करवाई गई, 46 किस्तों में 55000/- प्रति माहके हिसाब से देने की बात हुई, जिसके साथ ?5000/- बीमा के लिए अतिरिक्त राशि भी जमा करनी होगी, तभी उसकी कंपनी वाहन का फॉर्म 20 एवं बीमा पॉलिसी बांड व रसीद देगी। परिवादी द्वारा गाड़ी की किस्त तथा बीमा हेतु चेक द्वारा 65,051/- रुपए दिनांक 3 1 2014 को अदा किया गया, फिर भी उसे फॉर्म 20 एवं बीमा पॉलिसी प्रदान नहीं की गई। जबकि वह ? 55,000/- की मासिक किस्त तथा बीमा के 5,000/- कुल 60,000/- प्रति माह अदा करता रहा था। इस प्रकार कुल 1,39,5000/- अदा करने के बाद भी फाइनेंस कंपनी तथा जेसीबी डीलर द्वारा उसे परेशान किया जाता रहा और फॉर्म 20 नहीं दिया गया, जिससे वह रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाया, ऊपर से आरटीओ कांकेर ने ओवरड्यू चार्ज लगा दिया, जिसके कारण वह गाड़ी का उपयोग भी नहीं कर पाया, गाड़ी खड़ी रही, उससे उपभोक्ता कोई लाभ भी नहीं उठा पाया और उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई । इसके बाद भी बिना सूचना उसकी अनुपस्थिति में जेसीबी डीलक्स को एक प्रकार से चोरी जैसी हरकत करते हुए उठा ले गए। इसे सेवा शर्तों में उल्लंघन तथा सेवा में कमी माना गया है।दावेदार ने अपने पक्ष के समर्थन में स्वयं का शपथ पत्र एवं साक्षी श्री राम कुंजम तथा मनोहर साहू की साक्षी पेश कर समस्त आवश्यक दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। उसकी इतनी बड़ी रकम फँसी हुई है और उन्नत कृषि की तो बात ही नहीं सोच सकता, मानसिक परेशानी भी बनी हुई है। इस प्रकार फाइनेंस कंपनी तथा जेसीबी डीलर द्वारा एक गरीब किसान को उन्नत कृषि से अधिक लाभ के सपने दिखाकर अन्याय करते हुए उसे पहले से भी अधिक गरीब बना दिया गया। सारे तथ्यों पर गंभीरता पूर्व विचार करते हुए उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सुजाता जसवाल तथा सदस्य डाकेश्वर सोनी महोदय ने जो फैसला सुनाया है ,उसके अनुसार सेवा में कमी तथा व्यावसायिक कदाचरण प्रमाणित है। आयोग ने न्याय दृष्टांत उड़ीसा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड विरुद्ध अभिमन्यु साहू के सन् 2009 के मामले की नजीर प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट फैसला सुनाया है कि देवप्रसाद निषाद के साथ वास्तव में अन्याय हुआ है। फैसले में सर्वोच्च न्यायालय की एक नजीर भी प्रस्तुत की गई है जिसमें बैंक विरुद्ध प्रकाश कौर के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट प्रतिपादित किया गया है कि ÷कर्ज की वसूली या वाहनों की जब्ती केवल कानूनी तरीकों से हो सकती है।

आधिपत्य जबरदस्ती नहीं लिया जा सकता है।÷ अनावेदक गण परिवादी देवप्रसाद निषाद को 9,08,515/- रुपए तथा वाद प्रस्तुत होने के दिनांक 28 9 2016 से 7% वार्षिक की दर से ब्याज एक माह के भीतर प्रदान करेंगे। यदि इसमें असफल रहे तो उक्त राशि पर 9% वार्षिक की दर से ब्याज लागू हो जाएगा। मानसिक पीड़ा एवं क्षतिपूर्ति राशि ? 50,000/- भी एक माह के अंदर प्रदान करेंगे। परिवाद व्यय ? 5,000/- भी प्रदान करना होगा। उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के इस फैसले से समस्त जिले में हर्ष है एवं आयोग के द्वारा पीड़ित के पक्ष में किए गए न्याय की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।